का वर्णन करेंगे वे प्रमाणादिक विषय हैं। इन विषयों से और इस ग्रन्थ से प्रतिपाद्यप्रतिपादकभाव अर्थात् यह ग्रन्थ प्रतिपादन करता है और प्रमाणादिक पदार्थ प्रतिपादित होते हैं यही सम्बन्ध है। और इस ग्रन्थ के पढ़ने का फल वही तत्वज्ञान है जो इस ग्रन्थ से प्राप्त होगा ॥

अब जिस क्रम से परमपुरुषार्थ की प्राप्ति में तत्वज्ञान उपकारक है सो द्वितीय सूत्र में कहते हैं ॥

परमपुरुषार्थ की प्राप्ति में तत्वज्ञान उपकारक है क्योंकि तत्वज्ञान के होने से मिथ्याज्ञान का नाश होता है। और जब तक कि मिथ्याज्ञान का नाश नहीं होता तब तक अनुचित रागादि जो मिथ्याज्ञान से उत्पन्न हुए हैं उन का भी नाश नहीं होता। और जब तक अनुचित रागादिकों का नाश नहीं होता तब तक कुप्रवृत्ति जो अनुचित रागादि कों से उत्पन्न होती हैं वे भी नष्ट नहीं होतीं। और जब तक कुप्रवृत्तियों का नाश नहीं होता तब तक दुख भी नष्ट नहीं होता ॥ २ ॥

मिथ्याज्ञान से अनुचित रागादिकों की उत्पत्ति होती है। उन अनुचित रागादिकों से कुप्रवृत्ति होती हैं। और कुप्रवृत्तियों से दुख होता है इस से यह बात सिद्ध हुई कि दुख का एक विशेष कारण मिथ्याज्ञान है। इस लिये जो २ दुख मिथ्याज्ञान से उत्पन्न होते हैं तिन के दूर करने में तत्वज्ञान उपकारक है क्योंकि वह मिथ्याज्ञान का नाशक है। और जब तक दुख का नाश नहीं होता तब तक परमपुरुषार्थ का भी सम्भव नहीं। अब यह न समझो कि केवल तत्वज्ञान ही के होने से सब दुख दूर हो जावें और परमपुरुषार्थ की प्राप्ति हो। बरन तत्वज्ञान से उन ही दुखों का नाश होता है जिन की उत्पत्ति मिथ्याज्ञान से होती है ॥

अब जिन पदार्थों की गिनती पहिले सूत्र में कर आए हैं उन का वर्णन भिन्न २ करते हैं । उन में से पहिले प्रमाण का क्योंकि पहिले उसी का उद्देश है ॥

प्रमाण दो प्रकार का है प्रत्यक्ष और अनुमान॥ ३ ॥

प्रमाण कहिए प्रमा का करण अर्थात् साधन । प्रमा कहते हैं यथार्थ ज्ञान को । इस से यह अर्थ निकला कि जिन इन्द्रियादि पदार्थों से यथार्थ ज्ञान होता है उन को प्रमाण कहते हैं । सो दो प्रकार का है प्रत्यक्ष और अनुमान ॥

अब प्रत्यक्ष प्रमाण का वर्णन करते हैं ॥

प्रत्यक्ष प्रमाण उस यथार्थज्ञान का करण है जो इन्द्रिय और अर्थ के सन्निकर्ष से उत्पन्न होता है ॥ ४ ॥

पांच इन्द्रिय प्रसिद्ध हैं। अर्थों और इन्द्रियों के सम्बन्ध से जो यथार्थज्ञान उत्पन्न होता है तिस के करण चक्षुरादि इन्द्रियों को प्रत्यक्ष प्रमाण कहते हैं घ्राण रसन चक्षु त्वक् श्रोत्र ये ही प्रत्यक्ष प्रमाण कहलाते हैं । इन्द्रियों के अर्थ इन्द्रियों के विषय हैं । जैसे रूप आंख में रहनेवाले चक्षुष् नाम इन्द्रिय का विषय है ॥

अब अनुमान प्रमाण का लक्षण करते हैं ॥

प्रत्यक्षपूर्वक अनुमान तीन प्रकार का है पूर्ववत् शेषवत् और सामान्यतो दृष्ट ॥ ५ ॥

किसी अदृष्ट पदार्थ के अनुमान करने में पहिले प्रत्यक्ष की अपेक्षा रहती है क्योंकि यदि धूम देखें तो अनुमान कर सकते हैं कि आग है। परन्तु

जहां कुछ भी प्रत्यक्ष नहीं है वहां किस रीत से अनुमान कर सकेंगे। इस लिये अनुमान प्रत्यक्षपूर्वक कहलाता है सो तीन प्रकार है। पूर्ववत् शेषवत् और सामान्यतो दृष्ट ॥

पूर्ववत् उस अनुमान को कहते हैं जहां किसी कारण को प्रत्यक्ष प्रमाण से ज्ञात करके उस के कार्य की सम्भावना करते हैं। जैसा बादलों का समागम पानी बरसने का कारण है उस को देखके पानी बरसने की सम्भावना करते हैं। ऐसा अनुमान पूर्ववत् कहलाता है ॥

शेषवत् उस को कहते हैं जहां किसी कार्य को प्रत्यक्ष प्रमाण से ज्ञात करके उस के कारण का निश्चय करते हैं। जैसा नदी का पूर्णत्व और उस के बहने की शीघ्रता देखके निश्चय करते हैं कि पानी बरसा है अथवा कि हिम गल गया है ॥

और सामान्यतो दृष्ट वह कहलाता है जहां ऐसे पदार्थ के द्वारा अनुमान करते हैं जो न कार्य हो न कारण। जैसे कोई मनुष्य किसी जगह में एक मीराते हुए आम के पेड़ को देखकर निश्चय करता है कि और आम के पेड़ भी और जगहों में मीराते होंगे यहां आम्रत्व जाति के द्वारा उन के मीराने का अनुमान हुआ। परन्तु वह आम्रत्व मीराने का कारण नहीं है और कार्य भी नहीं परंतु आम्र वृक्ष का सामान्य है। इस लिये यह अनुमान सामान्यतोदृष्ट कहलाता है ॥

अब जाना चाहिए कि गौतम के न्यायशास्त्र में उपमान और शब्द ये और भी दो प्रमाण गिने जाते हैं। और वे दोनों सचमुच प्रमाण हैं। परन्तु कणाद कहता है कि उन दोनों का अनुमान ही में अन्तर्भाव हो सकता है और यह हमारा भी मत है। इस लिये उन का विशेष उद्देश तीसरे सूत्र में नहीं किया। अब उन का वर्णन करते हैं। तिन में पहिले उपमान का ॥

किसी प्रसिद्ध वस्तु के साधर्म्य से साध्य का साधन उपमान है ॥ ६ ॥

उदाहरण। मानो कि कोई मनुष्य है जो गाय को जानता है परन्तु गवय को नहीं जानता उस ने किसी वनवासी के मुंह से सुना कि गवय गाय के सदृश होता है। इस के अनन्तर वह वन में गया और वहां जाके

एक जन्तु को देखा जो गाय के सदृश है। तब वह मनुष्य अनुमान करता है कि यही गवय है। यहां प्रसिद्ध वस्तु गौ है। उस के साधर्म्य से अर्थात् गवय में उस की समानता के देखने से साध्य का अर्थात् यही गवय है इस अर्थ का साधन हुआ ॥

अब शब्द प्रमाण का वर्णन करते हैं ॥

आप्त का उपदेश शब्द प्रमाण है ॥ ७ ॥

आप्त वही है जो सच बात बोला करता है। अब शब्द का विभाग करते हैं॥

शब्द दो प्रकार का है दृष्टार्थ और अदृष्टार्थ ॥ ८ ॥

दृष्टार्थ उस को कहते हैं जिस के उच्चारण से ऐसे अर्थ की प्रतीति हो जो साक्षात् ज्ञात होता है। जैसे गंगादि शब्द। और अदृष्टार्थ उस को कहते हैं जिस के उच्चारण से वह अर्थ बूझा जावे जो साक्षात् ज्ञात नहीं। जैसे स्वर्गादि शब्द ॥

अब प्रमाणसाध्य प्रमेय का उद्देश करते हैं ॥

आत्मा शरीर इन्द्रिय अर्थ बुद्धि मन प्रवृत्ति रागादि सांसारिक जीवन फल दुख आदि और परमपुरुषार्थ ये सब प्रमेय कहलाते हैं ॥ ९ ॥

अब आत्मा का लक्षण कहते हैं ॥

इच्छा द्वेष प्रयत्न सुख दुख ज्ञान ये सब आत्मा के लक्षण हैं ॥ १० ॥

अर्थात् आत्मा से अतिरिक्त ये किसी दूसरे पदार्थ में नहीं रहते क्योंकि लक्षण उसी को कहते हैं जो केवल उसी में रहे। जैसे सास्नादि गौ का लक्षण है ॥

अब शरीर का लक्षण कहते हैं ॥

चेष्टा इन्द्रिय सुख और दुख इनका आश्रय शरीर है ॥ ११ ॥

चेष्टा एक व्यापार विशेष है जो प्रयत्न से उत्पन्न होता है। इन्द्रिय चक्षुष इत्यादि हैं। यदि कोई प्रश्न करे कि सुख औ दुख ये तो आत्मा के गुण हैं शरीर इन का आश्रय क्योंकर हुआ तो इस का उत्तर यह है कि शरीर में स्थित होकर आत्मा सुख दुख का भोग करता है। इससे शरीर भी उन का आश्रय है ॥

अब इन्द्रियों का वर्णन करते हैं ॥

घ्राण रसन चक्षु त्वक् श्रोत्र ये पांच इन्द्रिय हैं जिन के द्वारा भूतोत्पन्न द्रव्यों के गुण का ज्ञान होता है ॥ १२ ॥

भूतोत्पन्न द्रव्य वृक्ष पाषाण इत्यादि हैं। और भूत उन को कहते हैं जिन से इन द्रव्यों की उत्पत्ति होती है। प्राचीन मत में पांच भूत हैं परन्तु आधुनिक मत में भूत पचास से अधिक ठहराए गए हैं ॥

अब जिन भूतों से भौतिक द्रव्यों की उत्पत्ति होती है सो कहते हैं ॥

सुवर्ण इत्यादि भूत हैं ॥ १३

प्राचीन मत में पांच भूत हैं पृथिवी जल तेज वायु और आकाश अर्थात् मिट्टी पानी प्रकाश वायु और आकाश। परन्तु इन दिनों में भूत उसी को कहते हैं जो अनेक द्रव्यों से उत्पन्न नहीं हुआ है। जैसा सुवर्ण भूत कहलाता है क्योंकि सुवर्ण के टुकड़े में सुवर्ण से अतिरिक्त और कुछ भी नहीं ज्ञात होता है। परन्तु दूध भूत नहीं है क्योंकि दूध में पानी और घी इत्यादि मिश्रित हैं।

अब इन्द्रियों के अर्थों को अर्थात् विषयों को कहते हैं ॥

गन्ध रस रूप स्पर्श शब्द ये भौतिक द्रव्यों के गुण इन्द्रियों के अर्थ कहलाते हैं ॥ १४॥

घ्राण इन्द्रिय गन्ध गुण का ग्राहक है । रसन इन्द्रिय रस गुण का ग्राहक है । चक्षु इन्द्रिय रूप गुण का ग्राहक है । श्रोत्र इन्द्रिय शब्द गुण का ग्राहक है ॥

अब बुद्धि का वर्णन करते हैं ॥

बुद्धि उपलब्धि और ज्ञान ये तीनों एक ही अर्थ में कहे जाते हैं ॥ १५ ॥

अब मन का वर्णन करते हैं ॥

जिस के रहने से एक काल में अनेक ज्ञान नहीं उत्पन्न होते वही मन है ॥ १६ ॥

जिस से एक काल में एक ही आत्मा में अनेक ज्ञान की उत्पत्ति नहीं होती वह धर्म मन का लक्षण है ॥

अब प्रवृत्ति का लक्षण कहते हैं ॥

प्रवृत्ति वही है जिस से बुद्धि और शरीर की चेष्टा का आरम्भ होता है ॥ १७ ॥

जो कहो कि वाक् की चेष्टा का आरम्भ भी प्रवृत्ति ही से होता है फिर सूत्र में दो ही क्यों कहे तो इस का उत्तर यह है कि वाक् भी शरीर ही में अन्तर्गत है । इस लिये इस को पृथक् नहीं लिखा ॥

अब रागादि का लक्षण कहते हैं ॥

रागादि का लक्षण प्रवर्तना है ॥ १८ ॥

प्रवृत्ति का हेतु होना यही प्रवर्त्तना कहलाती है। राग और द्वेष प्रवृत्ति के हेतु हैं। जिस विषय में राग रहता है उस की प्राप्ति के लिये पुरुष यत्न करता है। जिस विषय में द्वेष है तिस से बचने के लिये यत्न करता है ॥

अब सांसारिक जीवन का लक्षण कहते हैं ॥

इस लोक के देह से आत्मा का संयोग सांसारिक जीवन कहलाता है ॥ १९ ॥

अब फल का लक्षण कहते हैं ॥

जो सुख वा दुख प्रवृत्ति से प्राप्त होता है सो फल कहलाता है ॥ २० ॥

प्रवृत्ति दो प्रकार की है उचित और अनुचित। उचित प्रवृत्ति का फल सुख है और अनुचित प्रवृत्ति का फल दुख है ॥

अब दुख का लक्षण कहते हैं ॥

बाधना जिस का रूप है सो दुख है ॥ २१ ॥

यहां बाधना शब्द का अर्थ पीड़ा है। इस से यह अर्थ निकला कि पीड़ा को दुख कहते हैं ॥

अब परमपुरुषार्थ का वर्णन करते हैं ॥

परमेश्वर के प्रसाद से जो अत्यन्त सुख आत्मा को हो सकता है सो परमपुरुषार्थ है ॥ २२ ॥

इस संसार का सुख दुख से मिश्रित है। परंतु परलोक में जो सुख परमेश्वर अपने सेवकों को देगा तिस में दुख का मिश्रण नहीं बरन वह शुद्ध और अनन्त होगा ॥

॥ प्रमेय प्रकरण समाप्त हुआ ॥

अब संशय का वर्णन करते हैं ॥

संशय वह ज्ञान है जो विशेष का प्रत्यक्ष न रहते और विशेष की स्मृति रहते सामान्य के प्रत्यक्ष से उत्पन्न होता है ॥ २३ ॥

उदाहरण। अब कोई मनुष्य किसी ऐसे पदार्थ को देखता है जो दूर से देखने में मनुष्य और खंभा इन दोनों के समान ज्ञात होता है तो उसको स्मरण होता है कि मनुष्य का आकार ऐसा है और स्थाणु का ऐसा। परंतु यह निश्चय नहीं होता कि इसका आकार ठीक २ कैसा है मनुष्य का वा स्थाणु का। तो उसके मन में यह ज्ञान होता है कि यह मनुष्य है किंवा स्थाणु। इसको संशय कहते हैं ॥

अब प्रयोजन का वर्णन करते हैं ॥

जिस अर्थ की प्राप्ति के लिये यत्न करते हैं सो ई प्रयोजन कहलाता है ॥ २४ ॥

अब दृष्टान्त का लक्षण कहते हैं ॥

जिस पदार्थ में लौकिक और परीक्षक इन दोनों की बुद्धि का अविरोध होता है उसे दृष्टान्त कहते हैं ॥ २५ ॥

यहां लौकिक कहिये सीखनेवाला और परीक्षक कहिये सिखानेवाला दूस प्रकार से दृष्टान्त वही है जो मतविरोध का विषय नहीं। जैसा किसी शिक्षक ने किसी पुरुष के समझाने को कहा कि पर्वत वन्हिमान् है दूस लिये कि धूमवान् है। क्योंकि जो जो धूमवान् है सो वन्हिमान् है जैसे महानस अर्थात् रसोई का घर। तैसा यह है। दूस कारण पर्वत वन्हिमान् है। अथवा समुद्र में वन्हि नहीं है दूस लिये कि वह जलमय है। क्योंकि जो जो जलमय है वहां वन्हि नहीं रहती जैसे महाह्रद। तैसा समुद्र है। दूस कारण समुद्र में भी वन्हि नहीं। दून दोनों उदाहरणों में महानस में वन्हि है और महाह्रद में वन्हि नहीं। दूस बात को सीखनेवाला और सिखानेवाला ये दोनों स्वीकार करते हैं। दूस लिये वे दोनों दृष्टान्त हैं॥

॥ न्याय के पूर्वाङ्ग का प्रकरण समाप्त हुआ ॥

अब सिद्धान्त का वर्णन करते हैं॥

सिद्धान्त उसको कहते हैं जो शास्त्र में स्वीकृत है और जिसके प्रमाण शास्त्र से ज्ञात होते हैं॥ २६॥

जैसा मीमांसाशास्त्र में शब्द नित्य कहलाता है और न्यायशास्त्र में अनित्य कहलाता है। सो मीमांसाशास्त्र में शब्द का नित्यत्व सिद्धान्त है क्योंकि मीमांसाशास्त्र में शब्द का नित्यत्व स्वीकृत है यद्यपि न्याय-शास्त्र में नहीं॥

अब सिद्धान्त का विभाग करते हैं॥

सर्वतन्त्रसिद्धान्त प्रतितन्त्रसिद्धान्त अधिकरणसिद्धान्त और अभ्युपगमसिद्धान्त ये चार सिद्धान्त हैं॥ २७॥

अब सर्वतन्त्रसिद्धान्त का लक्षण कहते हैं॥

सर्वतन्त्रसिद्धान्त वही कहलाता है जो एक शास्त्र में स्वीकृत होकर सर्वशास्त्रों से अविरुद्ध है॥ २८॥

जैसा वस्तु की सिद्धि प्रमाण से होती है। यह बात न्यायशास्त्र में स्वीकृत है और यह बात किसी शास्त्र से विरुद्ध नहीं है॥

अब प्रतितन्त्रसिद्धान्त का लक्षण कहते हैं॥

प्रतितन्त्रसिद्धान्त वही कहलाता जो किसी एक शास्त्र में स्वीकृत है परंतु और शास्त्रों से विरुद्ध है॥ २९॥

जैसा सूर्य के आसपास भूगोल का घूमना यह केवल आधुनिक शास्त्र में स्वीकृत है परन्तु प्राचीन शास्त्र से विरुद्ध है॥

अब अधिकरणसिद्धान्त का लक्षण कहते हैं॥

अधिकरणसिद्धान्त वही कहलाता है जिसकी सिद्धि से किसी और प्रकरण की सिद्धि होती है॥ ३०॥

जैसा जब यह बात सिद्ध हुई कि संसार जन्य अर्थात् ईश्वर का बनाया हुआ है तो यह भी सिद्ध होता है कि वह सर्वज्ञ है क्योंकि कर्ता वही होता है जो जानता है कि अमुक कारण से अमुक कार्य की उत्पत्ति होती है। यदि संसार जन्य न होता तो किस कारण से जानते कि ईश्वर सर्वज्ञ है॥

अब अभ्युपगमसिद्धान्त का लक्षण कहते हैं॥

जो बात सूत्र में नहीं कही गई है परंतु ज्ञान होता है कि यह सूत्रकार को अभिमत है वह अभ्युपगमसिद्धान्त कहलाता है॥ ३१॥

जैसा गौतम के सूत्रों में मन इन्द्रिय कहीं नहीं कहा है परन्तु स्पष्ट ज्ञान होता है कि गौतम की समझ में मन इन्द्रिय है॥

॥ न्यायाश्रयसिद्धान्तप्रकरण समाप्त हुआ॥

अब अवयवों का लक्षण और विभाग करते हैं ॥

प्रतिज्ञा हेतु उदाहरण उपनय निगमन ये ५ अवयव कहलाते हैं ॥ ३२ ॥

अब प्रतिज्ञा का लक्षण कहते हैं ॥

साध्य का निर्देश प्रतिज्ञा कहलाता है ॥ ३३ ॥

जैसा पर्वत वन्हिमान् है यह प्रतिज्ञा है । यहां वन्हि साध्य है ॥

अब हेतु का लक्षण और विभाग करते हैं ॥

जिसके द्वारा साध्य की सिद्धि होती है उसको हेतु कहते हैं । परन्तु यह हेतु साध्य का साधक दो प्रकार से है कहीं उदाहरण के साधर्म्य से और कहीं वैधर्म्य से ॥ ३४ ॥

साध्य का साधन यह तो हेतु का सामान्य लक्षण है । हेतु दो प्रकार का है उदाहरण के साधर्म्य से और उदाहरण के वैधर्म्य से । साधर्म्य अन्वय कहलाता है और वैधर्म्य व्यतिरेक कहलाता है । यदि पर्वत में वन्हि साध्य है तो धूम जो देख पड़ता सो हेतु हो सकता । सो आगे कहेंगे । जाना चाहिये कि जिस अवयव में हेतु प्रदर्शित है वह अवयव भी हेतु कहलाता है ॥

अब उदाहरण का लक्षण कहते हैं ॥

उस दृष्टान्त को उदाहरण कहते हैं जो साध्य के साधर्म्य से साध्यरूप धर्म को जनावे ॥ ३५ ॥

यह तो अन्वयी उदाहरण है । व्यतिरेकी उदाहरण आगे कहेंगे ॥

यदि धूम हेतु से पर्वत में वन्हि साध्य होवे तो महानस उदाहरण होगा। जैसे जब मनुष्य देखता है कि महानस में से धूम उठ रहा है तो वहां जाकर देखता है कि वन्हि भी है। इसी प्रकार से अनेक स्थानों में जहां २ धूम देखता वहां सर्वत्र वन्हि भी देखा है। तो उसको यह निश्चय होता है कि जहां २ धूम रहता है वहां सर्वत्र वन्हि भी। व्यापक उसको कहते हैं जो अधिक देश में रहे। अर्थात् जहां २ व्याप्य रहता है वहां सर्वत्र रहकर उस से अतिरिक्त प्रदेश में भी स्थित हो। जैसा वन्हि यह जहां २ धूम रहता है वहां सर्वत्र रहकर अधिक प्रदेश अर्थात् अयोगोलकादि में भी रहता है जो धूम से रहित है। और धूम व्याप्य है क्योंकि वह अल्प प्रदेश में रहता है। व्याप्य का भाव व्याप्ति कहलाती। व्याप्ति के ग्रहण का उपाय आगे व्याप्तिग्रहोपायप्रकरण में विस्तार से कहेंगे॥

अब व्यतिरेकी उदाहरण का लक्षण कहते हैं॥

व्यतिरेकी उदाहरण अन्वयी उदाहरण का विपरीत है॥ ३६॥

व्यतिरेकी उदाहरण वही है जो दिखाता है कि साध्य के अभाव में साधन का अभाव है। जैसा पर्वत वन्हिमान् है क्योंकि धूमवान् है। जो वन्हिमान् नहीं है वह धूमवान् भी नहीं है जैसे महाह्रद। इस उदाहरण से ज्ञात होता कि जहां साध्य अर्थात् वन्ह्यादिक नहीं रहता वहां साधन अर्थात् धूमादिक भी नहीं रहता॥

जिस अवयव में उदाहरण प्रदर्शित है वह अवयव भी उदाहरण कहलाता है॥

उपनय का लक्षण कहते हैं॥

उदाहरण के अनुसार पक्ष में जो उपन्यास सो उपनय कहलाता है॥ ३७॥

पक्ष उसको कहते हैं जिसके लिये साध्य की प्रतिज्ञा करते हैं। जैसे

पर्वत वन्हिमान् है । इस प्रतिज्ञा में पर्वत पक्ष है क्योंकि उसके विषे साध्य की प्रतिज्ञा की है । अब जाना चाहिये कि जहां अन्वयी उदाहरण रहता है वहां उसी के अनुसार पक्ष का उपन्यास करते हैं । जैसे पर्वत वन्हिमान् है क्योंकि धूमवान् है । जो जो धूमवान् होता है वह सब वन्हिमान् रहता है । जैसे महानस तैसा पर्वत भी है । इस अनुमान में उदाहरण अन्वयी है । इस लिये उसी के अनुसार पक्ष का उपन्यास किया कि तैसा पर्वत भी है । और जहां व्यतिरेकी उदाहरण रहता है वहां उसके अनुसार पक्ष का उपन्यास करते हैं जैसे पर्वत वन्हिमान् है क्योंकि धूमवान् है । जो वन्हिमान् नहीं होता वह धूमवान् भी नहीं होता जैसे महाह्रद । तैसा पर्वत नहीं है । इस अनुमान में व्यतिरेकी उदाहरण है । इस लिये उसके अनुसार पक्ष का उपन्यास किया कि पर्वत तैसा नहीं है । इसी उपन्यास को उपनय कहते हैं । और यह उपन्यास जिस अवयव में रहता है उसको उपनय कहते हैं ॥

अब निगमन का लक्षण कहते हैं ॥

हेतु के कथन से प्रतिज्ञा का जो पुनर्वचन सो निगमन कहलाता है ॥ ३८ ॥

हेतुकथनपूर्वक जो प्रतिज्ञा का पुनःकथन उसे निगमन कहते हैं जैसे पर्वत वन्हिमान् है क्योंकि धूमवान् है । जो जो धूमवान् है वह वन्हिमान् है जैसे महानस । तैसा पर्वत भी है । इस लिये पर्वत वन्हिमान् है । इस अनुमान में हेतुकथनपूर्वक प्रतिज्ञा का पुनःकथन किया कि इस लिये पर्वत वन्हिमान् है । एतादृश कथन जिस अवयव में किया जाता है उसे निगमन कहते हैं ॥

॥ न्यायस्वरूपप्रकरण समाप्त हुआ ॥

अब तर्क का लक्षण कहते हैं ॥

हेतु के उपपादन के द्वारा तत्वज्ञान के लिये जो ऊहा है सो ई तर्क कहलाता है ॥ ३९ ॥

जिस बात के कहने से हेतु के विषय में इस शंका का निरास होवे कि यह

हेतु व्यभिचारी तो नहीं सो ई हेतु का उपपादन है। व्यभिचारी हेतु वह है जो साध्य व्याप्य नहीं। अर्थात् जहां वह हेतु रहता है वहां साध्य नहीं रहता है। जैसे पर्वत धूमवान् है क्योंकि वह वन्हिमान् है। इस अनुमान में वन्हि हेतु है। परंतु वह व्यभिचारी है क्योंकि तप्त लोहे के गोले में वन्हि है और धूम नहीं। जहां किसी समीचीन अर्थात् अव्यभिचारी हेतु के विषय में व्यभिचार की शंका के निरासार्थ जहा करते हैं वही तर्क कहलाता है। जैसे पर्वत वन्हिमान् है क्योंकि धूमवान् है। इस अनुमान में धूमरूप हेतु के विषे यदि कोई शंका करे कि यह व्यभिचारी है तो उसके निरासार्थ यों तर्क करेंगे कि जो वन्हिमान् न होता तो धूमवान् भी न होता॥

अब निर्णय का लक्षण कहते हैं॥

संदेह के अनन्तर स्वपक्ष के स्थापन और प्रतिपक्ष के दूषण करने से जो अर्थ का अवधारण होता है सो निर्णय कहलाता है॥ ४०॥

अर्थात् अपने मत के स्थापन और विरुद्ध मत के खण्डन करने से जो निःसन्देह अर्थ का अवधारण होता है सो निर्णय कहलाता है॥

न्याय के उत्तरांग का प्रकरण समाप्त हुआ॥

अब तर्क के अनन्तर कदाचित् किसी साधु जिज्ञासु का सन्देह न गया और निर्णय न हुआ। तब वाद करना उचित है। उसका लक्षण कहते हैं॥

वाद यही है कि दो मनुष्य जिनके मन में कुछ सिद्धान्तों का विरोध नहीं है पक्ष और प्रतिपक्ष का स्वीकार करके पञ्चावयवप्रयोगपूर्वक प्रमाण और तर्क से अपने मत का स्थापन और दूसरे मत का निषेध करते हैं॥ ४१॥

जो जिज्ञासु साधु नहीं है वह जय की इच्छा से जल्पना करताहै। उसका लक्षण कहते हैं॥

जहां स्वमतसाधन और परमतनिषेध के लिये छल जाति और निग्रहस्थान का प्रयोग होता है वहां जो वाक्यप्रयोग है सो जल्पना कहलाता है ॥ ४२ ॥

छल जाति और निग्रहस्थान इन तीनों का स्वरूप आगे कहेंगे ॥

जिस असाधु जन को जल्पना करने की भी सामर्थ्य नहीं है वह वितण्डा करता है। उसका लक्षण कहते हैं ॥

प्रतिपक्ष के स्थापन से हीन जो जय के लिये वाक्यप्रयोग किया जाता है सो वितण्डा कहलाता है ॥ ४३ ॥

जो एक पक्ष का निषेध करता है उसे चाहिये कि प्रतिपक्ष का स्थापन करे। जो मनुष्य पक्ष का दूषण तो करता है परंतु प्रतिपक्ष के साधन के लिये कुछ यत्न नहीं करता तिसका वाक्यप्रयोग वितण्डा कहलाता है ॥

॥ कथा का प्रकरण समाप्त हुआ ॥

जल्पकों की रीति है कि जब उनके मत के स्थापनार्थ समीचीन हेतु नहीं मिलता तो हेत्वाभासों का प्रयोग करते हैं। कदाचित् कोई साधु भी भ्रम से हेत्वाभास का प्रयोग करेगा। इस लिये हेत्वाभास का लक्षण और विभाग करते हैं ॥

सव्यभिचार और विरुद्ध और प्रकरणसम और साध्यसम और अतीतकाल ये पांच हेत्वाभास कहलाते हैं ॥ ४४ ॥

हेत्वाभास उसको कहते हैं जो हेतु की नाईं भासित होता है परंतु सचमुच हेतु नहीं है। यह दुष्ट हेतु है ॥

अब सव्यभिचार हेत्वाभास का लक्षण कहते हैं ॥

सव्यभिचार हेत्वाभास वही है जो
अनैकान्तिक है ॥ ४५ ॥

अनैकान्तिक उस हेतु को कहते हैं जो व्यभिचाररूप दोष से युक्त है। जैसे पर्वत धूमवान् है। क्योंकि वह्निमान् है। इस अनुमान में हेतु व्यभिचारी है इस लिये कि लोहे के गोले में वह्नि रहती है परंतु धूम नहीं रहता। ऐसे हेतु को सव्यभिचार हेत्वाभास कहते हैं। व्यभिचार कहिए हेतु के अनुचित स्थल में प्रवृत्ति। अर्थात् जहां साध्य नहीं रहता वहां भी रहना। जैसे उक्त उदाहरण में तप्त लोहे के गोले में वह्निरूप हेतु है परंतु वहां धूमरूप साध्य नहीं है। यह दोष जहां रहता है वहां व्याप्तिग्रह नहीं होता। इस लिये तात्पर्य हेतु के द्वारा अनुमिति भी नहीं होती॥

साध्य के अभाव का जो साधक सो विरुद्ध हेत्वाभास कहलाता है॥ ४६॥

जैसा यह द्रव्य वह्निमान् है। क्योंकि महाह्रद है। अब महाह्रद होना वह्नि का हेतु नहीं है वरन वह्नि के अभाव का हेतु है॥

प्रकरणसम हेत्वाभास का लक्षण॥

प्रकरणसम वह कहलाता है जिसके प्रयोग से निर्णय नहीं होता परंतु यह चिन्ता होती है कि क्या इस हेतु से साध्य सिद्ध हुआ अथवा किसी दूसरे हेतु से जो बल में इसके समान है साध्य का अभाव सिद्ध हुआ॥ ४७॥

जैसे शब्द नित्य है। क्योंकि श्रवणेन्द्रिय से जाना जाता है। जैसे शब्दत्व इस बात के सुनने से चिन्ता होती है कि क्या इस हेतु से साध्य की सिद्धि हुई अथवा दूसरे हेतु से साध्य का अभाव सिद्ध हुआ। जैसे शब्द अनित्य है। क्योंकि किया जाता है। जैसे घट। इसी को कितने आचार्यों ने सत्प्रतिपक्ष भी कहा है॥

साध्यसम हेत्वाभास का लक्षण ॥

जैसे साध्य साधनीय है तैसे ही यदि हेतु भी साधनीय होवे तो वह साध्यसम कहलाता है क्योंकि साध्य के सदृश हुआ ॥ ४८ ॥

जैसे किसी ने कहा कि आकाश के फूलों में सुगन्ध है। क्योंकि फूल हैं। जैसे मल्लिका। अब यह निश्चय नहीं है कि आकाश के जो फूल कहे जाते हैं सो सचमुच फूल हैं। इस लिये पहिले यह बात ठहरानी चाहिए कि जो आकाश के फूल कहे जाते हैं वे सचमुच फूल हैं। पीछे से सुगन्ध का अनुमान हो सकेगा ॥

कालातीत हेत्वाभास का लक्षण ॥

काल के व्यतीत भये जो हेतु प्रयुक्त होता है सो कालातीत हेत्वाभास कहलाता है ॥ ४९ ॥

जब कि किसी प्रबल प्रमाण से साध्य का अभाव सिद्ध हुआ है तब समय नहीं है कि उसके साधनार्थ हेतु प्रयुक्त हो। जैसे प्रत्यक्ष प्रमाण से निर्णय हुआ है कि वह्नि उष्ण है। यदि कोई कहे कि वह्नि उष्ण नहीं है क्योंकि छातक है तो ऐसा हेतु नहीं सुना जाता है क्योंकि जब प्रबल प्रमाण से वह्नि की उष्णता निर्णीत हुई तब ऐसे हेतु का काल नहीं है ॥

॥ हेत्वाभास का प्रकरण समाप्त हुआ ॥

पीछे कहा गया है कि भ्रम से साधु जिज्ञासु भी हेत्वाभास का प्रयोग कर सकता है। अब जिन छलों का केवल धूर्त लोग प्रयोग करते हैं तिनका वर्णन करते हैं ॥

अर्थान्तर की कल्पना के द्वारा वादी के वचन का दूषण करना यही छल कहलाता है ॥ ५० ॥

अब छल का विभाग करते हैं ॥

छल तीन प्रकार का है वाक्छल सामान्यछल और उपचारछल ॥ ५१ ॥

अब वाक्छल का लक्षण कहते हैं ॥

जब वादी किसी अनेकार्थक शब्द का प्रयोग करे तब उसके अभिप्रेतार्थ से किसी विरुद्ध अर्थ की कल्पना करना वाक्छल कहलाता है ॥ ५२ ॥

जैसा किसी ने कहा कि यह पुरुष नेपाल से आया है क्योंकि नव कम्बल रखता है। तब धूर्त कहेगा कि क्या तुम कहते हो कि इसके पास नव कमरे हैं। इसके कांधे पर तो एक ही कमरा देखने में आता है। यहां नव कम्बल रखता है इस वाक्य के दोनों अर्थ हो सकते हैं नवीन कम्बलवाला और नव ठो कम्बल रखनेवाला। अथवा गौ शब्द के दो अर्थ हैं गाय और हाथी। सो यदि कोई कहे कि गौ के सींग हैं तो धूर्त पूछेगा कि क्या तुम कहते हो कि हाथी के सींग हैं ॥

अब सामान्यछल का लक्षण कहते हैं ॥

जब वादी किसी सम्भूत अर्थ के विषय में कोई वचन कहे तब सामान्य के सम्बन्ध से किसी असम्भूत अर्थ के विषय में उस वचन की कल्पना करना सामान्यछल कहलाता है ॥ ५३ ॥

जैसा कोई कहता है कि ब्राह्मण पण्डित होते हैं। तब धूर्त कहेगा कि क्या तुम कहते हो कि कोई मनुष्य पण्डित होता है क्योंकि ब्राह्मण है। तो यह बालक भी ब्राह्मण है। इस लिए उसको भी पण्डित कहना होगा। ब्राह्मण में पाण्डित्य का सम्भव है परन्तु बालक में पाण्डित्य का सम्भव नहीं है यद्यपि ब्राह्मणत्व जाति का सम्बन्ध बालक में भी होवे। ऐसे विषय में वादी के अभिप्राय से विरुद्ध कल्पना करना सामान्यछल कहलाता है॥

अब उपचारछल का लक्षण कहते हैं॥

जब किसी शब्द का वाच्य अर्थ अथवा लक्ष्य अर्थ अभीष्ट है तो प्रयोगान्तर की कल्पना करना उपचारछल कहलाता है॥ ५४॥

जैसा कि मचान पुकारते हैं इस वाक्य में मचान शब्द का वाच्य अर्थ माचा है अर्थात जो खेतिहर लोग अपने बैठने के लिए खेतों में बांधते हैं और उस पर बैठनेहारे रखवारे लक्ष्य अर्थ हैं। अब यदि कोई वादी मचान शब्द का प्रयोग लक्ष्य अर्थ में करे कि मचान पुकारते हैं अर्थात उस पर बैठे हुए पुरुष पुकारते हैं तो धूर्त कहेगा कि क्या मचान जो जड़ पदार्थ है पुकार सकता है॥

अब छल के विषय में एक पूर्वपक्ष करते हैं॥

कदाचित कोई कहे कि उपचारछल वाक्छल ही है क्योंकि उन में कुछ विशेष नहीं पाया जाता है॥ ५५॥

अर्थात कदाचित कोई कहे कि छल तीन प्रकार का नहीं है परन्तु केवल दो प्रकार का है। क्योंकि वाक्छल का जो लक्षण कहा है कि जब वादी किसी अनेकार्थक शब्द का प्रयोग करे तब उसके अभिप्रेतार्थ की अपेक्षा किसी विरुद्ध अर्थ की कल्पना करना सो ई यहां भी घटता है॥

इस बात का समाधान करते हैं अर्थात ऐसी संदेह को दूर करते हैं ॥

ऐसा नहीं है क्योंकि उन में विशेष है ॥ ५६ ॥

अर्थात वाक्छल और उपचारछल सचमुच भिन्न हैं यद्यपि छकुसट्टण है उस दूसरे मत के बाधन के लिए यह बात भी कहते हैं ॥

यदि जहां कुछ साट्टण्य है वहां विशेष न मानो तो छल एक ही प्रकार का होगा ॥ ५७ ॥

यदि कहो कि छल केवल दो प्रकार के हैं तीन प्रकार के नहीं क्योंकि वाक्छल और उपचारछल में परस्पर साट्टण्य है तो एक ही क्यों नहीं कहते क्योंकि तीनों छलों में भी परस्पर साट्टण्य है ॥

॥ छल का प्रकरण समाप्त हुआ ॥

अब जाति का लक्षण कहते हैं ॥

व्याप्ति की अपेक्षा के विना जो दूषण किया जाता है सो जाति कहलाता है ॥ ५८ ॥

जैसा कोई कहे कि यह मनुष्य याचा करने के योग्य नहीं है क्योंकि इसको ज्वर आया है। तब धूर्त कहेगा कि याचा करने के योग्य तो है क्योंकि क्षत्रिय है। अब याचा करने की योग्यता क्षत्रिय होने का व्यापक नहीं है। जो कहता है कि क्षत्रिय है इस लिए याचा करने को समर्थ है सो व्याप्ति की अपेक्षा नहीं करता और उसका वाक्य व्यर्थ है ॥

अब निग्रहस्थान का लक्षण कहते हैं ॥

विप्रतिपत्ति और अप्रतिपत्ति ये दोनों निग्रहस्थान कहलाते हैं ॥ ५६ ॥

निग्रहस्थान इस पद में निग्रह शब्द का अर्थ दण्ड है और स्थान शब्द का तात्पर्य ज्ञापक है। इससे निग्रहस्थान इस पद का यह अर्थ हुआ कि अयोग्यता का ज्ञापक । मनुष्य की अयोग्यता के ज्ञापक विप्रतिपत्ति और अप्रतिपत्ति हैं । विप्रतिपत्ति यह है कि कोई मनुष्य प्रकृत अर्थ के विरुद्ध सदा समझा करता है । अप्रतिपत्ति यह है कि प्रकृत अर्थ को समझ ही नहीं सकता । ऐसे मनुष्य से विवाद करना निष्फल है ॥

कदाचित लोग समझें कि जाति और निग्रहस्थान का विभाग नहीं है। इस लिए उसको कहते हैं ॥

विप्रतिपत्ति और अप्रतिपत्ति के बहुत्व से जाति और निग्रहस्थान के अनेक विभाग हैं ॥ ६० ॥

उनको अभी नहीं कहेंगे क्योंकि और कितने एक ऐसे विषय हैं कि जिनके जानने के लिए शिष्य लोग अत्यन्त उत्सुक होंगे । इस लिए उनका निरूपण करके पीछे विभाग का भी वर्णन करेंगे ॥

॥ पहिला अध्याय समाप्त हुआ ॥

॥ द्वितीय अध्याय ॥

पहिले अध्याय में घ्राण आदि इन्द्रिय और उनके विषयों की गिनती कर आए हैं। अब उनका विशेष वर्णन करेंगे ॥

प्रथम घ्राण इन्द्रिय का वर्णन करते हैं ॥

घ्राण इन्द्रिय वह है जिसके द्वारा गन्ध का ज्ञान होता है। यह इन्द्रिय नासिका में रहती है ॥ १ ॥

घ्राण इन्द्रिय के द्वारा गन्ध गुण के जानने का यह प्रकार है कि पहिले गन्धवान् पदार्थों के छोटे २ कण श्वासवायु के द्वारा नाक में जाकर घ्राण इन्द्रिय से संयुक्त होते हैं और तब किसी प्रतिबन्धक हेतु के न रहते गन्ध का बोध होता है ॥

गन्धवान् पदार्थ वह कहलाता है जिस में ऐसा गुण अर्थात् शक्ति होवे कि जब उस पदार्थ के कण घ्राण इन्द्रिय से संयुक्त हों उस काल में किसी प्रतिबन्धक हेतु के न रहते गन्ध का ज्ञान हो ॥

रसन इन्द्रिय का वर्णन करते हैं ॥

रसन इन्द्रिय वह है जिसके द्वारा रस का ज्ञान होता है। और यह इन्द्रिय जिह्वा में रहती है ॥ २ ॥

रसन इन्द्रिय के द्वारा रस का ज्ञान इस प्रकार से होता है कि जब किसी रसवान् पदार्थ को मुख में रखकर चुभलाते हैं उस समय उस पदार्थ के छोटे २ कण मुखजल के संयोग से पिघलकर रसन इन्द्रिय से संयुक्त

हो जाते हैं। और तब यदि कोई प्रतिबन्धक हेतु न रहे तो रस का ज्ञान होता है ॥

रसवान पदार्थ वह कहलाता है जिस में उक्त ज्ञान के उत्पन्न करने की शक्ति हो ॥

चक्षु इन्द्रिय का वर्णन करते हैं ॥

चक्षु इन्द्रिय वह है जिसके द्वारा रूप का ज्ञान होता है। यह इन्द्रिय नेत्र में रहती है ॥ ३ ॥

पहिले यह अवश्य जान रक्खा चाहिए कि दृश्य पदार्थों के दो भेद होते हैं। एक स्वप्रकाश और दूसरा परप्रकाश। स्वप्रकाश उसे कहते हैं जो केवल अपने ही तेज से प्रकाशित हो। जैसे सूर्य और अग्नि इत्यादि। परप्रकाश उसको कहते हैं जो दूसरे के तेज से प्रकाशित हो। जैसे चन्द्रमा और घट पट इत्यादि ॥

चक्षु इन्द्रिय के द्वारा रूप के जानने का यह प्रकार है कि जब तेज किसी स्वप्रकाश वा परप्रकाश पदार्थ से आकर प्राणियों के नेत्र पर लगता है उस काल में उन प्राणियों को रूप का ज्ञान होता है॥

तेज का स्वभाव और उसके साथ रूप का सम्बन्ध और नेत्रों की बनावट इन विषयों का वर्णन आगे करेंगे ॥

त्वक इन्द्रिय का वर्णन करते हैं ॥

त्वक इन्द्रिय वह है जिसके द्वारा स्पर्श का ज्ञान होता है। और यह इन्द्रिय नख से लेके सिख तक सम्पूर्ण शरीर में रहती है। परन्तु अंगुलियों के अग्र भाग में विशेष करके रहती है क्योंकि छोटे २ पदार्थों की सङ्ख्या और परिमाण

का ज्ञान जैसा अंगुलियों के अग्र भाग से होता है वैसा और अवयवों से नहीं होता ॥ ४ ॥

इस सूत्र का अर्थ स्पष्ट है ॥

श्रोत्र इन्द्रिय का वर्णन करते हैं ॥

श्रोत्र इन्द्रिय कान में रहती है ॥ ५ ॥

अब जो पूछो कि इस इन्द्रिय के द्वारा किस विषय का ज्ञान होता है तो इसका उत्तर इस स्थल में तो हम इतना ही लिखते हैं कि जब कान में रहनेहारी एक त्वचा जो मृदङ्गसम्बन्धी चमड़े के सदृश हड्डियों पर कसी हुई है कम्पित वायु के संयोग से कांपती है तब शब्द का प्रत्यक्ष होता है इस लिये इस त्वचा को श्रोत्र इन्द्रिय और कर्णमृदङ्ग भी कहते हैं ॥

शब्द का स्वरूप और कर्ण की बनावट इन विषयों का वर्णन आगे किया जायगा ॥

इन्द्रियों का वर्णन समाप्त हुआ ॥
॥ प्रकरण दूसरा ॥

इस प्रकरण में इन्द्रियों के विषयों का वर्णन किया जायगा और पहिले घ्राण इन्द्रिय के विषय का अर्थात् गन्ध का वर्णन करेंगे क्योंकि प्रथम अध्याय के चौदहवें सूत्र में पहिले उसी को गिनाया है ॥

कितने एक पदार्थों में एक ऐसी शक्ति रहती है कि जब उन पदार्थों के कण घ्राण इन्द्रिय से संयुक्त होते हैं उस समय गन्ध का ज्ञान होता है। उसी शक्ति को गन्ध कहते हैं ॥ ६ ॥

यदि कोई कहे कि जिन वस्तुओं में गन्ध रहे वे सब एक जाति के हैं जैसा पृथ्वी तो इस बात में कुछ प्रमाण नहीं और ऐसे नियम को सिद्धान्तरूप मानने से कुछ फल भी नहीं है। इस लिये यूरोपीय पण्डित कहते हैं कि गन्धवान् उन्हीं पदार्थों को कहा चाहिए जिन से गन्ध का ज्ञान होता है चाहे वे कठिन हों वा द्रवरूप ॥

अब रस गुण का वर्णन करते हैं ॥

कितने एक पदार्थों में एक ऐसी शक्ति रहता है कि जब उन पदार्थों के कण रसन इन्द्रिय से संयुक्त होते हैं उस समय रस का ज्ञान होता है। उसी शक्ति को रस कहते हैं ॥ ७ ॥

भारतवर्षीय पण्डित लोग कहते हैं कि जल में मधुर रस है। परन्तु यूरोपीय पण्डितों के मतानुसार जल में कोई रस नहीं है। पर तो भी मुखजल रसज्ञान का उपयोगी है क्योंकि रसवान् पदार्थों के छोटे २ कण पहिले मुखजल के संयोग से द्रवीभूत होकर रसन इन्द्रिय से संयुक्त होते हैं तब रस का ज्ञान होता है ॥

रूप गुण का वर्णन करते हैं ॥

कितने एक पदार्थों में एक ऐसी शक्ति रहती है कि जिस से उन पदार्थों के तेज इस भांति विकृत हो जाते हैं कि जब वे तेज आंख पर लगते हैं तब रूप का ज्ञान होता है। उसी शक्ति को रूप गुण कहते हैं ॥ ८ ॥

अनेक प्रकार के पदार्थों पर तेज के लगने से क्या २ विक्रिया होती है। सो आगे कहेंगे ॥

जैसा हम लोग कहते हैं कि इस श्वेत गौ को अथवा हरित वृक्ष को देखो तैसे ही यह भी कहते हैं कि उस दूर के वृक्ष को देखो। तो क्या हम लोग दूरी को भी देखते हैं जैसे श्वेत गुण अथवा हरित गुण को देखते हैं। इस शङ्का का समाधान अगले सूत्र में करते हैं ॥

दूर रहनेहारे पदार्थ की दूरी आंख से नहीं देखी जाती बरन उस पदार्थ के रूप के अस्पष्ट ज्ञान से और उसके गुण के जानने से अथवा इतर कारणों से अनुमान होता है कि वह पदार्थ दूर है ॥ ६ ॥

जो पदार्थ दूर से देखने में आता है उसकी दूरी साक्षात् नहीं देखी जाती परन्तु अनुमान के द्वारा ज्ञात होती है। तात्पर्य यह कि उसके अस्पष्ट आदि के होने से अनुमान करते हैं कि वह पदार्थ दूर है ॥

पदार्थ की दूरी एक साधारण नियम से ज्ञात होती है कि प्रायशः जो पदार्थ दूर रहता है वह बहुधा अस्पष्ट देख पड़ता है। और जो निकट रहता है सो स्पष्ट दृष्ट आता है। जैसा कि जब हम लोग किसी दूर रहनेहारे बड़े वृक्ष को एक छोटी खिड़की में से देखते हैं तब वह वृक्ष उस खिड़की के अवकाश की अपेक्षा छोटा दृष्ट आता है। पर तौ भी यह नहीं समझते कि वह रूख छोटा है क्योंकि उसके अस्पष्ट होने से अनुमान करते कि वह दूर है और इस से समझते हैं कि बड़ा भी होगा ॥

यद्यपि सूर्य पृथ्वी से चार करोड़ पचास लाख कोस दूर है तौ भी वह अति स्पष्ट होने के कारण अति दूर नहीं ज्ञात होता बरन कोहार के चाक

वे भी छोटा समझ पड़ता है। जहां यह बात नहीं जानते कि दूर पदार्थ के अस्पष्ट होने में क्या कारण है तहां उस पदार्थ के दूरत्व और परिमाण का भ्रम होता है। जैसा कि जिस समय में कुहरा पड़ता रहता है अथवा रात्रिकाल के अन्धकार से सम्पूर्ण प्रदेश आवृत हो जाते हैं उस समय किसी समीप रहनेहारे कौवे को समझने कि यह बड़े दूर का हाथी है जब तक कि यह नहीं जानते कि दूर काक के अस्पष्ट होने में क्या कारण है ॥

स्पर्श गुण का वर्णन करते हैं ॥

कितने एक पदार्थों में एक ऐसी शक्ति रहती है कि जब वे पदार्थ अंगुलियों के अग्र भाग आदि स्थानों में रहनेहारी त्वच इन्द्रिय से संयुक्त होते हैं तब स्पर्श का ज्ञान होता है। उसी शक्ति को स्पर्श गुण कहते हैं ॥ १० ॥

शब्द गुण का वर्णन करते हैं ॥

शब्द गुण उस शक्ति को कहते हैं कि जिस से वायु आदि पदार्थों में ऐसी लहरें उत्पन्न होती हैं कि जिन तरङ्गों के कान में रहनेहारी कर्णशष्कुली अर्थात् त्वच विशेष के साथ संयोग होने से शब्द का ज्ञान होता है ॥ ११ ॥

शब्दवान् पदार्थ में एक प्रकार का कम्पन उत्पन्न होता है और उस कम्पन का कर्णशष्कुली के साथ संयोग होता है तब शब्द का ज्ञान होता है। परन्तु उस कम्पन का कर्णशष्कुली के साथ साक्षात् संयोग नहीं होता वरन वायु आदि साधनों के द्वारा होता है। इस विषय का वर्णन आगे करेंगे ॥

जैसा हम लोग कहते हैं कि सुनो यह शब्द कैसा कठोर वा मृदु है तैसे ही यह भी कहते कि सुनो यह शब्द कैसा दूर है। तो क्या हम लोग दूरी को भी सुनते हैं जैसे कठोरता वा मृदुत्व को सुनते हैं। इस शङ्का का समाधान अगले सूत्र में करते हैं॥

किसी शब्दवान् पदार्थ की दूरी कान से नहीं सुनी जाती बरन उसके परिमाण से और उस पदार्थ के ज्ञान से अनुमान होता है कि वह दूर है॥ १२॥

इस बात का तो सब किसी को अनुभव होगा कि जब हम लोग किसी शब्दवान् पदार्थ के निकट रहते हैं तब उसके शब्द को अधिक सुनते हैं और जब उस से दूर जाते हैं तब उसका शब्द कम सुन पड़ता है। यह बात हिमालय पर्वत में अति स्पष्ट होती है। वहां पर जब तक कोई मनुष्य एक स्थान में रहता है तब तक झरना के शब्द को एक रूप सुनता है और ज्यों २ उस स्थान से दूर जाता है त्यों २ उसके शब्द को कम सुनता जाता है। अब देखो कि यदि वही मनुष्य उस शब्द को जब कि वह उसके निकट था ध्यान में रखकर उसके न्यूनाधिक भाव को विचारे तो उसके अनुसार उसकी दूरी का भी अनुमान कर सकेगा। और इसी से जब हम लोग जानते कि इस शब्द का कारण बहुत दूर है तब यह अनुमान कर सकते कि यह शब्द ऐसा ही नहीं है जैसा हम को सुनाई देता है बरन इस से अधिक है। जैसा कि जब हम लोग किसी दूर के शब्द को सुनकर जानते कि यह शब्द जो एक निकट की बन्दूक के शब्द से भी छोटा है पांच कोस से आया तो अनुमान करते कि यह तोप का शब्द होगा। और इसी से जहां किसी शब्द के कारण की दूरी और स्वभाव को नहीं जानते वहां निश्चय नहीं होता कि यह किसका शब्द है। जैसा कि कभी २ दूर के मेघ के शब्द को सुनकर मानते कि यह निकट की गाड़ी का शब्द है अथवा गाड़ी के शब्द को सुनकर समझते कि यह मेघ का शब्द है॥

जिन द्रव्यों की शक्तियों का अर्थात् गुणों का ज्ञान इन पांच इन्द्रियों से होता है उन द्रव्यों के ज्ञान के लिये आगे वर्णन करते हैं ॥

॥ प्रकरण तीसरा ॥

अब द्रव्यों का अर्थात् जिनके गुणों का ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा होता है उन पदार्थों का वर्णन करते हैं ॥

द्रव्य अर्थात् भौतिक पदार्थ जो इन्द्रियों के द्वारा समझे जाते हैं दो प्रकार के हैं एक परमाणुरूप दूसरे कार्यरूप ॥ १३ ॥

परमाणु का विचार आगे करेंगे ॥
अब कार्यरूप द्रव्य का विभाग करते हैं ॥

कार्यरूप द्रव्यों के दो भेद हैं एक भौम अर्थात् पृथ्वी सम्बन्धी जैसे मनुष्य पशु इत्यादि । दूसरे दिव्य अर्थात् आकाश के जैसे सूर्य चन्द्र इत्यादि ॥ १४ ॥

इसी विभाग के अनुसार अब हम जोतिष शास्त्र के विषय का वर्णन करते हैं ॥

पृथ्वी को अवधि मान कर उसकी अपेक्षा सूर्य आदिक भौतिक पदार्थों की स्थिति और गति इत्यादि का विचार जोतिष शास्त्र का विषय है ॥ १५ ॥

अब संभव होता है कि विद्यार्थियों को यह जिज्ञासा अवश्य होगी कि दूङ्लण्डीय पण्डित लोग ज्योतिष शास्त्र के विषय में अर्थात् सूर्य चन्द्रादिक की स्थिति और गति प्रभृति के विषय में क्या कहते हैं। इस लिये हम और शास्त्रों का वर्णन छोड़कर पहिले संक्षेप से ज्योतिष शास्त्र के विषयों का वर्णन करेंगे ॥

ज्योतिष शास्त्र के विषयों में से पहिला विषय यह है कि आकाशीय पदार्थों के दो भेद हैं। सो हम अगले सूत्र में कहते हैं ॥

आकाश के पदार्थ दो प्रकार के हैं। एक वे जो अपने तेज से चमकते हैं और दूसरे वे जो और के तेज से प्रकाशित होते हैं ॥ १६ ॥

आकाश के पदार्थों के दो भेद हैं क्योंकि उन में से कोई तारे तो सूर्य की नाईं केवल अपने ही तेज से चमकते हैं। और कोई कोई चन्द्रमा की नाईं दूसरे के तेज से प्रकाशित होते हैं। यदि पूछो कि ऐसा ही है तो जैसे चन्द्रमा प्रतिमास में घटता और बढ़ता दृष्ट आता है तैसे ही और तारे भी वृद्धि और ह्रास युक्त क्यों नहीं देख पड़ते तो इसका उत्तर यह है कि यद्यपि हम लोगों को और तारों की वृद्धि और ह्रास का प्रत्यक्ष नहीं होता तो भी उन मनुष्यों को जो कि उनके प्रत्यक्ष की योग्यता रखते हैं होता ही है। तात्पर्य यह कि जो उनके निकट रहते हैं वे उनके ह्रास और वृद्धि को देखते ही हैं। और हम लोगों को भी दूरदर्शकयंत्र अर्थात् दूरबीन के द्वारा उनका घटना बढ़ना दृष्ट आता है विशेष करके शुक्रग्रह के विषय में ॥

अब पृथ्वी के आकार का वर्णन करते हैं ॥

पृथ्वी गोल है ॥ १७ ॥

इसका एक हेतु पहिले अध्याय के न्याय प्रकरण में कह आये हैं और हेतु आगे कहेंगे ॥

श्री भास्कराचार्य जी ने भी अपने सिद्धान्तशिरोमणि नामक ग्रन्थ के गोलाध्याय में कहा है कि पृथ्वी गोल है ॥

अब पृथ्वी की गति का वर्णन करते हैं ॥

पृथ्वी के अपने कील पर एक वार घूम जाने से रात दिन होता है। और सूर्य के आस-पास घूमने से ऋतु के भेद होते हैं ॥ १८ ॥

जो पूछो कि फिर ऐसा क्यों समझ पड़ता है कि सूर्य ही पृथ्वी के आसपास घूमता है तो इसका उत्तर ॥

जैसे नाव में बैठकर किसी ओर जाते हुए बालक समझते हैं कि नदी का तीर चला जाता है परन्तु वस्तुतः नदी का किनारा नहीं चलता नाव ही चलती है तैसे ही पृथ्वी पर रहनेहारों को समझ पड़ता है कि सूर्य घूमता है परन्तु वस्तुतः पृथ्वी ही घूमती है। यह बात आर्यभट्ट ने भी अपने ग्रन्थ में लिखी है॥

॥ श्लोक ॥

अनुलोमगतिर्नौस्थः
पश्यत्यचलं विलोमगं यद्वत्।
अचलानि भानि तद्वत्
समपश्चिमगानि लङ्कायाम् ॥

॥ अर्थ ॥

जैसे नाव पर बैठकर साम्हने जाता हुआ पुरुष वृक्ष आदि अचल पदार्थों को अपने पीछे की ओर जाते हुए देखता है तैसे ही लङ्का में रहनेहारे लोग तारों को जो कि वस्तुतः स्थिर हैं ठीक पश्चिम की ओर जाते हुए देखते हैं ॥

पृथ्वी के सूर्य के आसपास घूमने का प्रमाण आगे कहेंगे ॥

अब चन्द्र की गति का वर्णन करते हैं ॥

चन्द्रमा पृथ्वी के आसपास घूमता है ॥ १९ ॥

इसका अर्थ स्पष्ट है ॥

अब ग्रहण के विषय में वर्णन करते हैं। अर्थात् वह कब और किस हेतु से होता है सो कहते हैं ॥

जब चन्द्रमा पृथ्वी के आसपास घूमते २ सूर्य और पृथ्वी के मध्य में आ जाता है तब सूर्यग्रहण होता है। और जब पृथ्वी सूर्य और चन्द्रमा के मध्य में आती है तब चन्द्रग्रहण होता है ॥ २० ॥

यहां पर यह सन्देह होता है कि चन्द्रमा तो प्रति महीने में एक बार पृथ्वी के आसपास घूम जाता है फिर चाहिए कि प्रति मास में एक बार ग्रहण हुआ करे सो क्यों नहीं होता तो इसका उत्तर आगे लिखेंगे ॥

अब ग्रहों की गति का वर्णन करते हैं ॥

ग्रह सब सूर्य को परिक्रमा देते हैं ॥ २१ ॥

जो पूछो कि फिर ऐसा समझ क्यों नहीं पड़ता कि ग्रह सूर्य के आस पास घूमते हैं तो इसका उत्तर यह है कि जैसे बुध आदि ग्रह सूर्य के चारों ओर घूमते हैं तैसे ही पृथ्वी भी उसको परिक्रमा देती है। इस कारण से पृथ्वी पर रहनेवालों को ग्रहों की यथार्थ कक्षा अर्थात् जिस पथ

पर वे ठीक २ परिभ्रमण करते हैं वह मार्ग नहीं ज्ञात होता किन्तु गणित-विद्या के द्वारा ज्ञात हो सकता है ॥

सम्भव है कि जैसे पृथ्वी के साथ एक चन्द्रमा है तैसे और ग्रहों के साथ भी और चन्द्र होवें । इसके विषय में निश्चय हुआ है कि जो ग्रह पृथ्वी की अपेक्षा सूर्य के समीप हैं उनके साथ कोई भी चांद नहीं है । परन्तु जो ग्रह उस से दूर हैं उन में से कोई २ पृथ्वी की अपेक्षा अधिक चन्द्र रखता है ॥

अब किस ग्रह के साथ कितने चन्द्रमा हैं सो कहते हैं ॥

बृहस्पति के साथ चार चन्द्र हैं और शनैश्चर के संग सात चन्द्र । शनैश्चर एक तेजोमय चक्र भी रखता है ॥ २२ ॥

यह शनैश्चर का चक्र दूरदर्शक यन्त्र के विना नहीं दृष्ट आता ॥

जितने तारे केवल आंख से देख पड़ते हैं इनकी अपेक्षा और भी अधिक तारे दूरदर्शक यन्त्र की सहायता से दृष्ट आते हैं ॥

इसी प्रकार से मन्दाकिनी के विषय में भी निश्चय हुआ है कि वह किस से बनी है । मन्दाकिनी उसको कहते हैं जो आकाश में एक धौली उहर दृष्ट आती है ॥

यह बात अगले सूत्र में कहते हैं ॥

मन्दाकिनी नक्षत्रों का समूह है ॥ २३ ॥

इसका अर्थ स्पष्ट है ॥

ज्योतिषशास्त्र के और विषय जो कि यहां नहीं लिखे गए हैं श्रीयुत पण्डित बापूदेव शास्त्री जी के खगोलवर्णन नामक ग्रन्थ के पढ़ने से ज्ञात होंगे ॥

पृथ्वी पर रहनेहारे पदार्थों का वर्णन तीन प्रकार से किया जाता है। पहिले यह कि उन पदार्थों की कैसी व्यवस्था है। दूसरे यह कि उन पदार्थों का उपादान कारण क्या है। तीसरे यह कि प्रस्तुत व्यवस्था के होने में क्या हेतु है ॥ २४ ॥

अब पहिले पृथ्वी पर रहनेहारे पदार्थों की व्यवस्था के विषय में कुछ वर्णन करते हैं ॥

॥ पांचवां प्रकरण ॥

॥ अथ भूपृष्ठविद्या ॥

जिस विद्या से लोगों को इस बात का ज्ञान होता है कि पृथ्वी पर रहनेहारे पदार्थों की कैसी व्यवस्था है अर्थात् उनकी स्थिति आदि किस प्रकार से है उसे भूपृष्ठविद्या कहते हैं ॥ २५ ॥

पृथ्वी का पृष्ठ अर्थात् ऊपर का भाग जल थल पर्वत और नदी इत्यादि पदार्थों से बना है। और जिस विद्या में उन पदार्थों की अन्योन्य दूरी आदि कही जाती है उसको भूपृष्ठविद्या कहते हैं ॥

नदियां नगरों की स्थिति के अनुसार नहीं बहतीं वरन जल के लाभार्थ नदियों के तट पर नगर बसाए जाते हैं। जैसे गङ्गा नदी के तट पर काशी

पुरी बसाई गई है। वैसे पहाड़ों की स्थिति भी नदियों के प्रवाह के अनुसार नहीं होती परन्तु पहाड़ों की स्थिति के अनुरोध नदियां बहती हैं। यह बात जताने के लिए सूत्र लिखते हैं॥

नदियों का प्रवाह पहाड़ों के आधीन है। अर्थात् पहाड़ों की स्थिति के अनुसार नदियों की गति है॥ २६॥

इस सूत्र में पहाड़ शब्द से सारे ऊंचे स्थल समझना॥

गङ्गा आदि बड़ी नदियां पहाड़ों की श्रेणी से उत्पन्न हुई हैं। यह बात जताने के लिए अगला सूत्र लिखते हैं॥

ऊंचे पहाड़ों के शिखर अत्यन्त शीतल होते हैं। और वहां पर एक सीमा है कि जिसके ऊपर पहाड़ चाहे उतना ऊंचा हो पर उस सीमा से लेकर चोटी तक हिम से ढका रहता है॥ २७॥

इस सीमा को हिमसीमा कहते हैं। जिस देश में जितनी अधिक उष्णता रहती है उस देश की हिमसीमा भी उतनी ही अधिक ऊंचाई पर रहती है। जैसे हिमालय पहाड़ की दक्खन ओर की हिमसीमा समुद्र के पृष्ठ से दस सहस्र हाथ की ऊंचाई पर है। और यूरप खण्ड की दक्खन ओर की हिम-सीमा जहां कि हिन्दुस्थान की अपेक्षा बहुत कम उष्णता है केवल छह सहस्र हाथ की ऊंचाई पर है। ध्रुव के समीपस्थ देशों की हिमसीमा समुद्र के पृष्ठ के समान है अर्थात् वहां की पृथ्वी समुद्र पर्यन्त समान हिम से ढकी हुई है॥

अब उन नदियों के स्वभाव का वर्णन करते हैं जो नदियां हिमवाले पहाड़ों की श्रेणी से उत्पन्न होती हैं ॥

जिन नदियों की उत्पत्ति पहाड़ों के हिम के गलने से होती है वे ग्रीष्म ऋतु में विना वृष्टि के भी बढ़ती हैं ॥ २८ ॥

काशी पुरी के समीप गङ्गा नदी का यह स्वभाव प्रसिद्ध है कि वह ग्रीष्म ऋतु में विना वृष्टि के भी बढ़ती है । जो लोग जानते हैं कि गङ्गा की उत्पत्ति हिमालय नामक पहाड़ के हिम के गलने से हुई है वे यह भी अवश्य जानते होंगे कि किस कारण से ग्रीष्म काल में इसकी वृद्धि होती है । जैसे इस देश में उष्णता के दिनों में गङ्गा बढ़ती है तैसे ही मिसर देश में नील नामक नदी भी बढ़ती है ॥

विक्रमादित्य के सम्वत् से चार सौ सत्तार्ईस बरस पहिले यूनान देश में एक हिराडटस् नाम इतिहासवेत्ता था । उस ने नील नदी की वृद्धि के विषय में कुछ वर्णन किया है । सो आगे लिखते हैं ॥

हिराडटस् ने अपने ग्रन्थ में यों लिखा है कि मैं ने कितने एक पण्डितों से और इतर लोगों से भी पूछा कि क्या कारण है कि नील नदी ग्रीष्म ऋतु में विना वृष्टि के बढ़ती है । परन्तु इस प्रश्न का उत्तर किसी ने मुझे न दिया । वह नदी कर्क की सङ्क्रान्ति से बढ़ने लगती है और सौ दिन तक निरन्तर बढ़ती जाती है । फिर घटकर जाड़े के दिनों में अत्यन्त छोटी हो जाती है । इस अकालिक वृद्धि के विषय में मैं ने कितने एक मिसरानियों से पूछा कि क्या कारण है कि और नदी ग्रीष्म ऋतु में विना वृष्टि के नहीं बढ़ती केवल नील नदी बढ़ती है । परन्तु इस प्रश्न का ऐसा उत्तर किसी ने मुझे न दिया कि जिस से मेरे मन का समाधान हो । तौ भी कितने एक यूनानियों ने अपनी पण्डिताई प्रगट करने की इच्छा से इस नदी की वृद्धि के विषय में तीन बातें कहीं । तिन में से पहिली बात यह है कि ग्रीष्म

ऋतु में उत्तर की वायु बहती है। वह वायु नील नदी के प्रवाह को समुद्र में जाने से रोकती है। यही इस के बढ़ने का कारण है। परन्तु यह बात तो ठीक नहीं समझ पड़ती क्योंकि बार बार ऐसा देखने में आया है कि ग्रीष्म ऋतु में उत्तर वायु नहीं बही है और नील नदी अपनी रीति के अनुसार बढ़ आई है। और भी जो उत्तर वायु का बहना नील नदी के बढ़ने का कारण होता तो चाहिए कि जितनी नदियां उत्तर वायु के विरोध में बहती हैं वे सब की सब नील नदी की नाईं बढ़ा करतीं। और जितना उनका प्रवाह निर्बल होता उतनी अधिक वृद्धि होती। परन्तु बहुतेरी नदियां ऐसी हैं जो उत्तर वायु के विरोध में बहती हैं और उन में कोई विकार ऐसा नहीं पाया जाता जैसा नील नदी का होता है॥

दूसरा वर्णन यह है कि नील नदी की उत्पत्ति उस समुद्र से है जो पृथ्वी को चारों ओर से घेरे हुए है। इसी कारण से नील नदी बढ़ती है। यह कहना तो केवल अन्ध कहानी के ऐसा समझ पड़ता है जिस में कुछ भी प्रमाण नहीं। भला यह प्रश्न तो अलग रहे कि नील नदी का समुद्र से उत्पन्न होना उसके बढ़ने का कारण क्योंकर हो सकता है। पर हम केवल इतना ही पूछते हैं कि ऐसा समुद्र किस ने देखा है जो पृथ्वी को चारों ओर से घेरे हुए है। कदाचित् हुमेर नामक कवि ने अथवा और प्राचीन कवियों ने इस अर्थ को सुनकर अपने कविता के ग्रन्थों में लिख दिया हो सो तो केवल काव्य की चमत्कारी के लिए है॥

तीसरा वर्णन यह है कि हिम के गलने से नील नदी की वृद्धि होती है। यह बात भी ठीक नहीं क्योंकि नील नदी की उत्पत्ति लिबिया नामक देश से है और यह नदी ईठियोपिया देश में होकर मिसर देश को गई है। भला बिचारो कि जो नदी उष्ण देश में होकर ठंढे देश की ओर जाती है उसकी वृद्धि हिम के गलने से कैसे कहेंगे। और भी बहुतेरे हेतु हैं कि जिनके सुनने से लोगों को स्पष्ट प्रकाशित होगा कि नील नदी की वृद्धि हिम के गलने से नहीं। पहिला हेतु यह है कि जिस देश से नील नदी की उत्पत्ति है और जिन देशों में बहती हुई चली आई है उन देशों की वायु उष्ण है। इस से स्पष्ट समझ पड़ता है कि नील नदी के बढ़ने का कारण हिम

नहीं । दूसरा हेतु यह है कि उन देशों के मनुष्य उष्णता के कारण काले होते हैं । और चोल आदि पक्षी जो उष्ण देश में सुख पाते हैं सर्वदा इन्हीं देशों में रहते हैं । और सारस नाम पक्षी हेमन्त काल में सिबिर नाम शीतल देश से आकर इन्हीं देशों में अपना वास लेते हैं । अब देखो कि यदि उन देशों में कुछ भी पाला पड़ता होता तो ये सब बातें कभी न होतीं ॥

हिराडटस् की इन लिखावटों से समझ पड़ता है कि वह उष्ण देश के ऊंचे पहाड़ और पृथ्वी की उष्णता के भेद को नहीं जानता था जिसका वर्णन इस अध्याय के सत्तार्इसवें सूत्र में किया गया है । जो लोग पहाड़ों की व्यवस्था को जानते हैं वे इस बात को सुनकर ही कि नील नदी ग्रीष्म ऋतु में बढ़ती है झट समझ जाएंगे कि उसकी उत्पत्ति पहाड़ के हिम के गलने से है और अब देखने से निश्चय भी हुआ है कि नील नदी की उत्पत्ति गङ्गा की नाईं एक हिमपर्वत से है ॥

जो लोग हिमालय पर्वत पर परिभ्रमण करके उसके अनेक शिखरों को और उन से उत्पन्न भई नदियों को पृथक २ देखते हैं उनके मन में यह बात नहीं समाती कि इन शिखरों में और इन नदियों में कुछ क्रम है । परन्तु जो मनुष्य उनको भङ्गी द्वारा अर्थात् चित्र में इकट्ठा देखता है उसे स्पष्ट समझ पड़ता है कि इन शिखरों में और इन नदियों में कुछ क्रम है । उस क्रम का वर्णन करने के लिए अगला सूत्र लिखते हैं ॥

हिमालय अर्थात् हिमवाले पहाड़ों का कतार हिन्दुस्थान को उत्तर और पूरब पश्चिम फैला है ॥ २९ ॥

उस कतार में बहुत से मार्ग हैं कि जिनके द्वारा यात्री लोग पहाड़ में होकर उसके पार के देशों में जा सकते हैं । उन पहाड़ों की श्रेणी को जिस में कि ये मार्ग हैं हिमघट्टश्रेणी कहते हैं। घट्ट शब्द का अर्थ पथ है ॥

अब हिमालय के शिखरों का वर्णन करते हैं ॥

हिमालय के मुख्य शिखर अपनी अपनी पर्वतश्रेणियों के साथ हिमघट्टश्रेणी की दक्खन ओर फैले हैं ॥ ३० ॥

उन में से पहिले शिखर का नाम जम्बोची है जहां से गङ्गा नदी की उत्पत्ति है । दूसरे का नाम नन्ददेवी । तीसरा धवलगिरि । चौथा गोस्वामि-स्थान अर्थात् गोसाइयों का स्थान । पांचवां कञ्चनजिङ्गा । छठा चमलारी । सातवां गिरियुग्म ॥

जाना चाहिए कि ये शिखर पूर्वापर क्रम से स्थित हैं अर्थात् सभों से पश्चिम जम्बोची उस से पूरब नन्ददेवी उस से पूरब धवलगिरि इत्यादि ॥

अब पर्वतश्रेणियों से उत्पन्न नदियों के विषय में कुछ वर्णन करते हैं ॥

उन पर्वतश्रेणियों के बीच बहुत सी नदियां इकट्ठी होकर एक नदी हो जाती है ॥ ३१ ॥

जो पहाड़ों के कतार जम्बोची और नन्ददेवी इन दो शिखरों से सम्बन्ध रखते हैं जिन में से पहिले शिखर का उंचाई सत्रह सहस्र एक सौ बारह हाथ है और दूसरे की उच्चता सत्रह सहस्र एक सौ अट्ठाईस हस्त है उन कतारों के बीच हिम के गलने से जितनी नदियां उत्पन्न होती हैं वे सब की सब एक स्थान में जो कि कड़ाही के ऐसा गहरा है मिलित होती हैं। और इसी से यद्यपि इन कतारों के बीच बहुतेरे पहाड़ हैं कि जिनकी बड़ाई कहां से कहां जैसा कि गङ्गोची तीर्थ के समीप केदारनाथ का पहाड़ और

सभों में से एक २ नदी निकलती है तौ भी सब मिलकर गङ्गा नदी हो जाती हैं ॥

इसी प्रकार से जो पहाड़ों के कतार नन्ददेवी और धवलगिरि से सम्बन्ध रखते हैं उनके हिम के गलने से जितनी नदियां निकलती हैं वे सब मिलकर कर्णाटी नदी हो जाती हैं जिसको घाघरा भी कहते हैं। और यह नदी कुछ दूर बहकर गङ्गा से मिली है ॥

और जो पहाड़ धवलगिरि और गोसाईस्थान के आसपास हैं उन में से जो नदियां निकलती हैं वे सप्तगण्डकी कहलाती हैं। और इकट्ठा होने के उपरान्त गण्डकी इस नाम से कुछ दूर बहकर गङ्गा में मिलती हैं ॥

और जो पर्वत गोसाईस्थान और कञ्चनगिरि के सम्बन्धी हैं उनके मध्य में जो नदियां इकट्ठी होती हैं उनको सप्तकौशिकी कहते हैं। और इकट्ठा होने के अनन्तर कौशिकी इस नाम से गङ्गा में मिलती हैं। इसी प्रकार से हिमालय पर्वत में पहाड़ों के बीच जितने खलार हैं उन सभों में से एक २ नदी निकलता है ॥

अब ये नदियां पहाड़ों के खलार से निकलकर गङ्गा में मिलने के पूर्व कैसे प्रदेश में बहती हैं। इसका वर्णन करते हैं ॥

उक्त नदियां हिमालय पर्वत के समान्तर प्रदेश में वर्तमान जो बलुआ पत्थर के पहाड़ उनको तोड़कर बहती हैं ॥ ३२ ॥

इन बलुआ पत्थर के पहाड़ों की उंचाई पृथ्वी के पृष्ठ से दो सौ हाथ से लेकर प्राय चार सौ हाथ तक है ॥

बलुआ पत्थर के पहाड़ों के ऊपर अर्थात् उत्तर ओर धून हैं धून के नीचे भावर भावर के नीचे तराई ॥ ३३ ॥

जाना चाहिए कि हिमालय पहाड़ की चौड़ाई लगभग उन्तालीस कोस के है। और वह तेरह तेरह कोस के प्रमाण से तीन अंशों में विभाग की गई है। ऊपर का अंश वह है जिस में अत्यन्त शीतलता रहती है और बीच का वह जहां ऊपर की अपेक्षा न्यून ठंढक है और नीचे का वह जहां उस से भी न्यून ठंढ है। नीचे के खण्ड में तीन प्रदेश हैं। पहिले तराई। तिसके ऊपर भावर अर्थात सखुआ वृक्ष के वन। तिस-के आगे धून अर्थात् अपने २ खलारों समेत बलुआ पत्थर के पहाड़। धून शब्द का अर्थ खलार है। यह नीचे का खण्ड पृथ्वी के पृष्ठ से उस स्थान तक गिना जाता है जो स्थान समुद्र के पृष्ठ से दो सहस्र सात सौ हाथ ऊंचा है। और बीच का खण्ड उस स्थान से लेकर उस प्रदेश तक है जो प्रदेश समुद्र के पृष्ठ से छः सहस्र सात सौ हाथ ऊंचा है। और ऊपर का खण्ड वहां से लेकर शेष तक है॥

सत्तार्इसवें सूत्र में कहा गया है कि ऊंचे पहाड़ों के शिखर अत्यन्त शीतल होते हैं। यदि पहाड़ के ऊपर हिम होवे और नीचे की वायु उष्ण हो तो निश्चय है कि ज्यों ज्यों पहाड़ के ऊपर जाएंगे त्यों त्यों उसकी वायु को अधिक से अधिक ठंढी पावेंगे। बहुतेरे जन्तु हैं जो ऊष्ण देश को प्यार करते हैं और बहुतेरे ठंढे देश को। तैसे ही कितने वृक्ष हैं जो ऊष्ण देश में सुख पाते और कितने ठंढे देश में। और जन्तु वा वृक्ष उसी देश के अच्छे होते जहां की ऋतु उनको सुखदायक है। यह व्यवस्था सर्वत्र दृष्ट है। सो हिमालय पहाड़ में दिखलाने के लिए आगे वर्णन करते हैं॥

जैसे और ऊंचे पहाड़ों पर प्रदेशों की उंचाई और निचाई के अनुसार जन्तुओं और वन-स्पतियों का विशेष होता है तैसे ही हिमालय पहाड़ पर भी होता है॥ ३४॥

हिमालय पहाड़ के नीचे के खण्ड में सखुआ सीसों तून पराश बड़ पीपर इत्यादि वृक्ष हैं। और बीच के खण्ड में उनके पलटे ऐसे वृक्ष होते हैं जो इङ्गलण्ड आदि ठंढे देशों में मिलते हैं और उष्ण देश में नहीं उगते। और ऊपर के खण्ड में देवदारु भोजपत्र इत्यादि वृक्ष हैं जिनकी उत्पत्ति इङ्गलण्ड की अपेक्षा अधिक ठंढे देशों में होती है॥

जन्तु भी नीचेवाले खण्ड में वे ही रहते हैं जो उष्ण देशों में सुख पाते हैं। और बीच के खण्ड में ऐसे प्राणी निवास करते हैं जो नीचे की उष्णता को नहीं सह सकते। और ऊपर के खण्ड में ऐसे जीव रहते हैं जो उष्णता के कारण न बीच में रह सकते न नीचे॥

नीचेवाले खण्ड में हाथी गेंड़ा बाघ हरिन इत्यादि जन्तु हैं। और बीच के खण्ड में उक्त जन्तुओं में से केवल एक जात के हरिन को छोड़कर और कोई नहीं है। तैसे ही ऊपर के खण्ड में भी हाथी इत्यादि जन्तु नहीं हैं। और तीन प्रदेशों में से केवल दूसी में बनैले बकरे और जङ्गली भेड़ें उपलभ्यमान होते हैं। और भी जिस जात के कीवे नीचे के खण्ड में दृष्ट आते हैं ऊपर के खण्ड में उन में से एक भी नहीं मिलता और बिचले खण्ड में थोड़े मिलते हैं॥

इस रीति से हिमालय पहाड़ पर नीचे से लेकर ऊपर तक उत्तरोत्तर ठंढ अधिक होने के कारण ऐसे भिन्न प्रकार के देश पाए जाते हैं जो अन्यत्र पृथ्वी के पृष्ठ पर बहुधा बहुत अन्तर पर मिलते हैं॥

यूरोपीय पण्डितों ने पृथ्वी के पृष्ठ को कितने खण्डों में विभाग किया है सो कहते हैं॥

पृथ्वी का स्थल चार खण्डों में विभाग किया गया है एशिया आफ्रिका यूरोपा अमेरिका॥ ३५॥

पृथ्वी कुछ गोलाकार है। और उसका व्यास अर्थात मध्यसूत्र अनुमान से चार सहस्र कोस का है। पृथ्वी के पृष्ठ का दो तृतीयांश समुद्र से ढकी है। और शेष अंश में जो स्थल कहलाता है एशिया आफ्रिका यूरोपा अमेरिका ये चार खण्ड हैं॥

अब उन खण्डों का लक्षण कहते हैं ॥

एशिया उस खण्ड को कहते हैं जिस में भारतवर्ष है। और यूरोपा उस खण्ड का नाम है जिस में इङ्गलण्ड है। आफ्रिका और यूरोपा ये दोनों खण्ड एशिया की पश्चिम ओर हैं। यूरोपा नाम खण्ड आफ्रिका से उत्तर है। अमेरिका नाम खण्ड पृथ्वी के उस गोलार्द्ध पर है जो कि भारतवर्ष के नीचे है। यह खण्ड उत्तर ध्रुव के समीप से लेके दक्षिण ध्रुव के निकट तक फैला है ॥ ३६ ॥

भूगोल के नाना देश और समुद्र के आकार और अन्योन्य स्थिति आदि भट्टी के देखने से ज्ञात होंगे ॥

इस पृथ्वी पर बहुतेरे देश हैं जो उष्ण हैं और बहुतेरे ठंढे। इसका मुख्य कारण क्या है। सो कहते हैं ॥

प्रत्येक देशों की उष्णता सूर्य की किरणों के सूधी और तिरछी पड़ने के अनुसार है ॥ ३० ॥

अर्थात जिन देशों पै सूर्य की किरणें सूधी पड़ती हैं वे उष्ण हैं और जिन पर तिरछी गिरती हैं वे ठंढे हैं ॥

जो देश निरक्ष अर्थात पृथ्वी की मध्य रेखा के निकट हैं उन पै सूर्य की किरणें सूधी पड़ती हैं। इस लिए वे देश हिदुस्थान की नाईं उष्ण हैं। और जो देश जितना ध्रुव के समीप हैं उन पर सूर्य की किरण उतनी तिरछी गिरती है। इस लिए वे देश उस क्रम के अनुसार ठंढे हैं जैसा इङ्गलण्ड इत्यादि ॥

हम ऊपर कह चुके हैं कि नदियों की उत्पत्ति पहाड़ों से किस प्रकार से होती है। जैसे हिमालय से गङ्गा उत्पन्न हुई है। आफ्रिका नामक खण्ड में बहुत थोड़े हैं। इस लिए वहां नदी भी बहुत थोड़ी हैं और इसी से वह देश ऊसर प्राय है॥

भूगोल के ग्रन्थों में प्रत्येक देशों और नगरों की अन्योन्य स्थिति आदि लिखी जाती है। और इस से अधिक इन बातों का भी वर्णन रहता है कि किस देश में कैसी रीति और कौनसा मत और कैसा राज्य है। परन्तु हम ने इन विषयों को यह सोचकर छोड़ दिया कि यदि वे सब विषय यहां लिखे जाएंगे तो यह ग्रन्थ बहुत बढ़ जाएगा॥

इस प्रकार से पृथ्वी पर रहनेहारे पदार्थों की व्यवस्था का संक्षेप वर्णन समाप्त हुआ॥

अब उन पदार्थों के उपादान कारण अर्थात जिन वस्तुओं से वे बने हैं उनका वर्णन करते हैं॥

भौतिक पदार्थ मात्र परमाणुओं से बने हैं। और परमाणु तीन धर्म रखते हैं। उन धर्मों का वर्णन अगले सूत्र में करते हैं॥

॥ छठा प्रकरण ॥

अब परमाणु और उनकी आकर्षण और उत्सारण शक्ति और जडत्व धर्म इनका विचार करते हैं॥ ३८॥

पहिले परमाणु का विचार करते हैं। प्रत्येक भौतिक पदार्थ ऐसे सूक्ष्म अंशों में विभक्त हो सकते हैं कि जिन अंशों का विनाश करना मनुष्य से अशक्य है। जैसा कि किसी लोहे के टुकड़े को अथवा और किसी धातु के खण्ड को चाहो जितनी बार पीसो वा तोड़ो वा काटो वा गलाओ अथवा और किसी प्रकार से विक्षत करो परन्तु वह फिर जैसा का तैसा दिखलाया जा सकता है। तो जो लोहादि पदार्थों के अंश अत्यन्त सूक्ष्म हैं कि जिनका फिर विभाग नहीं हो सकता उन्ही को परमाणु कहना। तात्पर्य

यह कि जिन अवयवों को न हम तोड़ सकते न काट सकते न और किसी प्रकार से विकृत कर सकते वे ई परमाणु हैं ॥

अब आकर्षण शक्ति का वर्णन करते हैं। जाना जाता है कि परमाणु क्या पृथक २ क्या कार्यरूप सब दूसरे परमाणु वा पदार्थ की ओर आकृष्ट होते हैं। जैसा देखते हैं कि पाषाण आदि पदार्थ के परमाणु किसी बल से आपस में जुटे हुए हैं। और पृथ्वी पर पड़ा हुआ पत्थर का टुकड़ा किसी शक्ति से पृथ्वी से चिपका रहता है। और समुद्र जब कि जुआर आती है चन्द्रमा की ओर उठता है। इन सब कार्यों के कारण को आकर्षण शक्ति कहना ॥

अब उत्सारण शक्ति का वर्णन करते हैं। जब परमाणुओं में उष्णता प्रवेश करती है तब उनकी आकर्षण शक्ति दब जाती है और वे क्रम २ से अलग होने लगते हैं। जैसा कि जब पाला में उष्णता प्रवेश करती है तब वह पानी हो जाता है। और जब पानी में उष्णता प्रवेश करती है तब वह बाफ हो जाता है। इन कार्यों के कारण को उत्सारण शक्ति कहना ॥

अब जडत्व धर्म का वर्णन करते हैं। कुम्हार का चाक फिराए जाने के समय पहिले कुम्हार के बल को रोकता है। फिर उसके बल के अनुसार क्रम २ से घूमने लगता है। और जब वह घूमता रहता है कोई रोका चाहे तो शीघ्र नहीं रुकता। अर्थात अपने वेग के बल से रोकनेवाले के बल का विरोधी होता है। इसी प्रकार से सब वस्तु और सब परमाणु स्थिति और गति के विषय में एक प्रकार का जडत्व रखते हैं कि जिस से जब वे स्थिर रहते हैं कोई न छेड़े तो स्थिर ही रहें और जब चलाए जाते हैं कोई न रोके तो चला ही करें। इसके कारण को जडत्व धर्म कहना ॥

अब हम इस बात का विचार करते हैं कि परमाणु और उनके आकर्षण इत्यादि धर्मों के विचार से इस संसार के इन्द्रियगोचर पदार्थों के धर्म का ज्ञान कैसे होता है। पहिले यों लिखते हैं ॥

संसार के सारे इन्द्रियगोचर पदार्थ परमाणुओं से बने हैं ॥ ३९ ॥

ऊपर कहा गया है कि किसी धातु के टुकड़े को चाहो जितनी बार पीसो वा तोड़ो वा काटो वा गलाओ अथवा और किसी प्रकार से विकृत करो परन्तु वह फिर जैसा का तैसा दिखलाया जा सकता है। यद्यपि यह बात जीवों के अवयवों में नहीं हो सकती क्योंकि यदि हम किसी वृक्ष के पत्र को अथवा किसी पक्षी के पंख को तोड़ ताड़ डालें तो वह फिर जैसा का तैसा नहीं हो सकता पर तौ भी रसायन के प्रकरण में दिखलाया जाएगा कि तोड़ने पर तो क्या चाहो उसे जला भी दो पर उसका एक भी परमाणु नष्ट नहीं होता ॥

अब परमाणु के परिमाण का वर्णन करते हैं ॥

परमाणु अत्यन्त सूक्ष्म हैं ॥ ४० ॥

इसका प्रमाण। सुनार लोग सोने के पत्र को पीटकर इतना पतला कर सकते हैं कि यदि तीन लाख साठ सहस्र पत्र एक के ऊपर एक रखे जांय तो उनकी मुटाई केवल डेढ़ अङ्गुल के लगभग होगी। पर तौ भी ज्ञात होता है कि प्रत्येक ऐसे पत्रों की मुटाई परमाणु के परिमाण से अधिक है। क्योंकि जो सोना रूपे के तार पर चढ़ाया जाता है वह उक्त पत्र से भी पतला होता है। और तब भी कुछ प्रमाण नहीं कि उसकी मुटाई परमाणु से अधिक नहीं है ॥

भारतवर्षीय नैयायिक लोग कहते हैं कि परमाणु का परिमाण सब परिमाणों की अपेक्षा बहुत छोटा है। इस लिए दो परमाणु के मिलने से जो परिमाण उत्पन्न होता है उसका कारण परमाणु का परिमाण नहीं है। क्योंकि जो पदार्थ दो छोटे २ पदार्थों से बनता है चाहिए कि वह और भी छोटा हो जैसा कि भिन्न गुणन में जब एक के अंश से किसी भिन्न अङ्क को गुणते हैं तो वह और भी छोटा हो जाता है और बीजगणित के अनुसार ऋण ऋण का योग करने से और भी छोटा होता है। परन्तु यूरोपीय पण्डित लोग

कहते हैं कि यद्यपि परमाणु और पदार्थों की अपेक्षा बहुत छोटा है तो भी ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि परमाणु का कुछ भी परिमाण न हो। और इसी लिए दो परमाणुओं का परिमाण एक परमाणु की अपेक्षा दूना होता है। इस मत का प्रमाण आगे कहेंगे ॥

यूरोप देशनिवासी बास्कविच नामक पण्डित का यह मत है कि परमाणुओं का कुछ भी परिमाण नहीं है और रेखागणित के बिन्दु में और परमाणु में इतना ही बीच है कि परमाणुओं में एक बल अर्थात शक्ति रहती है कि जिस से वे नियमित स्थान पर स्थित रहते हैं और बिन्दु में नहीं है। यद्यपि यह बात भी सम्भवनीय है तथापि संसारसम्बन्धी इन्द्रियगोचर पदार्थों के हेतुकथन में यह मत वैसा उपयोगी नहीं है जैसा कि और यूरोपियों का है जो इस पुस्तक में पहिले लिखा गया है। इस लिए हम उस मत का वर्णन आगे करते हैं ॥

इन्द्रियगोचर पदार्थ सर्वदा कुछ परिमाण रखते हैं ॥ ४१ ॥

रूई इत्यादि भौतिक पदार्थ का समूह दबाने से अत्यन्त छोटा हो सकता है परन्तु कदापि इतना नहीं दबाया जा सकता कि कुछ भी परिमाण न रखे। इसी प्रकार से प्रत्येक वस्तुओं का स्वभाव है कि सर्वथा परिमाणरहित नहीं हो सकते। इसी स्वभाव को विरोध धर्म कहते हैं। और उसका स्वरूप यह है कि दो वा बहुत पदार्थ एक ही समय में एक स्थान में नहीं रह सकते। इसके उदाहरण आगे कहते हैं।

यदि किसी जलपूर्ण पात्र में एक पत्थर का टुकड़ा डालो तो उस पात्र का कुछ पानी पत्थर को स्थान देकर आप बाहर निकल पड़ेगा ॥

एक काच की नली ऐसी हो कि उसके दोनों ओर के मुंहड़े खुले हों। ऊपर का मुंह अङ्गुली से मूंदकर दूसरी ओर से पानी में डुबाओ। तो उस में पानी न घुसेगा। क्योंकि उस नली के भीतर की वायु पानी का विरोधी है। परन्तु जब बयार के निकलने के लिए अङ्गुली को उठा लोगे तो पानी उस नली के भीतर वहां तक पहुंच जाएगा जहां तक कि वह बाहर डूबी होगी ॥

एक जलभरे बड़े पात्र में किसी वायुपूर्ण छोटे पात्र को औंधा करके डुबाओ तो उस में कुछ जल प्रवेश करेगा। परन्तु जब तक कि उस पात्र के मुख को ऊपर न करके उसकी वायु के निकलने को पथ न दोगे तब तक वह जल से पूर्ण नहीं होगा ॥

पानी पर तैरते हुए प्रज्वलित दीपक पर वायु से भरे किसी पात्र को औंधाकर डुबाओ तो वह दीपक उस पात्र की वायु में कुछ काल तक तैरता और जलता रहेगा उस पात्र पर चाहे जितना जल हो। इसी प्रकार से डोरी में बांधकर औंधा लटकाए हुए वायुपूर्ण बड़े पात्र में बैठकर गिरे हुए पदार्थ के ढूंढ़ने को लोग समुद्र के तल तक चले जाते हैं। इस कार्य के लिए जो पात्र बनाया जाता है उसका आकार घंटे के सदृश होता है। इस लिए उसको निमज्जनघंटा कहते हैं ॥

अवश्य कुछ कारण होगा कि जिस से परमाणु पृथक २ नहीं होते। इस लिए हम आगे सिद्धान्त करते हैं ॥

परमाणु परस्पर आकर्षण करते हैं ॥ ४२ ॥

परमाणु आपस में एक दूसरे को खींचते हैं। और जो पदार्थ परमाणुओं से बने हैं उन में भी परस्पर आकर्षण है। इसके उदाहरण ॥

जो काठ के टुकड़े वा नौका इत्यादि पदार्थ झील वा समुद्र के स्थिर जल में तैरते रहते हैं वे धीरे २ आपस में जुट जाते हैं ॥

जैसे भारतवर्ष में पत्थर पृथ्वी के केन्द्र की ओर गिरते हैं और साहू अर्थात सूत से लटकाया हुआ लोहे का गोला पृथ्वी के केन्द्र की ओर लटकता है तैसे ही पृथ्वी के उस भाग पर भी होता है जो भारतवर्ष से भूगोल के आधोआध के अन्तर पर है। इसी से वहां के रहनेहारों के पांव हम लोगों के अभिमुख रहते हैं जैसे किसी गृह के किवाड़ में जड़े हुए कांच के बाहर बैठी हुई मक्खी के पांव उस कांच के भीतर बैठी हुई मक्खी के अभिमुख रहते हैं। यह बात भास्कराचार्य जी ने भी अपने गोलाध्याय में लिखी है ॥

॥ श्लोक ॥

सर्वतःपर्वतारामग्रामचैत्यचयैश्चितः।
कदम्बकुसुमग्रन्थिः केसरप्रसरैरिव ॥

॥ अर्थ ॥

पृथ्वी का गोल चारों ओर से पर्वत उपवन गांव घर इनके समूह से व्याप्त है जैसे कदम्ब के फूल की गांठ केसरों के समूह से व्याप्त रहती है ॥

जो कोई प्रश्न करे कि कदम्ब के फूल की केसर तो उसकी गांठ में खचित रहती हैं इस लिए नीचे नहीं गिरतीं। परन्तु मनुष्य तो पृथ्वी के पृष्ठ पर खचित नहीं हैं तो चाहिए कि पृथ्वी के चतुर्थांश पर और नीचे रहनेहारे मनुष्य गिर पड़ें सो क्यों नहीं होता तो इसका उत्तर भी भास्कराचार्य जी ने अपने ग्रन्थ में लिखा है। सो आगे लिखते हैं ॥

॥ श्लोक ॥

यो यच्च तिष्ठत्यवनीं तलस्थाम्
आत्मानमस्या उपरि स्थितं च।
स मन्यतेऽतः कुचतुर्थसंस्था
मिथश्च ते तिर्यगिवाममस्मि ॥
अधःशिरस्काः कुदलान्तरस्थाश्
छायामनुष्या इव नीरतीरे।
समाकुलास्तिर्यगधःस्थिताश्च
तिष्ठन्ति ते सर्व वयं यथाच ॥

॥ अर्थ ॥

जो मनुष्य जहां रहता है वह पृथ्वी को अपने नीचे और अपने को पृथ्वी के ऊपर स्थित मानता है। इस लिए जो लोग पृथ्वी के चतुर्थांश पर अर्थात् भूगोल की चौथाई के अन्तर पर रहते हैं वे आपस में एक दूसरे को तिरछा समझते हैं। तैसे ही जो लोग पृथ्वी के आधेआध के अन्तर पर हैं उन में से एक की अपेक्षा दूसरे का सिर नीचे और पांव ऊपर रहता है। जैसे जल के किनारे छायापुरुष का सिर नीचे और पांव ऊपर देखने में आता है। इसी लिए जिन लोगों को हम समझते कि तिरछे हैं अथवा जिनको मानते कि नीचे हैं वे भी अपने २ स्थानों में वैसे ही सुखपूर्वक रहते हैं जैसे हम लोग यहां आनन्द से निवास करते हैं ॥

पृथ्वी के सारे परमाणु एक ही केन्द्र की ओर आकृष्ट होते हैं। इसी से उसका आकार गोल हुआ है। इसी प्रकार से जो कुहास के कण इकट्ठे होकर बिन्दुरूप हो जाते हैं उनका आकार गोल होता है। और जब वे बूंदें पृथ्वी पर गिरती हैं तब उनका गोलत्व नष्ट हो जाता है। परन्तु जो पिघलाया हुआ सीसा ऊंचे स्थान पर से चलनी में डालकर नीचे गिराया जाता है उसकी बूंदें ठंढी होकर कड़ी हो जाती हैं। इसी से वे पृथ्वी पर गिरकर भी अपने गोलत्व को नहीं छोड़तीं। इसी युक्ति से व्याध लोग पक्षियों को मारने के लिए सीसे के गोल २ छर्रे बनाते हैं। और जो सीसे के टुकड़े गलाए हुए नहीं होते वे ऊपर से गिरकर भी गोलरूप को नहीं धारण करते। इन बातों से अनुमान होता है कि पृथ्वी चन्द्र सूर्य और ग्रह भी पहिले किसी समय में द्रवरूप रहे होंगे। और उनके परस्पर आकर्षणरूप सामान्यधर्म का भी अनुमान होता है ॥

कदाचित पूछो कि यदि इस पृथ्वी पर सारे पदार्थ केन्द्र की ओर आकृष्ट होते हैं तो धूम क्यों ऊपर उठता है तो इसका उत्तर यह है कि धूम आप से आप ऊपर नहीं उठता किन्तु पृथ्वी के निकट की वायु जो धूम की अपेक्षा भारी है सो नीचे आकर उसको ऊपर उठाती है। जैसे जलपूर्ण घट की पेंदी में जो तृण डाल दिया जाता है उसको पानी अपने ऊपर फेंक देता है ॥

पदार्थों के अत्यन्त दूर दूर होने पर भी उनका परस्पर आकर्षण नष्ट नहीं होता। इसका दृष्टान्त। चन्द्रमा यद्यपि पृथ्वी से एक लाख पांच सहस्र छ सौ कोस दूर है तो भी वह अपने आकर्षण से समुद्र के जल को उठाता है। यही समुद्र के बढ़ने और घटने अर्थात ज्वार भाटा होने का कारण है। तैसे सूर्य भी जो कि पृथ्वी से अत्यन्त दूर है समुद्र को खींचता है। और जब पृथ्वी चन्द्रमा और सूर्य ये तीनों एक सरल रेखा में आ जाते हैं तब सूर्य और चन्द्र इनका समान आकर्षण लगने से समुद्र अधिक बढ़ता है॥

यद्यपि पदार्थों के अत्यन्त दूर होने से भी परस्पर आकर्षणरूप धर्म नष्ट नहीं होता तो भी दूरत्व के कारण से न्यून हो जाता है। यह बात अगले सूत्र में कहते हैं॥

भौतिक पदार्थों के परस्पर दूरत्व और समीपत्व के अनुसार उनके आकर्षण की घटती और बढ़ती होती है। जैसे दीपक की समीपता और दूरता के अनुसार उसके प्रकाश की अधिकता और न्यूनता होती है॥ ४३॥

एक दीपक से कुछ अन्तर पर काठ की एक ऐसी चौखूंटी पट्टी रखो जिसके चारों भुज हाथ २ भर के हों। फिर उसी दीये से दूने अन्तर पर अर्थात जो वह पटरी हाथ भर के अन्तर पर रखी हो तो दो हाथ के अन्तर पर उस पट्टी के पीछे एक दूसरी पट्टी रखो जिसके चारों भुज दो २ हाथ के प्रमाण हों। तो पहिली पटरी की छाया से दूसरी पटरी सम्पूर्ण रूप से आच्छादित हो जाएगी। अब जानो कि एक हाथ भुजवाली

चौखूंटी पट्टी का जितना प्रमाण होता है उसकी अपेक्षा दो हाथ भुजवाली चौखूंटी पट्टी का चौगुना प्रमाण होता है। क्योंकि दो हाथ भुजवाली पटरी एक हाथ भुजवाली पटरी की अपेक्षा केवल लम्बाई में दुगुनी नहीं होती कि जिस से उसका प्रमाण केवल दूना हो किन्तु चौड़ाई में भी दूनी रहती है कि जिस से चौगुना प्रमाण होता है। इस से यह समझ पड़ता है कि तेज अपने निकलने के स्थान से दूने अन्तर पर चौगुने स्थान को आक्रमण करता है। क्योंकि यदि उक्त उदाहरण में बीच की पट्टी को निकाल लो तो उतना ही तेज जो कि उस पर रुका था दूसरी पटरी पर फैल जाएगा। और इस से यह बात सिद्ध होती है कि तेज अपने निर्गम स्थान से कुछ अन्तर पर जितना घन रहता है उसकी अपेक्षा दूने अन्तर पर उसके चतुर्थांश के तुल्य हो जाता है। इसी रीति से तिगुने अन्तर पर नवमांश के तुल्य और चौगुने अन्तर पर षोडशांश के तुल्य होता है इत्यादि। इस प्रकार से तेज की किरणें ज्यों २ फैलती जाती हैं त्यों २ उनकी घनता ऐसे न्यून होती जाती है जैसे एक थैली भर रुपैयों को समान बांट लेनेवाले साझियों की सङ्ख्या के अधिक होने से उनके भाग की न्यूनता होती जाती है। जाना चाहिए कि तेज को छोड़ और भी उष्णता आकर्षण शब्द इत्यादि गुण जो कि अपने आश्रय द्रव्य के मध्य बिन्दु से चारों ओर फैलते हैं सब के सब उक्त नियम के अनुसार न्यून होते जाते हैं। इसी कारण से जिस पदार्थ का भार समुद्र के तीर पर सहस्र पल होता है उसका बोझ विशेष ऊंचाई के पहाड़ पर पांच पल न्यून हो जाता है। यह बात स्थितिस्थापकविशिष्ट तुलायन्त्र के द्वारा ज्ञात हुई है। उस यन्त्र में लोहे का एक ऐसा गुर्चीला तार लटकाया रहता है कि वह खींचने से बढ़ जाता है पर छोड़ने से फिर ज्यों का त्यों हो जाता है। जब किसी वस्तु के भार का विशेष जानना होता है तब उस वस्तु को उस तार में लटकाकर उस तार की लम्बाई को देख लेते हैं। फिर उस यन्त्र को किसी ऊंचे स्थान पर लेजाकर उसी पदार्थ को उस तार में लटकाते हैं तो उसकी लम्बाई न्यून देखने में आती है। इस से स्पष्ट समझ लेते हैं कि इस पदार्थ का भार इतना न्यून हो गया। ऊंचे स्थान पर जो भार की न्यूनता होती है उसके अनुसार गणित करने से निश्चय हुआ है कि जिस

पदार्थ का भार पृथ्वी के समीप सहस्र पल है उसी वस्तु को यदि कोई चन्द्रमा के बराबर ले आय तो उसका भार केवल पांच पल रह जायगा। इसका विचार आगे फिर करेंगे॥

जब किसी घट से पानी को गिराते हैं तब उस घड़े का पानी आकृष्ट रहने के कारण घट को शीघ्र नहीं छोड़ता परन्तु अपने आकर्षण करनेवाले घट की बार में लगकर बाहर गिरता है। इसी लिए पात्र के आकर्षण को रोकने के निमित्त कितने एक पात्रों में टोंटी लगाई जाती हैं। ऐसे टोंटी-वाले पात्र प्राय इस देश के गोसाइयों के पास देखने में आते हैं। और जिस पात्र में टोंटी नहीं लगी होती उस में का पानी सूधा गिराने के लिए उसके मुख पर एक कांच की छड़ी अथवा और कोई पतली वस्तु लगाते हैं कि जिस से उसका पानी बिना इधर उधर छलकने के गिरे। क्योंकि उस पात्र के विरुद्ध छड़ी का भी आकर्षण लगता है॥

जल के परमाणु आपस में ऐसे चिपके रहते हैं कि यदि कोई पतली सूई जल के पृष्ठ पर धीमे से छोड़ दीजिए तो वह डूब नहीं जाती क्योंकि सूई के भार से जलपृष्ठ का संयोगाकर्षण नष्ट नहीं होता। इसी प्रकार से अनेक छोटे २ कीड़े जल के पृष्ठ पर बिना भीगने के चल सकते हैं॥

दोनों हाथों में एक २ कांचपात्र लेकर पानी में ऐसे डुबाओ कि उनके मुंहड़े पानी के भीतर कुछ पास पास रहें और बाहर अलग २ हों। तो उन पात्रों के जल में डूबे हुए भाग जितना निकट रहेंगे उतना ही अधिक आकर्षण लगने से उनके बीच का पानी बाहर की अपेक्षा अधिक ऊपर उठेगा। इसी प्रकार से जब कभी जल वा मसी वा तेल के बिन्दु पुस्तक के किनारे पर पड़ जाते हैं तो वे पत्रों के भीतर दूर दूर तक व्याप्त हो जाते हैं। और इसी प्रकार से दीपक की बत्ती जलने के समय दो तीन अङ्गुल के ऊपर तेल को खींचती है॥

ऊपर कहा गया है कि जब परमाणुओं में लवणता प्रवेश करती है तब वे अलग २ होने लगते हैं। इस बात पर आगे कुछ वर्णन करते हैं॥

परमाणु उष्णता के प्रमाण के अनुसार जो उनको अलग २ करती है घन वा विरल होते हैं और इसी हेतु से वस्तुओं की तीन अवस्था होती हैं घनरूप द्रवरूप और वायुरूप ॥ ४४ ॥

उष्णता का लक्षण आगे कहा जायगा। यहां केवल इस विषय पर वर्णन करते हैं कि उष्णता उत्सारण का हेतु है ॥

भौतिक पदार्थों में ज्यों २ उष्णता अधिक प्रवेश करती है त्यों २ उनके परमाणु अलग २ होते जाते हैं और वे पदार्थ फैलते जाते हैं। इस प्रकार से घनपदार्थ फैलकर मृदु हो जाता है। और फिर गल जाता है क्योंकि उसके परमाणुओं की आकर्षणशक्ति क्रम २ से नष्ट होती जाती है। अन्त को उसके परमाणु यहां तक फैल जाते हैं कि वही पदार्थ विज्ञान होकर स्थितिस्थापकगुणविशिष्ट प्रवाही अर्थात वायु हो जाता है। तदनन्तर जो कोई उस वायु में से उष्णता को निकाले तो वह फिर विपरीत क्रम से अपनी पूर्व अवस्थाओं को प्राप्त करती है ॥

जब पाले को उष्ण करते हैं तब वह पानी हो जाता है। और जब पानी को उष्ण करते हैं तब बाफ हो जाता है। और फिर जब बाफ को ठंढी करते तो वह पानी होती है। और जब पानी को ठंढा करते हैं तब वह पाला होता है। इस प्रकार से एक ही वस्तु की हिम पानी बाफ ये तीन अवस्था होती हैं। इसी प्रकार से और भी वस्तु उष्णता के सम्बन्ध से अनेक अवस्थाओं को प्राप्त होती हैं। परन्तु इतना विशेष है कि कोई पदार्थ अधिक उष्णता की अपेक्षा करते हैं कोई न्यून उष्णता की। यदि ऐसा न होता अर्थात जो सकल पदार्थ समान ही उष्णता से विकार को प्राप्त होते तो एक ही काल में अद्रवरूप द्रवरूप वायुरूप ये तीन प्रकार के पदार्थ न देख पड़ते ॥

उष्णता का प्रमाण जानने के लिए एक उष्णतामापक यन्त्र बनाया जाता है। उसके बनाने की रीति आगे कहेंगे ॥

अब हम उन धर्मों का वर्णन करते हैं जो आकर्षण और उत्सारणशक्ति के भेद से उत्पन्न होते हैं ॥

आकर्षण और उत्सारण के भेद से पदार्थों में ये धर्म उत्पन्न होते हैं स्फटिकाकारग्रहण-शीलत्व स्रावकत्व निरन्तरत्व कठिनत्व स्थितिस्थापक भंगुरत्व पचीकरणीयता सूचीकरणीयता और भारालम्बकत्व ॥ ४५ ॥

स्फटिकाकारग्रहणशीलत्व का वर्णन । जब अनेक जाति के लवणों को पृथक २ पानी में गलाकर धीरे २ सुखाते हैं तब प्रत्येक लवण सूखकर एक विशेष आकार को ग्रहण करते हैं । अर्थात सभों में मिसरी के ऐसे तिकोने टुर्रे जम जाते हैं । दूसरे आकार को नहीं ग्रहण करते । इस प्रकार से कितने एक पदार्थों का नियमपूर्वक आकारविशेषधारणरूप धर्म देखकर अनुमान करते हैं कि कितने एक पदार्थों के परमाणु कार्यारम्भ काल में चारों ओर से समान आकर्षण नहीं करते परन्तु किसी एक पार्श्व से खींचते हैं कि जिस से उन से उत्पद्यमान पदार्थ विशेष आकार को धारण करते हैं । इसी धर्म को स्फटिकाकारग्रहणशीलत्व कहा चाहिए क्योंकि स्फटिक विशेष में यह धर्म प्राय देखने में आता है ॥

स्रावकत्व का वर्णन । यद्यपि पाषाण अत्यन्त कठोर वस्तु है तो भी उसके परमाणु कुछ अवकाश रखते हैं । इसी कारण से बलुआ पत्थर का पात्र कहीं २ पानी के छानने में काम आता है । इस कार्य के कारण को स्रावकत्व कहना ॥

निरन्तरत्व का वर्णन । एक घनाङ्गुल पात्र में अर्थात एक अङ्गुल चौड़े और एक अङ्गुल लम्बे और उतने ही गहरे बासन में जितना पारा समाता है उतना पारा उसी पात्र भर पानी की अपेक्षा चौदह गुना भारी होता है । इस से

यह अनुमान किया जाता है कि एक ही स्थान में भारी पदार्थ के परमाणु हलके पदार्थ के परमाणु की अपेक्षा अधिक रहते हैं। इसी से उस पदार्थ को अधिक निरन्तर कहते हैं। जाना चाहिए कि जब कोई पदार्थ उष्णता के अधिक सम्बन्ध से फैल जाता है अथवा उसके न्यून होने से सिकुड़ जाता है तब परमाणुओं की सङ्ख्या के न पलटने से उसके समूहगुरुत्व का कुछ विकार नहीं होता अर्थात उस सम्पूर्ण वस्तु का भार न घटता न बढ़ता। परन्तु तौ भी उसके स्थानविशेष के पदार्थ का भार घट बढ़ जाता है क्योंकि उतने पदार्थ के परमाणु की सङ्ख्या पलट जाती है। जैसा कि घटलोही भर घी को आग पर रखके पिघलाओ तो उस सम्पूर्ण घी का भार न घटेगा पर तौ भी उस पात्र के एक देशस्थ का अर्थात एक घनाङ्गुल भर का भार घट जायगा॥

भिन्न २ जाति के पदार्थों के भिन्न २ भार को जातीयगुरुत्व कहते हैं। वस्तुओं का जातीयगुरुत्व जानने के लिए जल को मापक ठहराया है। इस विषय का वर्णन आगे करेंगे॥

कठिनत्व का वर्णन। कठिनत्व उस धर्म को कहते हैं जिस से एक पदार्थ दूसरे पदार्थ के पृष्ठ को खुरच सकता है। अभी तक हीरे की अपेक्षा कोई अधिक कठिन पदार्थ नहीं ज्ञात हुआ है क्योंकि हीरा सब ज्ञात पदार्थों के पृष्ठ को खुरच सकता है॥

स्थितिस्थापक का वर्णन। जब कोई पदार्थ अपनी पूर्व अवस्था से विकृत किया जाता है तो फिर उस पदार्थ को अपनी पूर्व अवस्था को प्राप्त करने-वाला धर्म स्थितिस्थापक कहलाता है। जैसा बेंत की छड़ी नवाने से नय जाती है परन्तु छोड़ देने पर फिर जैसी की तैसी हो जाती है॥

भङ्गुरत्व का वर्णन। भङ्गुरत्व उस धर्म को कहते हैं जिस से कठोर भी वस्तु झट टूट जाती है। जैसा कांच लोहे के पृष्ठ को खुरच सकता है इस लिए लोहे से कठिन है पर तौ भी झट टूट जाता है॥

पचीकरणीयता का वर्णन। पचीकरणीयता उस धर्म को कहते हैं जिस से सोना इत्यादि पदार्थ पीटने से पत्ररूप बन जाते हैं॥

सूचीकरणीयता का वर्णन । सोना इत्यादि पदार्थों में सूचरूप हो जाने की शक्ति को सूचीकरणीयता कहते हैं ॥

भारालम्बकत्व का वर्णन । बहुतेरे पदार्थों के परमाणुओं का परस्पराकर्षण ऐसा रहता है जो उन पदार्थों को दोनों ओर से खींचने में प्रतिबन्धक होता है कि जिस से वे झट टूट नहीं जाते । उसी धर्म को भारालम्बकत्व कहते हैं । एक पतले लोहे के तार से किसी भारी वस्तु को उठा सकते हैं पर उतने ही पतले सीसे के तार से बहुत हलकी वस्तु उठाई जा सकती है। सब दूसरे पदार्थों की अपेक्षा लोहे में विशेष भारालम्बकत्व है ॥

सम्पूर्ण परमाणुघटित पदार्थ कभी स्थिर रहते हैं और कभी चलायमान । सो हम गति और स्थैर्य का वर्णन अब करते हैं ॥

॥ सातवां प्रकरण ॥

गति उस क्रिया को कहते हैं जिस से पदार्थों का स्थान पलट जाता है ॥ ४६ ॥

यह गति सरल वक्र वर्धमान अपचीयमाण इन भेदों से चार प्रकार की है । सरल उस गति को कहते हैं जो ठीक सूधी हो जैसा गिरते हुए पदार्थ की होती है । और वक्र उस गति का नाम है जो तिर्छे फेंके हुए पदार्थों की होती है । जैसा तिर्छा फेंका हुआ पत्थर का टुकड़ा वक्र गति से बेंड़ा जाता है । और वर्धमान उस गति को कहते हैं जो उत्तरोत्तर बढ़ती हो । जैसे पृथ्वी पर गिरते हुए पदार्थ वर्धमान गति से धरती पर आते हैं । और अपचीयमाण वह गति कहलाती है जो उत्तरोत्तर न्यून होती हो । जैसे ऊपर फेंके हुए पाषाण आदि पदार्थ जब तक फिर नीचे आने को आरम्भ नहीं करते तब तक उनकी गति अपचीयमाण रहती है ॥

अब गति की उत्पत्ति और निवृत्ति किस कारण से होती है सो कहते हैं ॥

गति का प्रारम्भ और रोक बल के आधीन है ॥ ४७ ॥

ऊपर कहा गया है कि कुम्हार का चाक घुमाने के समय पहिले घुमाने-वाले के बल को रोकता है और जब घूमता रहता है कोई रोका चाहे तो शीघ्र नहीं रुकता। तैसे ही जो पुरुष स्थिर रथ पर खड़ा रहता है वह रथ के अकस्मात चल पड़ने से पीठ के बल गिर पड़ता है। और जो पुरुष चलते हुए रथ पर खड़ा रहता है वह रथ के अकस्मात रुक जाने से मुंह के बल गिर पड़ता है। इसी प्रकार से जो अज्ञान लोग नाव पर से शीघ्र उतर पड़ने के लिए उठ खड़े होते हैं वे उस नाव के वेगपूर्वक तीर में लग जाने से तीर की ओर गिर पड़ते हैं। इन दृष्टान्तों से यह बात सिद्ध हुई कि जड़ पदार्थ सर्वदा एक अवस्था में रहा चाहते हैं चाहे वह स्थिति की हो वा गति की हो। क्या उनके चलाने क्या रोकने के लिए बल की अपेक्षा है ॥

पदार्थों की स्थिति और गति इन में से कौनसा धर्म स्वाभाविक है इसका उत्तर आगे लिखते हैं ॥

जैसे पदार्थों की स्थिति स्वभाव से स्थायी है तैसे ही उनकी समान सरलगति भी स्वभाव से स्थायी है ॥ ४८ ॥

तात्पर्य यह कि कोई भी पदार्थ विना कारण के चलायमान नहीं होता और न कोई चलित वस्तु विना हेतु के स्थिर होती और न किसी भिन्न दिशा में जाती है ॥

यदि किसी लोहे के गोले को पृथ्वी पर लुढ़काओ और भूमि समान न हो तो उसकी गति झट नष्ट हो जायगी। और यदि समान हो तो कुछ दूर तक लुढ़कता जायगा क्योंकि जैसा गति का प्रतिबन्ध ऊभड़ खाभड़

भूमि पर होता है वैसा चौरस भूमि पर नहीं होता। तौ भी यह गति धीरे २ नष्ट ही हो जाती है क्योंकि पृथ्वी के पृष्ठ पर सर्वथा गति के प्रतिबन्ध का अभाव होना असम्भव है। सम्पूर्ण रूप से गति के प्रतिबन्ध का अभाव केवल आकाश में है जहां ग्रहों की गति कभी नष्ट नहीं होती॥

जब कोई पुरुष अपने साम्हने की दिशा में किसी लक्ष्य पर बाण चलाता है तब वह बाण चलते २ नीचे की ओर झुकता जाता है क्योंकि पृथ्वी उसको प्रति क्षण में आकर्षण करती है। परन्तु जब पृथ्वी के आसपास की वायु स्थिर रहती है तब वह बाण न दाहनी ओर झुकता है न बाईं ओर झुकता किन्तु ठीक साम्हने जाता है। यदि स्थिर वायु में भी बाण दाहने वा बाएं झुके तो कोई भी बानैत निश्चय करके लक्ष्य पर बाण न पहुंचा सके॥

जब कोई पुरुष एक पत्थर का टुकड़ा ढेलवांस में रखकर घुमाकर चलाता है तब वह पत्थर का टुकड़ा ऐसा सूधा जाता है जैसे कमान की डोरी पर से छूटा हुआ बाण सूधा जाता है। परन्तु घुमाए हुए ढेलवांस के चक्र के किस स्थान पर से छोड़ने से उस में का पत्थर लक्ष्य पर लगेगा इसका निश्चय होना अभ्यास से भी दुर्घट है। इसी से ढेलवांस के द्वारा लक्ष्य मारना कठिन है॥

इस से यह निश्चय होता है कि जो जो पदार्थ चक्र की नाईं घूमते रहते हैं वे किसी ऐसे बल से अवलम्बित रहते हैं जो उनके जडत्व के विरुद्ध है। इसके उदाहरण। जब हम दूर से देखते हैं कि कोई पुरुष अपने हाथ को घुमा रहा है और उसके हाथ के आसपास एक गेंद भी घूमती जाती है तब कदाचित दूरी के कारण से अथवा और किसी हेतु से हाथ और गेंद के बीच की डोरी न देख पड़े तौ भी अनुमान करते हैं कि उनके बीच में कोई न कोई डोरी अवश्य होगी। तैसे ही चन्द्रमा और बुध आदि ग्रह भी चक्राकार घूमते हैं। इस लिए उनके विषय में भी अनुमान होता है कि वे किसी ऐसे बल से अवलम्बित होंगे कि जिस से उनकी सरल गति नहीं होती जो जड़ पदार्थों का स्वाभाविक धर्म है। क्योंकि सरल गति से भिन्न गति केवल एक ही बल से नहीं हो सकती॥

अब इस बात का विचार करते हैं कि जब एक ही पदार्थ पर एक काल में अनेक बल लगते हैं तब कैसा कार्य उत्पन्न होता है॥

हम ऊपर कह चुके हैं कि जो गति केवल एक बल के लगने से उत्पन्न होती है वह सर्वदा सरल रेखा में होती है। और यह भी स्पष्ट है कि जब एक ही दिशा में अनेक बल लगते हैं तब गति अधिक शीघ्र होती है। जैसे जब कोई नाव गङ्गा की धारा में बहती जाती है कदाचित पीछे से वायु का भी झोंका लगे तो वह अतिशीघ्रता से चलेगी। और जब पूर्व बल की विरुद्ध दिशा में उसी के समान दूसरा बल लगता है तब गति नहीं होती। जैसे जब समान बल के दो सांड़ आपस में घिर भिड़ाकर एक दूसरे को ठेलता है तब उन में से कोई पीछे नहीं हटता। और जब एक बल की विरुद्ध दिशा में उस बल की अपेक्षा अधिक वा न्यून बल लगता है तब उन दोनों बलों में से जो अधिक होता है उसी के अनुसार गति होती है। जैसे जब कोई नाव गङ्गा की धारा में पूर्व और बहती जाती है यदि अकस्मात पूर्व की वायु वेग से बहने लगे तो उसका गमन उस वायु के बल के अनुसार होगा। अर्थात जो प्रवाह का वेग अधिक होगा तो पूर्व की ओर जायगी और यदि वायु का वेग अधिक होगा तो पश्चिम की ओर जायगी॥

यदि एक ही पदार्थ पर दो बल लगें जिनकी दिशा न तो एक और न आपस में ठीक विरुद्ध हों तो वह पदार्थ मध्य में अर्थात उन दिशाओं के बीच में चलेगा॥ ४६॥

यदि कोई नाव डांड़ के बल से नदी के तीर की ओर चलाई जाती हो और उसी समय में प्रवाह के बल से धारा के अनुरोध खींची जाय तो वह नाव न तो ठीक तीर की ओर जायगी और न प्रवाह के अनुसार बहेगी किन्तु उन दोनों दिशाओं के मध्य में चलेगी। इस लिए जो केवट अपनी नाव को किसी शीघ्रगामिनी नदी के एक तीर से दूसरे तीर की

ओर से जाना चाहता है उसे चाहिए कि अपना और नदी के प्रवाह का बल विचारके अपने अधिष्ठित तीर के उस स्थान से नाव को छोड़े जिस स्थान के सामने की दिशा और प्रवाह की दिशा के मध्य में उस पार का घाट हो॥

जब एक पदार्थ पर दो बल लगते हैं जिन में से एक बल उसको सीधा ले जाता है और दूसरा किसी नियत बिन्दु की ओर खींचता है तो उस पदार्थ की गति चक्राकार होती है ॥ ५० ॥

जब किसी ढेलवांस को घुमाते हैं तो उसका ढेला जो कि प्रति क्षण में सीधा जाने की चाह रखता है चक्राकार घूमता है। क्योंकि ढेलवांस की डोरी उसको हाथ की ओर खींचे रहती है। कदाचित शीघ्रता से घूमने के समय डोरी टूट जाय अथवा ढेलवांस हाथ से छूट जाय तो वह ढेला ऐसा सीधा जायगा जैसे केवल हाथ से फेंका हुआ जाता है। क्योंकि उस समय में उस पर केवल एक ही बल लगता है॥

इसी प्रकार से जब बैल को कोल्हू में नाधकर हांकते हैं तो वह कोल्हू के आसपास घूमता है। क्योंकि वह आप आगे जाने की इच्छा करता है परन्तु जूआ उसे आगे जाने से रोक देता है। कदाचित् जूआ उसके गले पर से उतर जाय तो वह अपने हांकनेवाले के सामने से सीधा चला जायगा। यह सीधा जाने की चेष्टा पूर्व अवस्था में उसके चक्राकार घूमने का एक कारण था॥

जिस बल से कोई वस्तु केन्द्ररूपी नियत बिन्दु की ओर आकृष्ट होती है उसको

केन्द्राकृष्टि बल कहते हैं। और जो बल किसी वस्तु को केन्द्र से दूर हटाता है उसको केन्द्रोत्सृति बल कहते हैं। ये दोनों बल केन्द्रसम्बन्धी बल कहाते हैं ॥ ५१ ॥

केन्द्रोत्सृति बल के उदाहरण॥

यदि किसी वस्तु को घूमते हुए कुम्हार के चाक पर रखो तो वह झट दूर जाय पड़ती है ॥

जो अनाज चक्की में डालकर पीसा जाता है वह उस चक्की के मध्य से दूर हटता २ पिसान होकर बाहर निकल पड़ता है॥

जल से भरे हुए किसी पात्र के मुहकड़े को डोरी से बांधकर ऊपर नीचे घुमाओ तो उस में का पानी नीचे नहीं गिरेगा। क्योंकि केन्द्रोत्सृति बल उस जल को हाथरूपी केन्द्र से दूर फेंकता है ॥

जब किसी दौड़ते जाते मनुष्य वा घोड़े को अचांचक एक दिशा से दूसरी दिशा में जाना पड़ता है तो वह केन्द्रोत्सृति बल के बचाव के लिए उस दिशा की ओर झुक जाता है। नहीं तो गिर पड़े। परन्तु जब किसी गाड़ी को जो कि ऐसी बुद्धि नहीं रखती झट से दिशा बदलना पड़ता है तो उसके उलट जाने की योग्यता है ॥

जब कुम्हार अतिवेग से घूमते हुए चाक के बीचोंबीच गीली मिट्टी का धोंधा रखता है तो वह केन्द्रोत्सृति बल के कारण से फैल जाता है। इसी प्रकार से अपनी कील पर घूमती हुई पृथ्वी निरक्ष देश में फैल गई है यहां तक कि वहां का व्यास याम्योत्तर अक्ष की अपेक्षा दश कोस अधिक है। और निरक्ष देश में इस आधिक्य के होने से पृथ्वी सूर्य और चन्द्रमा इनका जो परस्पर आकर्षण होता है सो वैसा नहीं है जैसा कि पृथ्वी के ठीक गोल होने पर होता। और इसी से अयनचलनादिक विकार होते हैं। जिनका विशेष वर्णन आगे होगा ॥

जब कि कोई पदार्थ समान काल में समान प्रदेश को अतिक्रमण करता है तो उसकी गति को समान गति कहते हैं। गति सर्वदा समान नहीं रहती। इसके विषय में हम आगे लिखते हैं॥

असमान गति दो प्रकार की होती है अपचीयमाण और वर्धमान॥ ५२॥

जब कि किसी चलित पदार्थ पर कोई ऐसा बल लगता रहता है जो कि उस पदार्थ के गतिजनक बल का विरोधी है तो उस पदार्थ का वेग क्रम २ से न्यून होता जाता है। इस गति को अपचीयमाण कहते हैं। जब हम किसी ढेले को ऊपर फेंकते हैं तो पृथ्वी के आकर्षण से उसका वेग क्रम २ से घटता जाता है यहां तक कि वह ढेला कुछ दूर ऊपर जाकर रुक जाता है और फिर नीचे गिरने लगता है। और जब नीचे गिरता है तो उसकी गति अपचीयमाण के विरुद्ध अर्थात वर्धमान होती है। क्योंकि यद्यपि आवश्यक है कि अपने जडत्व के कारण से वह ढेला गिरने के समय कुछ वेग को प्राप्त करके समान काल में समान प्रदेश को अधिक बल की प्राप्ति के विना अतिक्रमण करे पर तो भी प्रति क्षण में पृथ्वी का आकर्षण लगने से उसकी गति उत्तरोत्तर शीघ्र होती जाती है॥

जब कोई बालक गेंद को हाथ में लेकर नीचे छोड़ता है तो उसी क्षण में वह उसको फिर पकड़ सकता है। परन्तु जो कुछ विलम्ब करे तो उसका हाथ लपकाना व्यर्थ होता है॥

किसी ऊंची डार पर से गिरते हुए आम के फल को स्पष्ट देख सकते हैं और गिरने के समय जो उसकी गति की क्रम २ से वृद्धि होती है उसको भी कुछ बिरियां लों लख सकते हैं। परन्तु थोड़े काल के अनन्तर उसकी अधोगति की बड़ी बाढ़ से कुछ भी नहीं ज्ञात होता केवल एक रेखा ऐसी भासित होती है॥

जब किसी बड़े पात्र से किसी द्रव पदार्थ को गिराते हैं तो उस पदार्थ के परमाणुओं के वेग के अनुसार उसकी धारा क्रम २ से पतली होती जाती है। जैसा कि जब किसी ऊंचे स्थान पर से जूसी को नीचे गिराते हैं तो उसकी मोटी धारा जो कि पहले निकलती है क्रम २ से पतली होती जाती है और पृथ्वी पर प्राप्त होने के समय पतली डोरी के ऐसी होती है। यह पतली धारा ऐसी शीघ्र गिरती है कि जो उसके नीचे किसी पात्र को रक्खें तो वह शीघ्र भर जाता है॥

देखते हैं कि कोई पदार्थ पृथ्वी पर शीघ्र गिरता है और कोई धीमे २ गिरता है। यह केवल वायु के प्रतिबन्ध से होता है अर्थात जिस पदार्थ को वायु जितना रोकती है वह उतना ही धीमे गिरता है। किसी कागज़ के पत्र को ऊपर से छोड़िए तो वह कुछ बेर में पृथ्वी पर गिरेगा परन्तु जो उसी को गोली बनाकर गिराइए तो शीघ्र गिरेगा। सुवर्ण अत्यन्त गुरु है परन्तु जब उसको पीटकर पत्र बनाते हैं तो मानो वायु में झूलता है॥

कागज़ के पत्र को रुपैए के परिमाण काटकर रुपैए पर रखकर नीचे गिराओ तो वह कागज़ का पत्र रुपैए के साथ पृथ्वी पर गिरेगा क्योंकि उस पत्र के नीचे रुपैए के रहने से उस स्थान की वायु पत्र के गिरने में प्रतिबन्धक न होगी॥

जिस पात्र की वायु वाय्वाकर्षक यन्त्र से निकाल ली जाती है उस में रुपैया और पंख ये दोनों समान वेग से गिरते हैं॥

जब किसी ढेले को सामने फेंकते तो वह क्रम २ से पृथ्वी की ओर झुकता जाता है। यदि पृथ्वी के आकर्षण से उत्पन्न गति नदी के प्रवाह से उत्पन्न गति की नाईं सरल होती तो जैसे पूर्व वर्णित नौका तीर और प्रवाह के मध्य में सरल गति से सिधी चलती है वैसे ढेला भी सरल गति से सिधा गिरता। परन्तु उस ढेले की अधोगति क्रम २ से बढ़ती जाती है। इस लिए वह ढेला अपनी गति को पलटता जाता है अर्थात वक्ररेखाकार मार्ग में होकर गिरता है। इस वक्ररेखाकार मार्ग का क्रम पिचकारी से छोड़े हुए जल में स्पष्ट देख पड़ता है॥

वर्धमान और अपक्षीयमाण ये दोनों गति आन्दोलक अर्थात् लटकन के झूलने में स्पष्ट प्रकाशित होती हैं ॥

जो कोई वस्तु इस प्रकार से लटकाई जाती है कि झुलाने पर अव्याहत झूला करे वही आन्दोलक कहलाती है ॥ ५३ ॥

पतली छड़ी के नीचे गोला लगाकर किसी स्थिर स्थान में लटकाने से साधारण आन्दोलक बनता है ॥

जो अनेक धर्म आन्दोलक से ज्ञात होते हैं सो एक डोरी में बांधकर लटकाए हुए ढेले से भी ज्ञात होते हैं । उन में से एक मुख्य धर्म आगे लिखते हैं ॥

आन्दोलक चाहे बहुत झूलता हो वा न्यून परन्तु उसके झूलने के समय अतिशय करके समान होते हैं ॥ ५४ ॥

सूत्र में जो कहा है कि चाहे बहुत झूलता हो वा न्यून इसका यह अभिप्राय है कि चाहे बड़े प्रदेश में पींढ़ता हो वा अल्प प्रदेश में ॥

किसी कंटिया से वावन अङ्गुल की डोरी लटकाकर उसके नीचे छोटा गोला बांधो तो उस से उक्त बातों का निश्चय होगा । जब उस गोले को झुलावोगे तो उसका एक बार झूलना एक असुपाद में अर्थात् प्राणियों को एक बार सांस लेकर फिर सांस लेने में जितना काल लगता है उसके चतुर्थांश में होगा चाहे उसके पींढ़ने का वर्त्तांश बड़ा हो जैसा कि पहले रहता है वा छोटा हो जैसा कि क्रम २ से होना आता है ॥

आन्दोलक में दूर गुरु के होने से वह काल के मापने में व्यवहृत होता है। साधारण धर्मघड़ी केवल आन्दोलक मात्र है जिस में अनेक चक्र लगे रहते हैं जिन से समझ पड़ता है कि यह कै बार झूला। और उसके नीचे कोई भार वा स्थितिस्थापकविशिष्ट पदार्थ इस शक्ति का रहता है कि वायु वा सङ्घर्ष की रुकावट को दूर करे॥

आन्दोलक के झूलने का काल उसकी डोरी की लम्बाई के अधीन है॥ ५५॥

आन्दोलक की डोरी जितनी छोटी होती है उतना ही वह शीघ्र झूलता है और जितनी लम्बी होती है उतना मन्द झूलता है॥

कर्म और प्रतिकर्म आपस में समान और विरुद्ध होते हैं॥ ५६॥

यह स्पष्ट है कि यदि पदार्थों में आकर्षण और उत्सारण के विना कोई चलनरूप कर्म उत्पन्न नहीं होता तो चलनरूप कर्म के उत्पन्न होने में दो तक पदार्थों का होना आवश्यक है और प्रत्येक पदार्थ आपस में जितना एक दूसरे को खींचता वा हटाता है उतना ही दूसरा उसको भी यद्यपि बड़ाई के कारण से अथवा किसी दूसरे पदार्थ के साथ सम्बद्ध रहने से एक पदार्थ की गति दूसरे की अपेक्षा न्यून होती है॥

यदि कोई मनुष्य एक नाव पर से दूसरी नाव को रस्से में बांधकर खींचे तो वे दोनों नावें आपस में निकट होंगी। उन में से जिस नाव को वह खींचेगा तो उसकी ओर आवेगी और जिस पर खड़ा होकर खींचेगा तो दूसरी नाव की ओर जायगी। जब तो वे दोनों नावें परिमाण में और

जार में समाय होंगी तो समान गति से चलेंगी और जो परिमाण वा जार में भेद होगा तो छोटी नाव की गति शीघ्र होगी मनुष्य चाहे जिस पर चढ़ा हो ॥

नाव चलाने के समय जितने बल से खेवा जाने जाता है उतने ही बल से नाव पीछे हटती है। परन्तु नाव को पीछे हटानेवाला बल नाव्यकर में फैल जाता है। इस लिए उसकी गति अल्प होती है और शीघ्र रुक जाती है ॥

जब एक चलित वस्तु दूसरे से टक्कर खाती है तो उस पर उसका आघात होता है। और चलित वस्तु के आघात के अनुसार स्थिर वस्तु का भी प्रत्याघात होता है और ये दोनों आघात प्रत्याघात बल में समान और दिशा में विरुद्ध होते हैं। यह बात स्थितिस्थापकविशिष्ट पदार्थों में स्पष्ट देख पड़ती है। किसी स्थितिस्थापकविशिष्ट गेंद को समान भूमि पर इस भांति लुढ़काओ कि लम्बरूप गति से चलकर किसी भीत से टक्कर खावे तो वह फिर उसी सूधे पथ से लौट आवेगी। और जो पहले लम्बरूप गति से न गई हो तो फिरने के समय लम्बरेखा के दूसरे पार्श्व से उतना ही टेढ़ो आवेगी कि जितना फेंकने के समय एक पार्श्व से टेढ़ी गई होगी। इसी प्रकार से यदि हम किसी चौखूंटे गृह के भीतर बांए कोण में खड़े होकर सामने की भीत के बीचोंबीच गेंद मारें तो वह गेंद लौटकर दाहने कोण में चली आवेगी। और जो उस गेंद के जाने और आने की रेखा के मध्य में एक लम्ब डाला जाय तो उसके दोनों ओर के कोण समान होंगे। और यह कोण का समान होना उच्चता आदि का भी धर्म है। सो आगे वर्णन करते हैं ॥

धरावर्तनकोण पतनकोण के समान होता है ॥ ५७ ॥

इसके उदाहरण आगे लिखेंगे ॥

नाना प्रकार की गति जो कि पदार्थों में दृष्ट आती हैं सब केवल आकर्षण और उत्सारण से उत्पन्न होती हैं जब कि वे आकर्षण और उत्सारण

परमाणुओं के जड़त्व पर बल करते हैं चाहे वे परमाणु पृथक २ हों वा संयुक्त। इस बात का वर्णन करके अब हम इन्हीं सिद्धान्तों पर स्थिति और गति के विशेष का वर्णन करेंगे जो घन पदार्थ से सम्बन्ध रखती हैं ॥

आठवां प्रकरण ॥

ठोस उस पिण्ड को कहते हैं जिसके परमाणुओं का परस्पर आकर्षण यहां तक दृढ़ है कि वह पिण्ड अपने अवयवों की स्थिति के विकार के बिना इकट्ठा चलाया जा सके। इस धर्म का फल अगले सूत्र में कहते हैं ॥

ठोस पिण्डरूप पदार्थ के एक भाग को चलाने-वाला बल उस सम्पूर्ण पदार्थ को चलाता है। नहीं तो उस भाग को पृथक कर देता है ॥ ५८ ॥

किसी मिट्टी के पात्र को उसकी बारी के एक टांके में पकड़कर लटका सकते हैं। इस से यह बात जान पड़ती है कि उस टांके का परस्पर आकर्षण सारे पात्र के भार की अपेक्षा अधिक दृढ़ है। परन्तु जो कोई उस पात्र को उस टांके में झटका देकर उठाया चाहे तो वह टांका टूट जायगा क्योंकि उस समय उस पात्र के जड़त्व और गुरुत्व से टांके की परस्पर आकर्षण-शक्ति निरस्त हो जाती है ॥

यदि कोई समान दण्ड अपने मध्यबिन्दु के आधार पर तुलादण्ड के सदृश खांभा जाय तो उसके दोनों भाग आपस में ठीक तुलेंगे। और कदाचित तुल्य भार दोनों भाग के अन्त में लटकाया जाय तो भी उनकी समानता बनी रहेगी। ऐसे स्थल में मध्यबिन्दु को गुरुत्वकेन्द्र

चाक के किनारे पर और उसके केन्द्र और किनारे के बीचों बीच कुछ गीली मिट्टी रखकर घुमाओ तो स्पष्ट है कि केन्द्र और किनारे की मिट्टी को एक बार घूमने में जितना प्रदेश अतिक्रमण करना पड़ता है उसकी अपेक्षा किनारे की मिट्टी को दूना प्रदेश घूमना पड़ेगा ॥

इस विषय में वक्ष्यमाण बात पर ध्यान किया चाहिए ॥

भिन्न भिन्न वेगवाले पदार्थ परस्पर तुलित हो सकते हैं यदि वे किसी कठिन वस्तु के द्वारा इस प्रकार से सम्बद्ध हों कि छोटे पदार्थ की गति उतनी ही अधिक हो जितना बड़े का भार अधिक है ॥ ६१ ॥

सम्पूर्ण यन्त्रनिर्माणशास्त्र इसी महत्तसिद्धान्त के अनुसार है। और उन्नोलनदण्ड आदि साधारण यन्त्र जिनके द्वारा मनुष्य अपनी अपरिमित शक्ति की गति और प्रकार को इष्ट कार्य का साधक कर सकता है उनका व्यापार इसी सिद्धान्त पर आश्रित है ॥

यन्त्रों में सब से सीधा उन्नोलनदण्ड है। उन्नोलनदण्ड उस समान दण्ड को कहते हैं जो किसी धातु वा काष्ठ आदि का बना है ॥

जो यह दण्ड बीचोंबीच किसी आधार पर स्थापित हो तो उसके दोनों भुज परस्पर तुलेंगे ॥

यदि समान भार के पदार्थ दोनों भुजों के टोंके पर लटकाए जांय तो भी उनकी तुलना बनी रहेगी। इसी सिद्धान्त पर साधारण तुलायन्त्र अर्थात तराजू बनाई जाती है ॥

यदि उन्नोलनदण्ड के बीचोंबीच आधार न हो परन्तु किसी ऐसे बिन्दु पर हो कि एक भुज दूसरे भुज की अपेक्षा दूना हो तो गुरुत्वकेन्द्र बड़े

भुज की ओर पड़ेगा। और बड़े भुज के टोंके पर कोई भार लटकावें तो वह छोटे भुज के टोंके के दूने भार को तुलेगा॥

इस से यह स्पष्ट है कि यदि तराजू की डण्डी के भुज लम्बाई में समान न हों तो सामग्री के तोलने में छल हो सकता है॥

आधार को और भी किनारे की ओर खसकाने से बड़े भुज के किनारे का कोई भार दूसरे भुज के किनारे के तिगुने चौगुने पंचगुने आदि भार की तुलना कर सकता है। और भी यदि बड़े भुज के किनारे के भार को कुछ बढ़ा देवें तो वह छोटे भुज के किनारे के बड़े भार की केवल तुलना ही न करेगा किन्तु उसको उठा भी देगा। इस प्रकार से उत्तोलनदण्ड के द्वारा केवल एक मनुष्य ऐसे बोझ को उठा सकता है जिसको कई एक मनुष्य मिलकर चला भी नहीं सकते॥

यह स्पष्ट है कि छोटे भुज के टोंके को थोड़े प्रदेश में चलाने के निमित्त बड़े भुज के टोंके को अधिक प्रदेश में चलाना पड़ता है। और इस प्रकार से बल का जितना लाभ होता है उतनी ही काल की हानि होती है॥

यह बात केवल उत्तोलनदण्ड ही के विषय में नहीं घटती परन्तु इतर सकल यन्त्रों के विषय में भी लगती है। पर इस से यह न समझा चाहिए कि यन्त्र व्यर्थ हैं क्योंकि जब कि हम अपने बल को बढ़ा नहीं सकते तो वे यन्त्र अत्यन्त उपयोगी हैं जिनकी सहायता से हम लोग काल के व्यय से किसी वस्तु के भार वा जड़त्व को अपनी शक्ति के समान कर सकते हैं॥

इन पूर्वोक्त यन्त्रों के प्रयोग से दूसरा बड़ा लाभ यह है कि उनके द्वारा हम लोग वातप्रवाह वा जलप्रवाह वा बाष्पविस्तृति इत्यादि स्वाभाविक शक्तियों से लाभ उठा सकते हैं। जब ये सब शक्ति हमारा काम करती हैं तब हमको केवल उनका व्यापार देखना और नियमित करना पड़ता है॥

द्रव द्रव्यों के स्वभाव का वर्णन हो चुका॥

अब हमको द्रव द्रव्यों के विशेष धर्मों का विचार करना है॥

॥ नववां प्रकरण ॥

द्रव पदार्थों में संयोगाकर्षण न्यून होता है। इस लिए वे पिण्डरूप नहीं हो सकते। वायु के लगने से जल में लहरें उठती हैं परन्तु गुरुत्व के वश से झट नष्ट हो जाती हैं ॥

द्रव पदार्थ सर्वदा अपने पृष्ठ को समान रखने की चेष्टा करते हैं ॥ ६२ ॥

द्रव पदार्थ के परमाणु स्वतन्त्रता से अर्थात पृथक् २ नीचे की ओर झुकते हैं। इस लिए वे चारों ओर से अर्थात नीचे ही नहीं परन्तु ऊपर और पार्श्व में भी एक दूसरे को दबाते हैं। यद्यपि द्रव द्रव्यों का ऊपर की ओर का दबाव गुरुत्व के विरुद्ध समझ पड़ता है तो भी यह केवल उनके नीचे की ओर के दबाव का फल है ॥

जैसा कि जब किसी टोंटीवाले पात्र में पानी डालते हैं तो वह पानी टोंटी में भी पात्र के जल के समान ऊंचा होता है। उस पात्र की पेंदी के जलपरमाणु ऊपर के जलपरमाणुओं से दबाए जाते हैं। और यदि ऊपर के जलपरमाणुओं को पथ मिलने की कोई उपाय हो तो पेंदी के जलपरमाणु उनके दबाव के अधीन होंगे। परन्तु यहां पर पेंदी के जलपरमाणु नीचे नहीं जा सकते इस लिए वे अपनी दिशा को बदलकर टोंटी में चले जाते हैं ॥

इसी कारण से जल को नगर के प्रत्येक भाग में पहुंचा सकते हैं यदि वह जल आरम्भ में नली के द्वारा किसी ऐसे स्थान से उतारा गया हो कि जो स्थान उस नगर के भागों से ऊंचा है। इसी प्रकार से यूरप देश के बहुतेरे नगरों में पानी पहुंचाया जाता है ॥

जब किसी पतले छेद की नली को जल से भरे हुए पात्र में डुबोते हैं तो नली के भीतर पानी पात्र के जलपृष्ठ की अपेक्षा अधिक ऊंचा होता

है क्योंकि उस नली के पार्श्व जल को आकर्षण करते हैं। इसी प्रकार से दीये का तेल सूक्ष्म नलियों के द्वारा जो उसकी बत्ती के सूतों से बनी रहती हैं ऊपर उठता है। और इसी रीति से वृक्ष और इतर वनस्पति में पानी उनकी सूक्ष्म नलियों के द्वारा ऊपर जाता है॥

पैंतालीसवें सूत्र की व्याख्या में जातीय गुरुत्व का लक्षण कह आए हैं॥

वस्तुओं का जातीय गुरुत्व अर्थात सापेक्ष भार निर्णय करने के लिए जल मापक ठहराया गया है॥ ६३॥

जब हम किसी वस्तु को भारी वा हलकी कहते हैं तो यह कथन किसी दूसरे की अपेक्षा होता है। जैसे सेतखरी लोहे से हलकी है और काठ से भारी है॥

वस्तुओं के जातीय गुरुत्व अर्थात सापेक्ष भार का निर्णय पहले उनको पानी के बाहर तोलने से और फिर पानी के भीतर तोलने से होता है॥

एक टुकड़ा सोना उतने ही पानी को बाहर करेगा जितना उसका परिमाण होगा। इस कारण से यदि एक घनाङ्गुल सोना पानी में डुबोया जाय तो वह एक घनाङ्गुल ही पानी को बाहर करेगा। सोने का भार पानी के बाहर की अपेक्षा पानी में न्यून होता है क्योंकि नीचे के जलपरमाणु उसको ऊपर उठाते हैं। कल्पना करो कि एक टुकड़ा सोना है जिसकी तोल पानी के बाहर उन्नीस पल है। यदि पानी में तोलने से वह एक पल घट जाय तो उस सोने के डुबोने से जो पानी बाहर होगा उसका भार एक पल होगा। इस से निश्चय होता है कि पानी की अपेक्षा सोना उन्नीस गुना भारी है॥

यदि परीक्षणीय वस्तु का भार उस पानी के भार के समान हो कि जिस में उसको डुबाते हैं तो वह वस्तु पानी से वैसे ही अवलम्बित होगी जैसे उसके स्थान का पानी पहिले अवलम्बित था॥

जब कोई वस्तु पानी में डुबोने से अपने भार के समान पानी को बाहर करती है तो वह पानी में अवलम्बित रहती है। परन्तु यदि उस वस्तु का परिमाण अपने समान भारवाले पानी के परिमाण से अल्प हो तो डूब जाती है जैसा कि मिट्टी की गोली पानी में डूब जाती है ॥

यदि मिट्टी की गोली का कसोरा बनाकरे जल में डालें तो वह अपने भार की अपेक्षा अधिक पानी बाहर करेगा और इसी कारण से पानी पर तैरेगा ॥

नाव पर जितना अधिक बोझा रखा जाता है उतना ही वह पानी में अधिक डूबती है और अपने सम्पूर्ण भार के तुल्य पानी को स्थानान्तर में कर देती है। इसी प्रकार से लोहे की नावें भी पानी पर चल सकती हैं। गङ्गा में जो धूएं की नावें चलती हैं वे लोहे की बनी हैं ॥

जब जल की अपेक्षा हलकी वस्तुओं का जातीय गुरुत्व जानना इष्ट है तो उनके साथ एक ऐसी वस्तु को बांध देना होता है कि जिसका जातीय गुरुत्व ज्ञात हो और जिसके बांधने से वह डूब जाय ॥

जल तेल दुग्ध इत्यादि पदार्थों में स्थितिस्थापक गुण अति अल्प रहता है और उन पदार्थों को द्रव पदार्थ कहते हैं। इतर द्रव पदार्थों में स्थिति-स्थापक गुण बहुत है ॥

अब हम स्थितिस्थापकगुणयुक्त वायु आदि पदार्थों का यान्त्रिक धर्म कहते हैं ॥

॥ दसवां प्रकरण ॥

वायु का मुख्य गुण जिस करके वह जल आदि द्रव द्रव्यों से भिन्न होती है स्थितिस्थापक है ॥ ६४ ॥

वायु में स्थितिस्थापक गुण से वह शक्ति समझी जाती है जिस से वायु अपने अधिक वा न्यून पीडन के अनुहार फैलती वा सिकुड़ती है ॥

वायु में स्थितिस्थापक गुण के रहने से वह चारों ओर दबाती है ॥
एक मुख्य धर्म जिसके विषय में वायु जल के सदृश है सो यह है ॥

वायु में भार है ॥ ६५ ॥

इसके प्रमाण आगे लिखते हैं ॥

जब हम नरई के द्वारा पानी को सुरकते हैं तोहमको अपनी छाती फुलानी पड़ती है । और छाती के फुलाने से वहां की वायु का परिमाण बढ़ता है । इस कारण से पानी पर जो बाहर की वायु का दबाव लगता है उसकी अपेक्षा भीतर की वायु का दबाव अल्प हो जाता है और इसी से जल नरई के भीतर ऊपर उठता है ॥

थोड़ी सी वायु के भार का निश्चय किसी काचपात्र की वायु को वायुवाकर्षक-यन्त्र से निकालकर उस पात्र के तोलने से होता है। कल्पना करो कि एक काचपात्र है जिसका परिमाण १ घनाङ्गुल है और जब उस पात्र की वायु को निकालकर उस पात्र को तोलते हैं तो उसका भार एक कुटांक होता है। फिर जब उस में वायु भरकर तोलते हैं तो एक कुटांक का ४८० वां अंश बढ़ जाता है। इस से यह निश्चय होता है कि १ घनाङ्गुल वायु का भार दो ग्रेन के लगभग है ॥

यदि वायु का जातीय गुरुत्व जानना हो तो उक्त पात्र को पानी से भरो तो १ घनाङ्गुल पानी का भार पन्द्रह सौ पन्द्रह ग्रेन होगा । इस से यह ज्ञात होता है कि वायु के भार से पानी का भार आठ सौ गुने के लगभग है ॥

कितने एक प्रमाणों से समझा जाता है कि पृथ्वी के ऊपर बाईस कोस पर्यन्त सामान्य वायु है । ऊपर की वायु के भार से दबकर नीचे की वायु अधिक घन रहती है । ऊंचे पहाड़ों के शिखर पर वायु इतनी पतली रहती है कि वहां सांस लेना कठिन पड़ता है ॥

पहाड़ की उंचाई वायुगुरुत्वमापक यन्त्र से ज्ञात होती है ॥

उस यन्त्र के बनाने की रीति यह है कि एक काच की गज़भर के लगभग लम्बी नली को जिसका एक मुंह खुला हो पारा से भरो । तब खुले हुए मुंह को अंगुली से मूंदकर पारा से भरे पात्र में उसको औंधाकर सीधी खड़ी करो । तो उस नली का कुछ पारा उस पात्र में गिर पड़ेगा और उस नली के ऊपर के भाग में कुछ स्थान रिक्त हो जायगा जहां वायु का प्रवेश नहीं । इस लिए यह भाग सम्पूर्ण रूप से शून्य रहेगा । और इसी कारण से जब कि पात्र के पारा पर वायु का दबाव लगता रहता है उस समय नली के पारा पर उसका दबाव न लगेगा। और जो वायु का दबाव पात्र के पारा पर होगा वही नली के पारा को सम्भालेगा । इस लिए जब जहां बाहर की वायु का दबाव अधिक होगा तब तहां भीतर का पारा अधिक उठेगा ॥

वायुगुरुत्वमापक यन्त्र में पारा की उंचाई उन्तालीस अङ्गुल के लगभग रहती है । और जब उस यन्त्र को किसी पर्वत वा किसी ऊंचे मीनार के शिखर पर ले जाते हैं तो वहां की वायु का दबाव न्यून लगने से पारा कुछ नीचे उतरता है । इस प्रकार अनेक बार परीक्षा करने से निर्णय हुआ है कि कितने सौ वा सहस्र हाथ अधिक ऊंचा ले जाने से पारा के अङ्गुल नीचे उतरता है । और इस रीति से यह यन्त्र पहाड़ों की उंचाई के जानने में काम आता है ॥

जब कि आंधी आने को होती है तब भी इस यन्त्र का पारा नीचे उतरता है । इस गुण से यह यन्त्र नाविक लोगों का अत्यन्त उपकारक है क्योंकि जब समुद्र में जहाज़ चलता रहता है उस समय आंधी का आना इस यन्त्र के द्वारा पहले से ज्ञात हो जाता है ॥

वायु का जितना दबाव नली के भीतर उन्तालीस अङ्गुल पारा सम्भाल सकता है उतने ही वायुपीडन से वह वस्तु जिसका जातीय गुरुत्व पारा से अल्प है अधिक ऊंची अवलम्बित होगी । पारा का जातीय गुरुत्व पानी की अपेक्षा साढ़े तेरह गुना है। तो यदि पारा की उंचाई से अर्थात साढ़े उन्तालीस अङ्गुल से साढ़े तेरह को गुणा दें तो पानी की उंचाई बाईस हाथ आती है। और परीक्षा करने से भी ज्ञात हुआ है कि वायु का दबाव पानी को बाईस हाथ ऊंचा सम्भालता है ॥

पारा और पानी ऐसे दो द्रव द्रव्य जो कि आपस में मिल नहीं सकते उनका सापेक्ष जातीय गुरुत्व जानने का यह प्रकार है कि अङ्गुष्ठ के सदृश टेढ़ी काचनली के दोनों मुखों को ऊपर करके रखो फिर उस में उन दो पदार्थों को इतना भरो कि उनका संयोग नली के मध्यकोण में हो। तब उस नली के दोनों भागों में उन पदार्थों की जितनी उंचाई होगी उसके विपरीत प्रमाण में उनका सापेक्ष जातीय गुरुत्व जानो। जैसा कि उक्त नली के एक भाग में जो एक अङ्गुल पारा हो तो वह दूसरे भाग के साढ़े तेरह अङ्गुल पानी को तुलेगा। और इस से अनुमान करते हैं कि पारा पानी की अपेक्षा साढ़े तेरह गुना भारी है ॥

जब ऐसी नली को जिसका निर्देश हम ने ऊपर किया है उलट देते हैं अर्थात उसके दोनों मुखों को नीचे कर देते हैं तो उसको कुक्कुटनाड़ी यन्त्र बोलते हैं। भास्कराचार्य ने अपनी शिरोमणि सिद्धान्त के यन्त्राध्याय में इस यन्त्र का वर्णन इस प्रकार से किया है कि किसी जलपूर्ण पात्र में पानी से भरी हुई तांबे अथवा और किसी पदार्थ की ठेढ़ी नली का एक मुख डुबाकर दूसरे मुख को जलपात्र के बाहर झुकाकर छोड़ दो तो उसके द्वारा जलपात्र का सम्पूर्ण जल बाहर निकस पड़ेगा ॥

इसी प्रकार से जब किसी कमल की डंठी का फूल तोड़कर और उस डंठी के छेदों को पानी से भरकर किसी जलपूर्ण पात्र में लगाते हैं तो उस से भी पात्र का जल बाहर निकस जाता है। इस कुक्कुटनाड़ी यन्त्र की रीति पर इन्द्रजाली और शिल्पियों ने अनेक चमत्कारक यन्त्र बनाए हैं ॥

कुक्कुटनाड़ी यन्त्र का कार्य वायुगुरुत्व के अधीन है। नली के डूबे हुए भाग में जितना जल रहता है उसकी अपेक्षा बाहर के बड़े भाग में अधिक रहता है। इसी से उस जल समूह का भार भी अधिक होता है। और जब कि पानी गिरने लगता है उस समय जो वायु का दबाव पात्र के पानी पर रहता है उस से पानी नली के छोटे भाग में शीघ्र न उठे तो ऊपर के भाग में शून्य हो जायगा ॥

शब्द की साधारण वाहक वायु है। परन्तु वायु से अतिरिक्त और पदार्थ भी शब्द के वाहक हैं ॥

अब हम शब्द के विषय में कुछ वर्णन करते हैं ॥

॥ ग्यारहवां प्रकरण ॥

जब वायु में अथवा किसी और वस्तु में जो कि साक्षात वा परम्परा से कान से सम्बद्ध है अचांचक कोई धक्का लगता है तब शब्द सुनाई देता है ॥ ६६ ॥

इसी प्रकार से घण्टा आदि का शब्द जल के भीतर से सुनाई देता है ॥

ठोस वस्तुओं के द्वारा भी शब्द कान में पहुंचता है । इसका निश्चय यों होता है कि लोहे के एक सिकचे को डोरी के मध्य में बांधकर उस डोरी के दोनों टोंकों को दोनों कानों के पास लगाकर उस सिकचे को पृथ्वी पर से उठाओ और उसको किसी दूसरे लोहे से ठनकारो तो शब्द उस डोरी के द्वारा कान में पहुंचेगा । और यह शब्द उस शब्द की अपेक्षा जो कि केवल वायु के द्वारा कान में जाता है अधिक स्पष्ट होगा ॥

जब कि कोई बजनेवाला पदार्थ जैसा कि घण्टा आदि बजाया जाता है तो उस में एक प्रकार का शीघ्र कम्पन उत्पन्न होता है । यह कम्पन वायु से संयुक्त होता है वायु उसको कर्ण तक पहुंचाती है और वहां शब्दबोध होता है ॥

जब कि किसी ऐसे पात्र में घण्टा बजाया जाता है जिसकी वायु निकाल ली गई है तो शब्दबोध नहीं होता ॥

शब्दवान पदार्थ के कांपने से जो वायु में कम्पन उत्पन्न होता है सो उस लहर के कुछ सदृश है जो कि स्थिर जल में एक ढेला के डालने से उठती है ॥ ६७ ॥

जब स्थिर जल में कोई ढेला डालते हैं तो जहां वह ढेला गिरता है उस स्थान में एक गोलाकार छोटी लहर उत्पन्न होती है और यह लहर फैलकर क्रम २ से अपने आसपास के जल में बढ़ जाती है और तब कुछ दूर तक वैसी ही लहरें उत्पन्न होती हैं॥

वायु के कम्पन को कुछ दूर तक पहुंचने में कुछ काल लगता है। जैसा कि जब हम दूर से देखते हैं कि किसी धोबी ने भीगे कपड़े को पाट पर पटका तो उसके कुछ काल के अनन्तर शब्द सुनाई देता है॥

गणित करने से ज्ञात हुआ है कि वायुगत शब्द का गमन प्रति असुपाद में सात सौ एकसठ हाथ होता है॥ ६८॥

शब्द का गमन समान होने से हम लोग शब्दवान पदार्थ की दूरी को जान सकते हैं। जो विद्युत के चमकने के तीस असुपाद के अनन्तर गर्जन हो तो अनुमान होता है कि मेघ तीन कोस से अधिक दूर नहीं है॥

वायु की तरङ्गों के रुक जाने से प्रतिध्वनि होती है॥ ६९॥

तड़ाग में पत्थर डालने से जो लहरें उत्पन्न होती हैं वे तीर पर लगकर लौट आती हैं। तैसे ही जब वायु की लहरें भीत वा चटान के कठोर और नियताकार पृष्ठ पर रुककर लौट आती हैं तब प्रतिध्वनि होती है। इस प्रकार से लहरें लौटकर कान में आती हैं और दुबारा उसी शब्द को प्रगट करती हैं। परन्तु दूसरी बार यह शब्द उस पदार्थ से आता हुआ समझ पड़ता है जहां से कि लौटकर आता है जैसे प्रतिबिम्ब दर्पण के पीछे ज्ञात होता है जहां से कि किरणें लौटती हैं॥

यदि लहरें लम्बरूप गति से चलकर किसी स्थान में रुकें तो वे उसी रेखा में लौट आवेंगी। और यदि टेढ़ी गति से गई हों तो फिरने के समय उस लम्ब की दूसरी ओर से उतनी ही टेढ़ी आवेंगी जितनी टेढ़ी गई होंगी। अर्थात दोनों कोण समान होंगे ॥

द्रव पदार्थ घन पदार्थ और वायु में भी जो गुरुत्व है सो आकर्षण का फल है। परन्तु उत्सारण के प्रधान कारण अर्थात उष्णता में गुरुत्व के होने का कुछ प्रमाण नहीं यद्यपि उसके कितने एक धर्म ऐसे हैं जो कि उक्त पदार्थों में भी हैं ॥

बारहवां प्रकरण ॥

उष्णता को वस्तु से अलगाकर नहीं दिखा सकते और उसके भारी वा जड़ होने का भी कुछ प्रमाण नहीं ॥ ७० ॥

लोहे का गोला धिकाने से अधिक भारी नहीं होता ॥

उष्णता अपने समीप की वस्तुओं में यहां तक प्रवेश करती है कि वे सब वस्तु समान उष्ण हो जातीं हैं ॥ ७१ ॥

लोहे के एक तप्त गोले को पानी के बासन में डालो तो गोला ठंढा और पानी उष्ण हो जाता है ॥

थोड़ी उष्णता को ठंढ कहते हैं ॥ ७२ ॥

जो मनुष्य हिमालय पहाड़ की किसी घाटी के ऊंचे स्थान से आधा पथ लांघकर नीचे उतर आता है वह कहता है कि आह कैसी उष्ण वायु है। और जो मनुष्य नीचे के प्रदेशों से उसी स्थान में जाता है सो कहता है कि बयार बड़ी ठंढी है। इन दोनों मनुष्यों में से एक को वायु उष्ण ज्ञात होती है और दूसरे को ठंढी। इसका कारण यह स्पष्ट है कि जिस वायु को स्पर्श करके ऊपरवाला मनुष्य आया है उसकी अपेक्षा वह अधिक उष्ण है। और जिस वायु को स्पर्श करके नीचेवाला मनुष्य गया है उसकी अपेक्षा वह अल्प उष्ण है। इस से यह समझ पड़ता है कि अनुभव उष्णता का यथार्थ ज्ञापक नहीं है॥

जैसे ये दोनों मनुष्य अपने २ स्पर्श के अनुसार विरुद्ध बात कहते हैं वैसे ही मनुष्य के दोनों हाथ भी एक पात्रस्थ जल के विषय में विरुद्ध साक्षी दे सकते हैं। तुम अपने दाहने हाथ को अति ठंढे पानी में डालो और उसी समय में बांए हाथ को निपट उष्ण पानी में रखो। फिर थोड़े काल के अन्तर दोनों हाथों को गुनगुने जल के पात्र में डालो। तो वह जल दाहने हाथ को उष्ण और बांए हाथ को ठंढा लगेगा। इस से पूर्वगत दृष्टान्त की अपेक्षा और स्पष्ट प्रकार से ज्ञात होता है कि अनुभव विश्वासयोग्य उष्णता-मापक नहीं है॥

उष्णता वस्तुओं को फैलाती है और इसी कारण से जिस वस्तु के विस्तार को ठीक नाप सकते हैं वही उष्णता-मापक है॥ ७३॥

उष्णता का परिमाण जानने के लिए साधारण उष्णतामापक यन्त्र यह है कि एक काच के कोष में पारा वा और कोई द्रव द्रव्य भरकर उसके ऊपर एक पतली नली लगाते। उस कोष के भीतर की द्रव वस्तु उष्णता के

सम्बन्ध से विस्तृत होकर ऊपर उठती है और उस से उष्णता की कमती बढ़ती जान सकते हैं ॥

भिन्न २ वस्तुओं में उष्णता भिन्न २ शीघ्रता से चलती है ॥ ७४ ॥

जलती हुई दीयासलाई को तब तक अंगुलियों से पकड़े रह सकते हैं जब तक कि ज्वाला अंगुलियों के अति निकट नहीं पहुंचती । परन्तु जो किसी धातु के छोटे तार के एक टोंके को दीए की टेम में लगा दें तो वह शीघ्र ही ऐसा उष्ण हो जाता है कि उसको छू भी नहीं सकते ॥

उष्णता आकाश में भी चलती है ॥ ७५ ॥

ऐसी उष्णता को किरणरूप उष्णता कहते हैं ॥

सन्नाम वस्तुओं से जैसा कि एक तपाए हुए लोहगोलक से उष्णता सीधी रेखा में चारों ओर फैलती है । और पतन परावर्तन कोण की समता की विधि इन्हीं किरणों को घटती है । यदि सूर्य की किरणें किसी गहरे पेट के धातुमय दर्पण में गिरें तो वहां से लौटकर सब एक बिन्दु में संयुक्त होती हैं । और वहां उष्णता इतनी अधिक हो जाती है कि कितनी एक वस्तु वहां रखने से जल जाती हैं । यदि किसी कोठरी में दो और एक एक गहरे पेट के दर्पण आमने सामने नियत दूरी पर रखे जांय और एक के सामने अन्न रखा जाय और दूसरे के सामने अग्नि तो वह अन्न उस अग्नि से पक जायगा ॥

यदि काच की नली को टसर के कपड़े पर अथवा लाह की बनी को ऊनी वस्त्र पर सङ्घर्षण करो तो उष्णता से अतिरिक्त एक दूसरा कार्य भी उत्पन्न होता है जिसको वैद्युत कार्य कहते हैं । वह नली पंख वा तृण वा कागज़ के टुकड़े को पहिले आकर्षण करती है और फिर हटा देती है ॥

जो दूस प्रकार से धंसी हुई किसी बड़ी काचनली के पास अंगुली ले जांय तो उस नली से चिनगारियां निकसती हैं और चुट चुट शब्द होता है। और भी जब वायु शुष्क रहती है उस समय मार्जार के पीठ पर वेग से हाथ धंसने से यही दशा होती है॥

गरजने और लौकने का भी यही स्वभाव है। गुड्डी के द्वारा विद्युत को मेघ से नीचे उतारा है। और जो २ परीक्षा काच और टसर के धंसने से उत्पन्न विद्युत से हुई हैं वे दूई उस विद्युत से भी हुई हैं॥

बिजली भी उष्णता की नाईं सर्वदा समान रहा चाहती है। दूसी से जब कोई मेघ कुछ कारण पाकर विद्युतपूर्ण हो जाता है और वह किसी अल्प विद्युतवाले मेघ वा किसी वृक्ष वा गृह के निकट आ जाता है तो उस में की विद्युत बड़े वेग से निकसती है और उसके साथ एक शब्द भी होता है॥

जिस पदार्थ में विद्युत बहुत होती है उसकी विद्युत को धातु के एक नोकीले छड़ के द्वारा विना शब्द और वेग के अलगा सकते हैं। जो किसी गृह के पास धातु के छड़ का एक छोर पृथिवी में गड़ा हो और दूसरा टोंका उस गृह से ऊंचा हो तो यह यन्त्र उस गृह को विद्युत से बचा सकता है। दूस उपाय के द्वारा कलकत्ता आदि नगरों के लोग लाभ उठाते हैं॥

जब पदार्थों का रसायनीय व्यासकरण होता है तो उन में भी विद्युतकार्य दिखलाई देता है। दूस विद्युत को विद्युत विशेष कहते हैं॥

विद्युत विशेष के द्वारा इङ्गलण्ड देश में सैकड़ों कोस की दूरी पर एक पल में वृत्तान्त भेजा जाता है। और अब हमारे दूस भारतवर्ष में भी यह बिजली की डाक प्रस्तुत हुई है कि जिसके द्वारा कलकत्ते का वृत्तान्त आगरा आदि नगरों में पल भर में पहुंच जाता है॥

और दूसी विद्युत विशेष के द्वारा पानी के नीचे बारूद को बड़ी दूर से क्षण भर में उड़ा सकते हैं। और जब नाव आदि पदार्थ टूटकर जल के नीचे बैठ जाते हैं कि जिन से नौका का गमनागमन रुक जाता है तो दूस बाधा को उक्त युक्ति से झट निवारण कर सकते हैं। यह कार्य गङ्गा नदी में कई एक बार हुआ है॥

व्यास के अन्तर पर हो जाती है। जब बृहस्पति पृथ्वी के पास रहता है उस समय उसके चन्द्रों के ग्रहण का काल निर्णय करके गणक लोगों ने उसी के अनुसार उन चन्द्रों के भविष्य ग्रहणों का काल निर्णय किया। परन्तु यह जाना गया कि जब वह ग्रह अत्यन्त अन्तर पर था तब उसके चन्द्रों का ग्रहण निर्णीत काल से चालीस पल के अनन्तर देख पड़ा। इस से यह ठहराया गया कि तेज को पृथ्वी की कक्षा लांघने में चालीस पल लगता है। और इस सिद्धान्त से तेज की गति का निर्णय यों हुआ। पृथ्वी से सूर्य की दूरी चार करोड़ पचास लाख कोस है। इस लिए जब बृहस्पति अपनी अत्यन्त दूरी पर रहता है तो अपने अत्यन्त न्यून अन्तर की अपेक्षा नौ करोड़ कोस अधिक दूर रहता है। तेज को इतनी दूर चलने में चालीस पल लगते हैं। तो भाग देने से ज्ञात हुआ कि तेज की गति एक अनुपाद में लाख कोस के लगभग होती है॥

जब तेज की किरणें किसी परप्रकाश पदार्थ पर पड़ती हैं तो वे वहां से बहुत करके लौटती हैं जैसे स्थितिस्थापकविशिष्ट गेंद भीत पर लगके लौटती है॥ ९८॥

यहां भी परावर्तनकोण पतनकोण के समान होता है। यदि किसी अंधेरे घर में सूर्य की किरण को एक छोटे छिद्र में से लाकर किसी धातुमय दर्पण के पेट में लम्बरूप गिराओ तो केवल एक किरण दिखाई देगी क्योंकि यद्यपि उस किरण में पतित किरण और परावृत्त किरण के आने जाने की दिशा विरुद्ध हैं तो भी पथ एक है। और यदि उस दर्पण को ऐसे स्थापित करो कि सूर्य की किरणें उस पर टेढ़ी पड़ें तो लम्बरेखा की दूसरी ओर से इस भांति परावृत्त होंगी कि परावर्तनकोण पतितकोण के समान होगा॥

परप्रकाश पदार्थों का दर्शन केवल उन से परावृत्त किरणों के द्वारा होता है। और स्वप्रकाश पदार्थों की किरणें साक्षात आकर हमारी आंख पर पड़ती हैं। परन्तु जो किरणें स्वप्रकाश पदार्थ से निकसकर दूसरे पदार्थ पर पड़ती हैं उन किरणों को हम साक्षात नहीं देखते किन्तु जब उन वस्तुओं से लौटकर हमारी आंख में आती हैं तब देख पड़ती हैं। जिस किरण के विषय में हम ने ऊपर लिखा है कि दर्पण पर पड़के परावृत्त होती है सो किरण केवल उस तेज के द्वारा दिखाई दे सकती है जो तेज वायु के रजकणों से परावृत्त होकर आंख पर पहुंचता है जिन रजकणों पर वह किरण दर्पण पर आने और उस से लौटने के समय पड़ती है॥

जब तेज एक पारदर्शक वस्तु में होकर दूसरे पारदर्शक पदार्थ में प्रवेश करता है तो उसका पथ पलट जाता है॥ ७६॥

ऐसी कारण से जब कोई छड़ी एक अङ्ग से पानी में सीधी डुबोई जाती है तो छोटी देख पड़ती है और जब टेढ़ी डुबोई जाती है तो पानी में जितनी डूबी रहती है उतनी पानी के पृष्ठ से टूटी ऐसी समझ पड़ती है॥

इस से यह समझ पड़ता है कि जब कोई किरण वायु में होकर जल में प्रवेश करती है तो जल उसे अधिक आकर्षण करता है। यदि वह किरण पानी के पृष्ठ पर लम्बरूप से गिरे तो पानी उसे सीधे पथ से आकर्षण करेगा। परन्तु जो टेढ़ी गिरे तो पानी उसे टेढ़ा खींचेगा और लम्बरेखा के निकट करेगा। अर्थात जल के पृष्ठ पर जहां उस किरण का सम्पात होगा उस बिन्दु से जो एक लम्बरेखा पानी के भीतर कल्पना की जाय तो वह किरण टेढ़ी होकर उस रेखा के निकट होगी अपनी सूध पर न चली जायगी॥

जब किरण किसी घन पारदर्शक में होकर पतले पारदर्शक में प्रवेश करती है तो उक्त नियम के विपरीत होता है। अर्थात यह किरण लम्ब-रेखा की विरुद्ध दिशा में टेढ़ी होकर चलती है॥

इस बात का निश्चय करने को एक छिछिले पात्र में कोई रुपैया इस प्रकार से रखो कि जो किरण सूर्य से अथवा किसी दीपक से आकर उस पर पड़े सो पात्र की बारी से रुक जाय कि जिस से रुपैया देख न पड़े। फिर उस पात्र को जल से भरो तो किरण के नीचे वक्र होने से वह रुपैया दृष्ट होगा॥

फिर उस पात्र से पानी को निकालकर उस रिक्त पात्र में रुपैया डालकर इतनी दूर पीछे हटो कि रुपैया पात्र की बारी से छिप जाय। और तब उस पात्र को फिर पानी से भरो तो रुपैया फिर से दृष्ट होगा। क्योंकि जो किरणें रुपैए से परावृत्त होकर पात्र की बारी से न रुककर पहिले आंख के ऊपर चली जाती थीं सो अब नीचे की ओर वक्रीकृत होकर आंख में पैठेंगी॥

इसी कारण से जिस नदी वा झील का पानी अत्यन्त निर्मल होता है उसका तल वास्तविक अवस्था से अधिक ऊंचा समझ पड़ता है। अज्ञानी बालक जो तैरने नहीं जानते वे ऐसे स्थानों में स्नान के लिए पैठकर कभी कभी डूब जाते हैं क्योंकि उनको यह नहीं ज्ञात होता कि यहां बहुत गहरा है॥

जब सूर्य वा कोई तारा क्षितिज के समीप रहता है उस समय जो किरणें उस से आती हैं सो वायु में प्रवेश करके नीचे की ओर वक्र होती हैं। इस कारण से उस अवस्था में सूर्य आदि दिव्य पदार्थ वस्तुत जिस स्थान में रहते हैं उसकी अपेक्षा कुछ ऊंचे ज्ञात होते हैं। क्योंकि हम लोग किसी वस्तु को उसी दिशा में देखते ही हैं कि जिधर से आकर किरणें आंख में प्रवेश करती हैं॥

जो पदार्थ खस्वस्तिक में अर्थात हम लोगों के मस्तक की सूध पर रहते हैं उन से आगत किरणें वक्र नहीं होतीं। सब से अधिक किरणों का वक्र होना क्षितिज पर है। और ज्यों २ पदार्थ खस्वस्तिक के निकट आते हैं त्यों २ किरण की वक्रता न्यून होती है। इस कारण से सूर्य के उगने के समय उसके ऊपरी भाग की अपेक्षा निचले भाग की किरणें

अधिक वक्र होती हैं। और जब वायु आर्द्र रहती है कि जिस से किरण की वक्रता अधिक होती है तो सूर्य का आकार कुछ अण्डे के सदृश दृष्ट आता है॥

ज्योतिषशास्त्रसम्बन्धी ग्रहवेध में इस वक्रता के लिए कुछ संस्कार करना पड़ता है। क्षितिज से लेकर जहां कि किरण की वक्रता सब से अधिक है खस्वस्तिक तक जहां कि उसका अभाव हो जाता है सब अंशों की सारणी बनाई गई है। और यह सारणी ज्योतिषशास्त्रीय ग्रन्थों में लिखी है॥

जब काच के एक शिलाखण्ड पर कोई किरण टेढ़ी पड़के उस में से जाती है तो उसका वक्रीभवन दो बार होता है। जब किरण वायुरूपी विरल पदार्थ से काचरूपी गभिन पदार्थ में प्रवेश करती है तो उस काचशिलाखण्ड के पृष्ठ से जो भीतर लम्ब होता है उसकी दिशा में वक्र होती है। और जब काचरूपी घन पदार्थ से वायुरूपी विरल पदार्थ में प्रवेश करती है तो जो लम्ब उस काचशिलाखण्ड के दूसरे पृष्ठ से वायु में होता है उस लम्ब से दूर जाती है। और यह किरण दो स्थानों में विपरीत दिशा में वक्र होती है। इस से फल में प्राय वैसी ही होती है जैसा कि वक्रता न हुई॥

परन्तु यह बात तभी होती है जब किरण को वक्रकरनेहारे पदार्थ के दोनों पृष्ठ आपस में समानान्तर होते हैं। और यदि समानान्तर न हों तो किरणें दोनों स्थानों में एक ही दिशा में वक्र हो सकती हैं। जब कि समानान्तर किरणें किसी उभयपृष्ठ मध्योन्नत काचखण्ड के पृष्ठ पर पड़ती हैं तो उन में से जो किरण उस काचखण्ड की अक्षरेखा की सूध पर गिरती है सो ई उसके पृष्ठ पर लम्बरूप होती है। अक्षरेखा उस रेखा को कहते हैं जो किसी पदार्थ के भीतर उसके केन्द्र को स्पर्श करके उसके दोनों पृष्ठों पर लम्बरूप होती है। और इतर सब किरणें जो कि पृष्ठ पर टेढ़ी पड़ती हैं उसी लम्बरेखा की ओर परावृत्त होती हैं। और जब किरणें उक्त काचखण्ड के दूसरे पृष्ठ से निकलती हैं तो लम्ब रेखा से दूर गिरने के कारण टेढ़ी होकर अक्षरेखा की ओर फिर झुकती हैं। और इस कारण से अन्त में सब किरणें उस काचखण्ड के इस पृष्ठ के पीछे एक बिन्दु पर संयुक्त होती हैं।

इस बिन्दु को नियत बिन्दु कहते हैं। यह बिन्दु अनुमान में उस चापाकार काचखण्ड के गोल के व्यासार्ध की दूरी पर रहता है॥

मध्योन्नत काचखण्ड के द्वारा सूर्य की किरणों को एक नियत बिन्दु पर इकट्ठा कर सकते हैं। और जब यह काचखण्ड इस काम में लगाया जाता है तो उसे दाहकाच बोलते हैं। क्योंकि यदि कोई काग़ज़ का टुकड़ा उसके नियत बिन्दु पर रखा जाय तो वह जल जाता है॥

और मध्योन्नत काचखण्ड स्थूलदर्शक यन्त्र भी है। अर्थात उसके द्वारा सूक्ष्म पदार्थ बड़ा देख पड़ता है॥

इसका कारण हम आगे लिखते हैं। जब पदार्थ आंख से दूर रहता है तब छोटा समझ पड़ता है और जब आंख के निकट आता है तब बड़ा ज्ञात होता है। एक छोटा पदार्थ सुरचित आंख से आठ अङ्गुल की दूरी पर स्पष्ट देख पड़ता है। और यदि वही पदार्थ अधिक निकट ले आया जाय तो बड़ा समझ पड़ेगा परन्तु उतना स्पष्ट नहीं। इस बात की परीक्षा के लिए किसी पुस्तक को पहिले आठ अङ्गुल की दूरी पर से देखो फिर उसको आंख के अधिक निकट से देखो तो इस बात का निश्चय होगा॥

निकट ले आने से जो अस्पष्टता होती है इसका कारण यह है कि आंख के अग्र भाग में मध्योन्नत काचखण्ड के सदृश एक द्रव बिन्दु रहता है और उस में किरणों को वक्र करने की ऐसी शक्ति है कि यदि आठ अङ्गुल की दूरी पर रहनेहारे पदार्थ से आगत किरणें उस पर पड़ें तो वे किरणें उस द्रव बिन्दु के पीछे रहनेहारे चित्रपट पर नियत बिन्दु में संयुक्त होती हैं। और वहां किरणों के मिलित होने से वह वस्तु स्पष्ट दिखाई देती है। परन्तु यदि किरणें और निकट से आवें तो इस प्रकार से वक्र नहीं होतीं कि उनका संयोग चित्रपट पर नियत बिन्दु में हो और इसी कारण से वस्तु स्पष्ट नहीं देख पड़ती॥

जब लोग बूढ़े हो जाते हैं तो उनके नेत्र का द्रवपदार्थमय बिन्दु जो कि मध्योन्नत काचखण्ड की नाईं है घट जाता है और इसी कारण से उनको पुस्तक के अक्षर आठ अङ्गुल की दूरी पर स्पष्ट नहीं देख पड़ते। परन्तु यदि हाथ-भर की दूरी पर पुस्तक को रखें तो उसके अक्षर स्पष्ट देख पड़ते हैं॥

यह जो आंख का दोष है सो मध्योन्नत काचखण्ड का चश्मा लगाने से कथञ्चित दूर हो सकता है। क्योंकि यह काचखण्ड उन किरणों को जो कि किसी पदार्थ से आकर उस पर पड़ती हैं नेत्र में पहुंचने के पूर्व इस प्रकार से सिकोड़ता है कि आंख का द्रवपदार्थमय बिन्दु स्पष्ट देखने के लिए अवशेष कार्य कर लेता है अर्थात उन किरणों को चित्रपत्र पर नियत बिन्दु में संयुक्त कर देता है॥

किसी ऐसे मध्योन्नत काचखण्ड को जो कि किरणों को अत्यन्त वक्र करता है किसी सूक्ष्म पदार्थ और नेत्र के बीच में रखने से वह पदार्थ नेत्र के पास ले आने पर स्पष्ट देख पड़ता है और कुछ बड़ा भी ज्ञात होता है। ऐसे काचखण्ड को स्थूलदर्शक यन्त्र कहते हैं॥

धातु के एक पत्र में छोटा सा गोलाकार छेद करके उस पर एक बून्द पानी डालो तो वह पानी उस धातुपत्र के दोनों ओर गोलरूप हो जायगा। और इस से स्थूलदर्शक यन्त्र का काम सिद्ध होगा। अर्थात उस में से देखने से सूक्ष्म वस्तु बड़ी देख पड़ेगी॥

किसी अंधेरी कोठरी की खिड़की के पट में एक छेद करके उस में मध्योन्नत काचखण्ड जड़के उसके पीछे उस कोठरी में काग़ज़ का एक पत्र उचित दूरी पर रखो तो उस काग़ज़ के पत्र पर बाहर के वृक्ष गृह चलते हुए मनुष्य इत्यादि पदार्थ प्रतिबिम्बित होंगे। इस प्रकार की व्यवस्था आंख में भी है। सो हम आगे दिखलावेंगे॥

जो व्यापार मध्योन्नत काचखण्ड से होता है उसका ठीक विरुद्ध व्यापार मध्यनिम्न काचखण्ड से सिद्ध होता है। जब मध्यनिम्न काचखण्ड के भीतर से किसी वस्तु को देखते हैं तो सूक्ष्म देख पड़ती है॥

कितने एक तरुण पुरुषों की आंख के द्रवपदार्थमय बिन्दु का मध्य ऐसा उन्नत रहता है कि किरणें चित्रपत्र पर पहुंचने के पूर्व नियत बिन्दु में संयुक्त हो जाती हैं। फिर वहां से अपनी २ रेखा में चलकर चित्रपत्र पर पृथक २ पहुंचती हैं और इसी कारण से चित्रपत्र पर स्पष्ट प्रतिबिम्ब नहीं पड़ता ऐसे लोग केवल बहुत निकट से वस्तु को स्पष्ट देख सकते हैं॥

यदि ऐसे निकटदर्शी लोग मध्यनिम्न काचखण्ड का चश्मा लगावें तो उनको पदार्थ आठ अङ्गुल की दूरी पर भी स्पष्ट देख पड़ेगा क्योंकि उस काचखण्ड से किरणें फैलकर चलती हैं ॥

परन्तु ऐसे थोड़ी दूर के देखनेवाले लोग इस ध्यान पर सन्तोष कर सकते हैं कि जब वृद्धता के कारण और लोगों की दृष्टि मन्द होगी तो हमारी दृष्टि कदाचित तीक्ष्ण होने लगेगी क्योंकि उस अवस्था में उनकी आंख का द्रवपदार्थमय बिन्दु चिपटा हो जाता है ॥

कोई २ पदार्थ वस्तुत छोटे नहीं हैं परन्तु दूरी के कारण से छोटे समझ पड़ते हैं। उनको स्पष्ट देखने के लिए हम लोग दूरदर्शक यन्त्र लगाते हैं ॥

साधारण दूरदर्शक यन्त्र का स्वरूप यह है कि एक चोगे के अन्त में एक मध्योन्नत काचखण्ड लगा रहता है कि जिस से दूरस्थ पदार्थ से आगत किरणें सिकुड़ती हैं। परन्तु वे किरणें नियत बिन्दु में संयुक्त होने के पूर्व एक मध्यनिम्न काचखण्ड पर पड़ती हैं कि जिस से वे इतना फैलकर चलती हैं कि जो स्पष्ट देखने के लिए आवश्यक है। ऐसा होने पर दूरस्थ वस्तु प्रवृद्ध देख पड़ती है और यह भी समझ पड़ता कि मानो निकट चली आई ॥

श्वेत तेज की किरण में जगत के सारे रंग पाए जाते हैं ॥ ८० ॥

जल से भरे हुए स्वच्छ काचपात्र को हाथ में लेकर अपने माथे से ऊंचा उठाओ अथवा अंधेरी कोठरी के भीतर किसी स्थान में रखो कि जहां सूर्य की किरण आकर उस पर पड़े और तब उस पात्र और सूर्य के मध्य में खड़े होकर देखो तो जै प्रकार के रंग मेघधनुष में देख पड़ते हैं सो सब उस काचपात्र में देख पड़ेंगे। उस पात्र को क्रम २ से ऊपर उठाओ वा नीचे करो जब तक कि कोई एक रंगीन किरण न देख पड़े। और जब रंगीन किरण देख पड़े तो पात्र को फिर ऊपर नीचे करो तो दूसरे रंग की

किरणें भी क्रम २ से देख पड़ेंगी । जो पूछो कि इतने प्रकार के रंग स्वच्छ जल में कहां से टूट पड़ते हैं तो इसका उत्तर यह है कि ये सब रंगवाली किरणें श्वेत तेज की एक जोति में रहती हैं । चाहिए कि हम इस पर कुछ अधिक व्याख्या करें ॥

पीछे यह कहा गया है कि परप्रकाश पदार्थ उन किरणों के द्वारा देख पड़ते हैं जो उन से परावृत्त होते हैं । परन्तु सब पदार्थ प्रत्येक किरणों को नहीं परावृत्त करते हैं । जिस पदार्थ से सम्पूर्ण किरणें परावृत्त होती हैं सो श्वेत समझ पड़ता है । और जिस से कोई किरण नहीं परावृत्त होती सो काला ज्ञात होता है ॥

जब किसी पदार्थ से किरणें परावृत्त होती हैं तो उनके साथ उनकी उष्णता भी परावृत्त होती है । और जब किसी पदार्थ में किरणें प्रवेश करती हैं तो उनके साथ उनकी उष्णता भी प्रवेश करती है । इसी लिए घाम में काले रंग का वस्त्र जो कि किरणों को पी जाता उष्ण होता है और श्वेत रंग का वस्त्र जो कि उनको परावृत्त करता है ठंढा होता है । इसी कारण से काला वस्त्र दाहककाच के सम्मुख रखने से झट जल जाता है परन्तु श्वेत वस्त्र वैसा शीघ्र नहीं जलता ॥

जिस पदार्थ से लाल किरणें परावृत्त होती हैं सो लाल देख पड़ता है और जिस से पीली किरणें परावृत्त होती हैं सो पीला देख पड़ता है । इस प्रकार से सर्वत्र जानो ॥

श्वेत तेज में रहनेहारी रंगीन किरणों का वक्र होना समान नहीं है । नीली किरण पीली की अपेक्षा अधिक वक्र होने के योग्य है और पीली किरण लाल की अपेक्षा अधिक वक्र होने के योग्य है । यह बात एक त्रिकोण घन काचखण्ड के द्वारा स्पष्ट होती है ॥

किसी त्रिकोण घन काचखण्ड को अंधेरी कोठरी में ऐसे स्थान में रखो कि जहां एक छोटे छेद से आगत किरण उस पर पड़े तो वही किरण जो कि पहिले सामने की भीत पर श्वेत देख पड़ती थी मेघधनुष के सारे रंगों को प्रकाशित करेगी । इस त्रिकोण काचखण्ड में किरणें पड़ने के समय जिस दिशा में वक्र होती हैं निकसने के समय भी उसी दिशा में वक्र

होती हैं जैसा कि मध्योन्नत काचखण्ड में होता है। और जो कारण वहां है सो ई यहां भी है। परन्तु इस काचखण्ड के पार्श्व चिपटे होने से वे किरणें एक बिन्दु में नहीं संयुक्त होतीं॥

यदि उक्त काचखण्ड के द्वारा भिन्न किई हुई किरणों को मध्योन्नत काचखण्ड पर डालें तो वे सब नियत बिन्दु पर संयुक्त होंगी और वहां वैसी ही श्वेत देख पड़ेंगी जैसा कि वक्र होने के पूर्व देख पड़ती थीं। इस प्रकार से हम लोग श्वेत तेज की किरण को टूक २ करके फिर इकट्ठा कर सकते हैं॥

सूर्य कुहास के बीच से देखने से और कभी कभी उदयकाल वा अस्त-काल में रक्त वर्ण का दिखाई देता है। इसका कारण यह है कि लाल किरणें और किरणों की अपेक्षा अल्प वक्र होने योग्य होती हैं। और इसी से केवल वे ई रक्त किरणें हमारी आंख पर पहुंचती हैं॥

उक्त काचखण्ड से जो २ रंग देख पड़ते हैं सो सब मेघधनुष में भी देख पड़ते हैं। यह मेघधनुष मेघ के बून्दों में से सूर्यकिरणों के वक्रित होने से बनता है। क्योंकि प्रत्येक जलबून्द इस त्रिकोण घन काचखण्ड के सदृश सूर्यकिरणों को भिन्न २ करते हैं॥

जो २ मेघ के जलबून्द आंख से समान कोण पर स्थित हैं उन सभों से एक ही रंग प्राप्त होता है। और जो २ बून्दें आंख से समानकोणक्रान्त अन्तर पर हैं उन सभों की स्थिति गोलाकार होनी चाहिए। इस लिए मेघधनुष जिसका हम केवल एक खण्ड देखते हैं अवश्य गोलाकार होगा॥

पदार्थों की गति और बलकार्य और तेज आदिकों का प्रसरण नियत रेखा और नियत अवकाश में होते हैं। इस लिए उन रेखा और उन अवकाशों के धर्म उन सिद्धान्तों का मुख्य भाग है जो कि सिद्धान्त इन्हीं पदार्थों पर लगते हैं। और गति बल आदि और काल ये सब गणनीय परिमाण-विशिष्ट पदार्थ हैं और सङ्ख्या के धर्म इनके विषय में भी घटते हैं जैसा कि और सब पदार्थों में लगते हैं। सङ्ख्या और परिमाण का कथन हम अगले अध्याय में किया चाहते हैं। इस लिए इस अध्याय को यहां ही समाप्त करते हैं॥

दूसरा अध्याय समाप्त हुआ॥

जब यह बिजली किसी नरम लोहे में प्रवेश करती है तो वह लोहा चुम्बक हो जाता है ॥

तेज में गुरुत्व नहीं है ॥

देखने में तेज की आवश्यकता है। इस विषय का वर्णन जिस शास्त्र में किया गया है उसका निदर्शन हम आगे करते हैं ॥

तेरहवां प्रकरण ॥

अथ दर्शनशास्त्र ॥

दर्शनशास्त्र में पदार्थों का तीन विभाग किया है स्वप्रकाश परप्रकाश और पारदर्शक। स्वप्रकाश उस वस्तु को कहते हैं जो केवल अपने तेज से प्रकाशित होती है जैसे सूर्य दीप इत्यादि। यद्यपि स्वच्छ धातु भी चमकती है पर वह स्वप्रकाश नहीं है क्योंकि यदि उस पर किसी स्वप्रकाश पदार्थ का तेज न पड़े तो वह प्रकाशरहित रहती है। इस लिए धातु का अन्तर्भाव उन परप्रकाश पदार्थों में समझना जो कि न स्वप्रकाश और न पारदर्शक हैं। पारदर्शक उन वस्तुओं को कहते हैं जिनके भीतर से तेज पार हो जाता है जैसे काच पानी इत्यादि। ऐसे पदार्थों को कहीं कहीं मध्यस्थ भी कहते हैं ॥

तेज स्वप्रकाश पदार्थ से निकसकर चारों ओर सीधी रेखा में फैलता है ॥ ७६ ॥

जब तेज की किरणें किसी परप्रकाश पदार्थ पर पड़ती हैं तो वे रुक जाती हैं और उस पदार्थ के पीछे अंधेरा हो जाता है। और यह अन्धकार जब किसी भीत इत्यादि पदार्थ पर पड़ता है तो उस से छाया बनती है ॥

छाया बहुधा अत्यन्त काली नहीं होती। इसका कारण यह है कि जिस स्थान पै छाया पड़ती है प्राय उस स्थान में और पदार्थों के तेज भी आकर गिरते हैं और उन तेजों से छाया फीकी हो जाती है। जैसा कि जब दो दीपक बारकर किसी घट को प्रकाशित करते हैं तो उस घड़े की दो छाया पड़ती हैं और जब एक दीपक को बुझा देते हैं तो एक छाया अधिक घन और स्पष्ट होती है। पर तौ भी अत्यन्त काली नहीं होती क्योंकि गृह की भीत से और आसपास के पदार्थों से परावृत्त तेज उसको प्रकाशित करते हैं॥

जहां कि स्वप्रकाश पदार्थ परप्रकाश पदार्थ की अपेक्षा बड़ा होता है वहां छाया उत्तरोत्तर पतली होकर नष्ट हो जाती है। जब कि सूर्यग्रहण का आकार कङ्कण के सदृश होता है तो चन्द्र की छाया पृथ्वी पर पहुँचने के पहिले नष्ट हो जाती है॥

और जहां कि स्वप्रकाश पदार्थ परप्रकाश पदार्थ की अपेक्षा छोटा है वहां परप्रकाश पदार्थ की छाया उस पदार्थ से जितनी दूर होगी उतनी बड़ी होगी। इस प्रकार से मनुष्य की छाया भीत पर बीस हाथ से अधिक लम्बी पड़ सकती है॥

तेज बड़े वेग से चलता है॥ ७७॥

सूर्य के तेज को पृथ्वी तक पहुंचने में बीस पल लगते हैं। इस लिए जब किरण हम तक पहुंचती हैं उस समय सूर्य उस स्थान को छोड़ दिए रहता है कि जहां से उसकी किरणें चलती हैं। पर तौ भी हम सूर्य को उन्हीं किरणों की सूत पर अर्थात उसी स्थान में देखते हैं कि जिसको वह बीस पल पहिले त्याग दिए रहता है॥

तेज के गमन का नियम वक्ष्यमाण प्रकार से ज्ञात हुआ है। ऊपर कहा गया है कि बृहस्पति के साथ चार चन्द्र हैं और उन में बार बार ग्रहण लगते हैं। जब बृहस्पति और सूर्य के मध्य में पृथ्वी आती है तब सूर्य की अपेक्षा पृथ्वी बृहस्पति के अधिक निकट रहती है और जब सूर्य दोनों के मध्य में आता है तो पृथ्वी पूर्व दूरी की अपेक्षा बृहस्पति से अपनी कक्षा के

व्यास के अन्तर पर हो जाती है। जब बृहस्पति पृथ्वी के पास रहता है उस समय उसके चन्द्रों के ग्रहण का काल निर्णय करके गणक लोगों ने उसी के अनुसार उन चन्द्रों के भविष्य ग्रहणों का काल निर्णय किया। परन्तु यह जाना गया कि जब वह ग्रह अत्यन्त अन्तर पर था तब उसके चन्द्रों का ग्रहण निर्णीत काल से चालीस पल के अनन्तर देख पड़ा। इस से यह ठहराया गया कि तेज को पृथ्वी की कक्षा लांघने में चालीस पल लगता है। और इस सिद्धान्त से तेज की गति का निर्णय यों हुआ। पृथ्वी से सूर्य की दूरी चार करोड़ पचास लाख कोस है। इस लिए जब बृहस्पति अपनी अत्यन्त दूरी पर रहता है तो अपने अत्यन्त न्यून अन्तर की अपेक्षा नौ करोड़ कोस अधिक दूर रहता है। तेज को इतनी दूर चलने में चालीस पल लगते हैं। तो भाग देने से ज्ञात हुआ कि तेज की गति एक अक्षुपाद में लाख कोस के लगभग होती है॥

जब तेज की किरणें किसी परप्रकाश पदार्थ पर पड़ती हैं तो वे वहां से बहुत करके लौटती हैं जैसे स्थितिस्थापकविशिष्ट गेंद भीत पर लगके लौटती है॥ ७८॥

यहां भी परावर्तनकोण पतनकोण के समान होता है। यदि किसी अंधेरे घर में सूर्य की किरण को एक छोटे छिद्र में से लाकर किसी धातुमय दर्पण के पेट में लम्बरूप गिराओ तो केवल एक किरण दिखाई देगी क्योंकि यद्यपि उस किरण में पतित किरण और परावृत्त किरण के आने जाने की दिशा विरुद्ध हैं तो भी पथ एक है। और यदि उस दर्पण को ऐसे स्थापित करो कि सूर्य की किरणें उस पर टेढ़ी पड़ें तो लम्बरेखा की दूसरी ओर से इस भांति परावृत्त होंगी कि परावर्तनकोण पतितकोण के समान होगा॥

परप्रकाश पदार्थों का दर्शन केवल उन से परावृत्त किरणों के द्वारा होता है। और स्वप्रकाश पदार्थों की किरणें साक्षात आकर हमारी आंख पर पड़ती हैं। परन्तु जो किरणें स्वप्रकाश पदार्थ से निकसकर दूसरे पदार्थ पर पड़ती हैं उन किरणों को हम साक्षात नहीं देखते किन्तु जब उन वस्तुओं से लौटकर हमारी आंख में आती हैं तब देख पड़ती हैं। जिस किरण के विषय में हम ने ऊपर लिखा है कि दर्पण पर पड़के परावृत्त होती है सो किरण केवल उस तेज के द्वारा दिखाई दे सकती है जो तेज वायु के रजकणों से परावृत्त होकर आंख पर पहुंचता है जिन रजकणों पर वह किरण दर्पण पर आने और उस से लौटने के समय पड़ती है॥

जब तेज एक पारदर्शक वस्तु में होकर दूसरे पारदर्शक पदार्थ में प्रवेश करता है तो उसका पथ पलट जाता है॥ ७६॥

इसी कारण से जब कोई छड़ी एक अङ्ग से पानी में सीधी डुबोई जाती है तो छोटी देख पड़ती है और जब टेढ़ी डुबोई जाती है तो पानी में जितनी डूबी रहती है उतनी पानी के पृष्ठ से टूटी ऐसी समझ पड़ती है॥

इस से यह समझ पड़ता है कि जब कोई किरण वायु में होकर जल में प्रवेश करती है तो जल उसे अधिक आकर्षण करता है। यदि वह किरण पानी के पृष्ठ पर लम्बरूप से गिरे तो पानी उसे सीधे पथ से आकर्षण करेगा। परन्तु जो टेढ़ी गिरे तो पानी उसे टेढ़ा खींचेगा और लम्बरेखा के निकट करेगा। अर्थात जल के पृष्ठ पर जहां उस किरण का सम्पात होगा उस बिन्दु से जो एक लम्बरेखा पानी के भीतर कल्पना की जाय तो वह किरण टेढ़ी होकर उस रेखा के निकट होगी अपनी सूध पर न चली जायगी॥

जब किरण किसी घन पारदर्शक में होकर पतले पारदर्शक में प्रवेश करती है तो उक्त नियम के विपरीत होता है। अर्थात यह किरण लम्ब-रेखा की विरुद्ध दिशा में टेढ़ी होकर चलती है॥

इस बात का निश्चय करने को एक छिछिले पात्र में कोई रुपैया इस प्रकार से रखो कि जो किरण सूर्य से अथवा किसी दीपक से आकर उस पर पड़े सो पात्र की बारी से रुक जाय कि जिस से रुपैया देख न पड़े। फिर उस पात्र को जल से भरो तो किरण के नीचे वक्र होने से वह रुपैया दृष्ट होगा॥

फिर उस पात्र से पानी को निकालकर उस रिक्त पात्र में रुपैया डालकर इतनी दूर पीछे हटो कि रुपैया पात्र की बारी से छिप जाय। और तब उस पात्र को फिर पानी से भरो तो रुपैया फिर से दृष्ट होगा। क्योंकि जो किरणें रुपैए से परावृत्त होकर पात्र की बारी से न रुककर पहिले आंख के ऊपर चली जाती थीं सो अब नीचे की ओर वक्रीकृत होकर आंख में पैठेंगी॥

इसी कारण से जिस नदी वा झील का पानी अत्यन्त निर्मल होता है उसका तल वास्तविक अवस्था से अधिक ऊंचा समझ पड़ता है। अज्ञानी बालक जो तैरने नहीं जानते वे ऐसे स्थानों में स्नान के लिए पैठकर कभी कभी डूब जाते हैं क्योंकि उनको यह नहीं ज्ञात होता कि यहां बहुत गहरा है॥

जब सूर्य वा कोई तारा क्षितिज के समीप रहता है उस समय जो किरणें उस से आती हैं सो वायु में प्रवेश करके नीचे की ओर वक्र होती हैं। इस कारण से उस अवस्था में सूर्य आदि दिव्य पदार्थ वस्तुत जिस स्थान में रहते हैं उसकी अपेक्षा कुछ ऊंचे ज्ञात होते हैं। क्योंकि हम लोग किसी वस्तु को उसी दिशा में देखते ही हैं कि जिधर से आकर किरणें आंख में प्रवेश करती हैं॥

जो पदार्थ खस्वस्तिक में अर्थात हम लोगों के मस्तक की सूध पर रहते हैं उन से आगत किरणें वक्र नहीं होतीं। सब से अधिक किरणों का वक्र होना क्षितिज पर है। और ज्यों २ पदार्थ खस्वस्तिक के निकट आते हैं त्यों २ किरण की वक्रता न्यून होती है। इस कारण से सूर्य के उगने के समय उसके ऊपरी भाग की अपेक्षा निचले भाग की किरणें

अधिक वक्र होती हैं। और जब वायु आर्द्र रहती है कि जिस से किरण की वक्रता अधिक होती है तो सूर्य का आकार कुछ अण्डे के सदृश दृष्ट आता है॥

जोतिषशास्त्रसम्बन्धी ग्रहवेध में इस वक्रता के लिए कुछ संस्कार करना पड़ता है। क्षितिज से लेकर जहां कि किरण की वक्रता सब से अधिक है खस्वस्तिक तक जहां कि उसका अभाव हो जाता है सब अंशों की सारणी बनाई गई है। और यह सारणी जोतिषशास्त्रीय ग्रन्थों में लिखी है॥

जब काच के एक शिलाखण्ड पर कोई किरण टेढ़ी पड़के उस में से जाती है तो उसका वक्रीभवन दो बार होता है। जब किरण वायुरूपी विरल पदार्थ से काचरूपी गभ्भिन पदार्थ में प्रवेश करती है तो उस काचशिलाखण्ड के पृष्ठ से जो भीतर लम्ब होता है उसकी दिशा में वक्र होती है। और जब काचरूपी घन पदार्थ से वायुरूपी विरल पदार्थ में प्रवेश करती है तो जो लम्ब उस काचशिलाखण्ड के दूसरे पृष्ठ से वायु में होता है उस लम्ब से दूर जाती है। और यह किरण दो स्थानों में विपरीत दिशा में वक्र होती है। इस से फल में प्राय वैसी ही होती है जैसा कि वक्रता न हुई॥

परन्तु यह बात तभी होती है जब किरण को वक्रकरनेहारे पदार्थ के दोनों पृष्ठ आपस में समानान्तर होते हैं। और यदि समानान्तर न हों तो किरणें दोनों स्थानों में एक ही दिशा में वक्र हो सकती हैं। जब कि समानान्तर किरणें किसी उभयपृष्ठ मध्योन्नत काचखण्ड के पृष्ठ पर पड़ती हैं तो उन में से जो किरण उस काचखण्ड की अक्षरेखा की सुध पर गिरती है सो ई उसके पृष्ठ पर लम्बरूप होती है। अक्षरेखा उस रेखा को कहते हैं जो किसी पदार्थ के भीतर उसके केन्द्र को स्पर्श करके उसके दोनों पृष्ठों पर लम्बरूप होती है। और इतर सब किरणें जो कि पृष्ठ पर टेढ़ी पड़ती हैं उसी लम्बरेखा की ओर परावृत्त होती हैं। और जब किरणें उक्त काचखण्ड के दूसरे पृष्ठ से निकलती हैं तो लम्ब रेखा से दूर गिरने के कारण टेढ़ी होकर अक्षरेखा की ओर फिर झुकती हैं। और इस कारण से अन्त में सब किरणें उस काचखण्ड के इस पृष्ठ के पीछे एक बिन्दु पर संयुक्त होती हैं।

इस बिन्दु को नियत बिन्दु कहते हैं। यह बिन्दु अनुमान में उस चापाकार काचखण्ड के गोल के व्यासार्ध की दूरी पर रहता है॥

मध्योन्नत काचखण्ड के द्वारा सूर्य की किरणों को एक नियत बिन्दु पर इकट्ठा कर सकते हैं। और जब यह काचखण्ड इस काम में लगाया जाता है तो उसे दाहककाच बोलते हैं। क्योंकि यदि कोई काग़ज़ का टुकड़ा उसके नियत बिन्दु पर रखा जाय तो वह जल जाता है॥

और मध्योन्नत काचखण्ड स्थूलदर्शक यन्त्र भी है। अर्थात उसके द्वारा सूक्ष्म पदार्थ बड़ा देख पड़ता है॥

इसका कारण हम आगे लिखते हैं। जब पदार्थ आंख से दूर रहता है तब छोटा समझ पड़ता है और जब आंख के निकट आता है तब बड़ा ज्ञात होता है। एक छोटा पदार्थ सुरचित आंख से आठ अङ्गुल की दूरी पर स्पष्ट देख पड़ता है। और यदि वही पदार्थ अधिक निकट ले आया जाय तो बड़ा समझ पड़ेगा परन्तु उतना स्पष्ट नहीं। इस बात की परीक्षा के लिए किसी पुस्तक को पहिले आठ अङ्गुल की दूरी पर से देखो फिर उसको आंख के अधिक निकट से देखो तो इस बात का निश्चय होगा॥

निकट ले आने से जो अस्पष्टता होती है इसका कारण यह है कि आंख के अग्र भाग में मध्योन्नत काचखण्ड के सदृश एक द्रव बिन्दु रहता है और उस में किरणों को वक्र करने की ऐसी शक्ति है कि यदि आठ अङ्गुल की दूरी पर रहनेहारे पदार्थ से आगत किरणें उस पर पड़ें तो वे किरणें उस द्रव बिन्दु के पीछे रहनेहारे चित्रपट पर नियत बिन्दु में संयुक्त होती हैं। और वहां किरणों के मिलित होने से वह वस्तु स्पष्ट दिखाई देती है। परन्तु यदि किरणें और निकट से आवें तो इस प्रकार से वक्र नहीं होतीं कि उनका संयोग चित्रपट पर नियत बिन्दु में हो और इसी कारण से वस्तु स्पष्ट नहीं देख पड़ती॥

जब लोग बूढ़े हो जाते हैं तो उनके नेत्र का द्रवपदार्थमय बिन्दु जो कि मध्योन्नत काचखण्ड की नाईं है घट जाता है और इसी कारण से उनको पुस्तक के अक्षर आठ अङ्गुल की दूरी पर स्पष्ट नहीं देख पड़ते। परन्तु यदि हाथ-भर की दूरी पर पुस्तक को रखें तो उसके अक्षर स्पष्ट देख पड़ते हैं॥

यह जो आंख का दोष है सो मध्योन्नत काचखण्ड का चश्मा लगाने से कथञ्चित दूर हो सकता है। क्योंकि यह काचखण्ड उन किरणों को जो कि किसी पदार्थ से आकर उस पर पड़ती हैं नेत्र में पहुंचने के पूर्व इस प्रकार से सिकोड़ता है कि आंख का द्रवपदार्थमय बिन्दु स्पष्ट देखने के लिए अवशेष कार्य कर लेता है अर्थात उन किरणों को चित्रपत्र पर नियत बिन्दु में संयुक्त कर देता है॥

किसी ऐसे मध्योन्नत काचखण्ड को जो कि किरणों को अत्यन्त वक्र करता है किसी सूक्ष्म पदार्थ और नेत्र के बीच में रखने से वह पदार्थ नेत्र के पास ले आने पर स्पष्ट देख पड़ता है और कुछ बड़ा भी ज्ञात होता है। ऐसे काचखण्ड को स्थूलदर्शक यन्त्र कहते हैं॥

धातु के एक पत्र में छोटा सा गोलाकार छेद करके उस पर एक बून्द पानी डालो तो वह पानी उस धातुपत्र के दोनों ओर गोलरूप हो जायगा। और इस से स्थूलदर्शक यन्त्र का काम सिद्ध होगा। अर्थात उस में से देखने से सूक्ष्म वस्तु बड़ी देख पड़ेगी॥

किसी अंधेरी कोठरी की खिड़की के पट में एक छेद करके उस में मध्योन्नत काचखण्ड जड़के उसके पीछे उस कोठरी में काग़ज़ का एक पत्र उचित दूरी पर रखो तो उस काग़ज़ के पत्र पर बाहर के वृक्ष गृह चलते हुए मनुष्य इत्यादि पदार्थ प्रतिबिम्बित होंगे। इस प्रकार की व्यवस्था आंख में भी है। सो हम आगे दिखलावेंगे॥

जो व्यापार मध्योन्नत काचखण्ड से होता है उसका ठीक विरुद्ध व्यापार मध्यनिम्न काचखण्ड से सिद्ध होता है। जब मध्यनिम्न काचखण्ड के भीतर से किसी वस्तु को देखते हैं तो सूक्ष्म देख पड़ती है॥

कितने एक तरुण पुरुषों की आंख के द्रवपदार्थमय बिन्दु का मध्य ऐसा उन्नत रहता है कि किरणें चित्रपत्र पर पहुंचने के पूर्व नियत बिन्दु में संयुक्त हो जाती हैं। फिर वहां से अपनी २ रेखा में चलकर चित्रपत्र पर पृथक २ पहुंचती हैं और इसी कारण से चित्रपत्र पर स्पष्ट प्रतिबिम्ब नहीं पड़ता ऐसे लोग केवल बहुत निकट से वस्तु को स्पष्ट देख सकते हैं॥

यदि ऐसे निकटदर्शी लोग मध्यनिम्न काचखण्ड का चश्मा लगावें तो उनको पदार्थ आठ अङ्गुल की दूरी पर भी स्पष्ट देख पड़ेगा क्योंकि उस काचखण्ड से किरणें फैलकर चलती हैं ॥

परन्तु ऐसे थोड़ी दूर के देखनेवाले लोग इस ध्यान पर सन्तोष कर सकते हैं कि जब वृद्धता के कारण और लोगों की दृष्टि मन्द होगी तो हमारी दृष्टि कदाचित तीक्ष्ण होने लगेगी क्योंकि उस अवस्था में उनकी आंख का द्रवपदार्थमय बिन्दु चिपटा हो जाता है ॥

कोई २ पदार्थ वस्तुत छोटे नहीं हैं परन्तु दूरी के कारण से छोटे समझ पड़ते हैं। उनको स्पष्ट देखने के लिए हम लोग दूरदर्शक यन्त्र लगाते हैं ॥

साधारण दूरदर्शक यन्त्र का स्वरूप यह है कि एक चोंगे के अन्त में एक मध्योन्नत काचखण्ड लगा रहता है कि जिस से दूरस्थ पदार्थ से आगत किरणें सिकुड़ती हैं। परन्तु वे किरणें नियत बिन्दु में संयुक्त होने के पूर्व एक मध्यनिम्न काचखण्ड पर पड़ती हैं कि जिस से वे इतना फैलकर चलती हैं कि जो स्पष्ट देखने के लिए आवश्यक है। ऐसा होने पर दूरस्थ वस्तु प्रवृद्ध देख पड़ती है और यह भी समझ पड़ता कि मानो निकट चली आई ॥

श्वेत तेज की किरण में जगत के सारे रंग पाए जाते हैं ॥ ८० ॥

जल से भरे हुए स्वच्छ काचपात्र को हाथ में लेकर अपने माथे से ऊंचा उठाओ अथवा अंधेरी कोठरी के भीतर किसी स्थान में रखो कि जहां सूर्य की किरण आकर उस पर पड़े और तब उस पात्र और सूर्य के मध्य में खड़े होकर देखो तो जो प्रकार के रंग मेघधनुष में देख पड़ते हैं सो सब उस काचपात्र में देख पड़ेंगे। उस पात्र को क्रम २ से ऊपर उठाओ वा नीचे करो जब तक कि कोई एक रंगीन किरण न देख पड़े। और जब रंगीन किरण देख पड़े तो पात्र को फिर ऊपर नीचे करो तो दूसरे रंग की

किरणें भी क्रम २ से देख पड़ेंगी । जो पूछो कि इतने प्रकार के रंग स्वच्छ जल में कहां से दृष्ट पड़ते हैं तो इसका उत्तर यह है कि ये सब रंगवाली किरणें श्वेत तेज की एक जोति में रहती हैं । चाहिए कि हम इस पर कुछ अधिक व्याख्या करें ॥

पीछे यह कहा गया है कि परप्रकाश्य पदार्थ उन किरणों के द्वारा देख पड़ते हैं जो उन से परावृत्त होते हैं । परन्तु सब पदार्थ प्रत्येक किरणों को नहीं परावृत्त करते हैं । जिस पदार्थ से सम्पूर्ण किरणें परावृत्त होती हैं सो श्वेत समझ पड़ता है । और जिस से कोई किरण नहीं परावृत्त होती सो काला ज्ञात होता है ॥

जब किसी पदार्थ से किरणें परावृत्त होती हैं तो उनके साथ उनकी उष्णता भी परावृत्त होती है । और जब किसी पदार्थ में किरणें प्रवेश करती हैं तो उनके साथ उनकी उष्णता भी प्रवेश करती है । इसी लिए घाम में काले रंग का वस्त्र जो कि किरणों को पी जाता उष्ण होता है और श्वेत रंग का वस्त्र जो कि उनको परावृत्त करता है ठंढा होता है । इसी कारण से काला वस्त्र दाहककाच के सम्मुख रखने से झट जल जाता है परन्तु श्वेत वस्त्र वैसा शीघ्र नहीं जलता ॥

जिस पदार्थ से लाल किरणें परावृत्त होती हैं सो लाल देख पड़ता है और जिस से पीली किरणें परावृत्त होती हैं सो पीला देख पड़ता है । इस प्रकार से सर्वत्र जानो ॥

श्वेत तेज में रहनेहारी रंगीन किरणों का वक्र होना समान नहीं है । नीली किरण पीली की अपेक्षा अधिक वक्र होने के योग्य है और पीली किरण लाल की अपेक्षा अधिक वक्र होने के योग्य है । यह बात एक त्रिकोण घन काचखण्ड के द्वारा स्पष्ट होती है ॥

किसी त्रिकोण घन काचखण्ड को अंधेरी कोठरी में ऐसे स्थान में रखो कि जहां एक छोटे छेद से आगत किरण उस पर पड़े तो वही किरण जो कि पहिले सामने की भीत पर श्वेत देख पड़ती थी मेघधनुष के सारे रंगों को प्रकाशित करेगी । इस त्रिकोण काचखण्ड में किरणें पड़ने के समय जिस दिशा में वक्र होती हैं निकसने के समय भी उसी दिशा में वक्र

होती हैं जैसा कि मध्योन्नत काचखण्ड में होता है। और जो कारण वहां है सो ई यहां भी है। परन्तु इस काचखण्ड के पार्श्व चिपटे होने से वे किरणें एक बिन्दु में नहीं संयुक्त होतीं॥

यदि उक्त काचखण्ड के द्वारा भिन्न किई हुई किरणों को मध्योन्नत काचखण्ड पर डालें तो वे सब नियत बिन्दु पर संयुक्त होंगी और वहां वैसी ही श्वेत देख पड़ेंगी जैसा कि वक्र होने के पूर्व देख पड़ती थीं। इस प्रकार से हम लोग श्वेत तेज की किरण को टूक २ करके फिर इकट्ठा कर सकते हैं॥

सूर्य कुहास के बीच से देखने से और कभी कभी उदयकाल वा अस्त-काल में रक्त वर्ण का दिखाई देता है। इसका कारण यह है कि लाल किरणें और किरणों की अपेक्षा अल्प वक्र होने योग्य होती हैं। और इसी से केवल वे ई रक्त किरणें हमारी आंख पर पहुंचती हैं॥

उक्त काचखण्ड से जो २ रंग देख पड़ते हैं सो सब मेघधनुष में भी देख पड़ते हैं। यह मेघधनुष मेघ के बून्दों में से सूर्यकिरणों के वक्रित होने से बनता है। क्योंकि प्रत्येक जलबून्द इस त्रिकोण घन काचखण्ड के सदृश सूर्यकिरणों को भिन्न २ करते हैं॥

जो २ मेघ के जलबून्द आंख से समान कोण पर स्थित हैं उन सभों से एक ही रंग प्राप्त होता है। और जो २ बून्दें आंख से समानकोणक्रान्त अन्तर पर हैं उन सभों की स्थिति गोलाकार होनी चाहिए। इस लिए मेघधनुष जिसका हम केवल एक खण्ड देखते हैं अवश्य गोलाकार होगा॥

पदार्थों की गति और बलकार्य और तेज आदिकों का प्रसरण नियत रेखा और नियत अवकाश में होते हैं। इस लिए उन रेखा और उन अवकाशों के धर्म उन सिद्धान्तों का मुख्य भाग है जो कि सिद्धान्त इन्हीं पदार्थों पर लगते हैं। और गति बल आदि और काल ये सब गणनीय परिमाण-विशिष्ट पदार्थ हैं और संख्या के धर्म इनके विषय में भी घटते हैं जैसा कि और सब पदार्थों में लगते हैं। संख्या और परिमाण का कथन हम अगले अध्याय में किया चाहते हैं। इस लिए इस अध्याय को यहां ही समाप्त करते हैं॥

दूसरा अध्याय समाप्त हुआ॥